सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:47

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.5 न्यू | 21.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77044.29 |
| निफ्टी | 23437.20 |
| सोना 94,579 | चांदी 96,575 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 17 अप्रैल 2025 | 5 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 108, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मुंबई-हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर रहेगी निगाह

पृष्ठ 14 पर

**आज का मैच**

मुंबई इंडियंस vs सनराइजर्स हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (वानखेड़े)

## न्यूज शॉर्ट्स

### 35 दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) वाली 35 दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है। बिना अनुमति के बिक रही इन दवाओं का लोगों की सेहत पर गलत प्रभाव पड़ने के मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया है। शीर्ष औषधि नियामक संस्था ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को पत्र लिखकर गैर-अनुमोदित 35 निश्चित खुराक संयोजन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसमें दर्द निवारक, पोषण संबंधी और मधुमेह रोधी दवाएं शामिल हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 21.78 करोड़ की कोकीन पकड़ी

**मुंबई।** राजस्व व सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 21.78 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन के साथ अफ्रीकी देश गिनी की एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला केन्या की राजधानी नैरोबी से यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी थी। मुंबई जोनल इकाई की टीम ने महिला यात्री को हवाई अड्डे पर रोका, तो उसके पास से 2,178 ग्राम कोकीन बरामद की गई।

### महादेव सट्टेबाजी मामले में ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में बुधवार को 'ईजमाईट्रिप' के निशांत पिट्टी के परिसरों सहित कई राज्यों में फिर से छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अहमदाबाद, इंदौर, जयपुर, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में स्थित परिसरों पर छापेमारी की गई। वहीं, ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच 'ईजमाईट्रिप' के संस्थापक और अध्यक्ष पिट्टी के परिसर पर भी छापेमारी की गई।

### सीईसी नियुक्ति कानून पर 14 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के कानून के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख तय की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने बुधवार को अधिवक्ता प्रशांत भूषण की ओर से मामले की तत्काल सुनवाई का आग्रह किए जाने के बाद यह तारीख तय की। नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से पेश अधिवक्ता भूषण ने कहा कि यह मुद्दा 2023 के संविधान पीठ के फैसले के तहत आता है।

## वक्फ कानून पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### केंद्र सरकार से पूछा- क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को हिस्सा बनाने को तैयार हैं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस वक्फ कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगा है। वहीं, कोर्ट ने वक्फ कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। इस पर एसजी ने कहा कि ऐसा नहीं लगना चाहिए कि हिंसा का इस्तेमाल दबाव डालने के लिए किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे। कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा कि क्या वह मुसलमानों को हिंदू धार्मिक ट्रस्टों का हिस्सा बनने की अनुमति देने को तैयार है। हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक,



कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं। वहीं, कानून के खिलाफ कपिल सिब्बल, राजीव धवन, अभिषेक मनु सिंघवी, सीयू सिंह दलीलें रख रहे हैं। इस मामले की आज 2 बजे सुनवाई होगी। अपीलकर्ताओं ने वक्फ बोर्ड बनाने, पुरानी वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन, बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम और विवादों के निपटारों को लेकर दलीलें दीं।

### 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदों को कैसे रजिस्टर करेंगे

**सुप्रीम** कोर्ट ने वक्फ बाई यूजर के प्रावधान पर भी सवाल किया। सीजेआई खन्ना ने कहा कि कई पुरानी मस्जिदें हैं। 14वीं और 16वीं शताब्दी की मस्जिदें हैं, जिनके पास रजिस्ट्रेशन सेल डीड नहीं होगी। सीजेआई ने केंद्र से पूछा कि ऐसी संपत्तियों को कैसे रजिस्टर करेंगे। इनके पास क्या दस्तावेज होंगे? ऐसे वक्फ को खारिज कर देने पर विवाद ज्यादा लंबा चलेगा। हम यह जानते हैं कि पुराने कानून का कुछ गलत इस्तेमाल हुआ, लेकिन कुछ वास्तविक वक्फ संपत्तियां हैं, जिनके इस्तेमाल के दौरान लंबे समय से वक्फ संपत्ति के तौर पर पहचान हुई। वक्फ बाई यूजर मान्य किया गया है, अगर आप इसे खत्म करते हैं, तो समस्या होगी।

**बोर्ड मेंबर्स में गैर-मुस्लिम :** सिब्बल ने कहा कि केवल मुस्लिम ही बोर्ड का हिस्सा हो सकते थे। अब हिंदू भी इसका हिस्सा होंगे। यह अधिकारों का हनन है। अनुच्छेद 26 कहता है कि सभी मेंबर्स मुस्लिम होंगे। यहां 22 में से 10 मुस्लिम हैं। अब कानून लागू होने के बाद से बिना वक्फ डीड के कोई वक्फ नहीं बनाया जा सकता है।

**सीजेआई जस्टिस खन्ना:** इसमें क्या समस्या है? जस्टिस कुमार ने कहा कि हमें उदाहरण दीजिए। क्या तिरुपति बोर्ड में भी गैर-हिंदू हैं।

### वक्फ का रजिस्ट्रेशन हमेशा अनिवार्य रहेगा

**जस्टिस** कुमार ने कहा कि हमें उदाहरण दीजिए। क्या तिरुपति बोर्ड में भी गैर हिंदू है। सीजेआई ने कहा कि हिंदुओं के दान कानून के मुताबिक, कोई भी बाहरी बोर्ड का हिस्सा नहीं हो सकता है। वक्फ प्रॉपर्टी है या नहीं है, इसका फैसला अदालत को क्यों नहीं करने देते। एसजी ने कहा कि वक्फ का रजिस्ट्रेशन हमेशा अनिवार्य रहेगा। 1995 के कानून में भी जरूरी था। सिब्बल कह रहे हैं कि मुतवल्ली को जेल जाना पड़ेगा, अगर वक्फ का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ तो वह जेल जाएगा।

## नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दायर करना समझ से परे: सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- भाजपा सरकार की कठपुतली बना ईडी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ईडी की आलोचना करते हुए कहा कि जिस मामले में उन्होंने आरोप पत्र दायर किया है, वह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड कांग्रेस के स्वामित्व वाला समाचार पत्र है और इसमें किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन या फिर भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रह गई है, जब चाहे किसी के खिलाफ कार्रवाई करवा लेती है। शिमला में ईडी दफ्तर के समक्ष प्रदर्शन के दौरान सीएम सुक्खू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा विपक्ष को निशाना बना रही है, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)



**कोई भी अनैतिक लेन-देन नहीं हुआ, न ही भ्रष्टाचार**

### सोनिया गांधी का अपमान नहीं होगा सहन

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सोनिया गांधी देश की प्रतिष्ठित नेता हैं और उनका अपमान सहन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ईडी ने 12 साल बाद नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे आरोप लगाकर गांधी परिवार को बदनाम करने की कोशिश की है और उसे कोई सफलता नहीं मिलेगी।

### राहुल की आवाज दबाने का प्रयास

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि राहुल गांधी देश के ज्वलंत मुद्दों जैसे बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ लोगों की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी बोलने की हिम्मत रखते हैं। यही कारण है कि केंद्र सरकार उनकी इस आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पद तक को त्यागकर पार्टी की सेवा करने को ज्यादा महत्व दिया है।

### ईडी की कार्रवाई निंदनीय

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि गांधी परिवार का देश की आजादी से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ईडी की इस कार्रवाई की निंदा करती है और कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ गांधी परिवार के साथ खड़ी है। निकट भविष्य में किसी भी बड़ी लड़ाई लड़ने के लिए वह एकजुट है और भाजपा को इसका मुंहतोड़ जवाब देते रहेंगे।

## हिमाचल में 20 मई को ट्रेड यूनियनें करेंगी हड़ताल

**शिमला।** केंद्र सरकार की श्रम, किसान और कर्मचारी विरोधी कथित नीतियों के खिलाफ ट्रेड यूनियनों ने 20 मई को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। हिमाचल में भी इस हड़ताल में सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनें भाग लेंगी। इसी क्रम में बुधवार को शिमला के कालीबाड़ी हॉल में राज्य स्तरीय अधिवेशन आयोजित कर यूनियनों ने आंदोलन की रुपरेखा तैयार की। हड़ताल की प्रमुख मांगों में केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए चार लेबर कोड्स को तुरंत प्रभाव से वापस लेना शामिल है। इसके अतिरिक्त पुरानी पेंशन बहाली, सभी आउटसोर्स और संविदा कर्मियों को नियमित करने, स्कीम वर्करों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने, रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए तय करने जैसी मांगें भी प्रमुख हैं। सीटू के राष्ट्रीय सचिव कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों और किसानों के खिलाफ निर्णय ले रही है।

### गैंगस्टर अमरीश राणा व साथियों पर रंगदारी का मामला दर्ज

**गगरेट।** नेक चाल-चलन का हवाला देकर प्रदेश सरकार की संस्तुति पर उम्रकैद की सजा माफ करवा जेल से बाहर आए कुख्यात गैंगस्टर रहे अमरीश राणा का नाम अब माइनिंग विवाद से जुड़ा है। विकास खंड गगरेट के गुगलैहड़ गांव में स्थित ठाकुर स्टोन क्रशर के संचालकों ने उनके क्रशर के ड्राइवरों को धमकाने व जेसीबी व टिप्पर में कोई पदार्थ डालकर उन्हें सीज कर देने के आरोप लगाकर अमरीश राणा व अन्य के खिलाफ गगरेट पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि पहले भी अमरीश राणा एक दो स्टोन क्रशर संचालकों को जबरन उगाही के लिए दवाब डाल चुका है और पैसे न देने की सूरत में जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गगरेट पुलिस थाने में ठाकुर स्टोन क्रशर गुगलैहड़ के मालिक कुंवर संदीप सिंह ने शिकायत में कहा कि 12 अप्रैल को अमरीश अपने साथियों के साथ सोमभद्रा नदी के तटबांध पर आया और माइनिंग कार्य में लगे कर्मचारियों को धमकाया। वहीं, विधायक राकेश कालिया ने कहा कि गगरेट क्षेत्र के शांत माहौल को खराब करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी।

## मंडी के डीसी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



**मंडी** में डीसी ऑफिस मंडी को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को अफरा-तफरी मच गई। इसके चलते डीसी एवं साथ लगते जिला कोर्ट परिसर को आनन-फानन में खाली करवाया गया।

वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों तरफ से गेट बंद करवाया और सील कर दिया। पुलिस ने बताया कि डीसी ऑफिस मंडी और कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की ई-मेल आई है। बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीम को मौके पर बुलाया गया है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि बम की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद परिसर को खाली करवाया गया। डीसी ऑफिस परिसर में जांच की गई है, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### जस्टिस बीआर गवई होंगे देश के 52वें चीफ जस्टिस

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस बीआर गवई के नाम की आधिकारिक सिफारिश की है। उन्होंने उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया है। इसके साथ ही जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई के भारत का 52वें मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है, मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम है।



## रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने दूसरे दिन 2 घंटे की पूछताछ, आज फिर बुलाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**गुरुग्राम** भूमि सौदे मामले में ईडी ने बुधवार को भी दूसरे दिन रॉबर्ट वाड्रा से दो घंटे पूछताछ की। वाड्रा के साथ उनकी पत्नी प्रियंका गांधी भी थीं। वहीं, वीरवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।



रॉबर्ट के ईडी कार्यालय के अंदर जाने से पहले दोनों गले मिले। मंगलवार को भी ईडी ने करीब पांच घंटे तक पूछताछ की थी। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत संघीय जांच एजेंसी ने उनके बयान दर्ज किए। वहीं, वाड्रा ने ईडी की कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया। उन्होंने कहा कि हमेशा ही जांच एजेंसियों के साथ सहयोग किया है और भारी संख्या में दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। पूछताछ से पहले वाड्रा ने कहा कि वह बहुत मजबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ दो इनामी नक्सली ढेर

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। दोनों पर 13 लाख रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किलम-बरगुम क्षेत्र के जंगल में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पूर्वी बस्तर डिवीजन के डिविजनल कमेटी सदस्य हलदर और एरिया कमेटी सदस्य रामे को ढेर कर दिया। हलदर पर आठ लाख रुपए और रामे पर पांच लाख रुपए का इनाम था। किलम-बरगुम क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार, विस्फोटक और नक्सली सामान बरामद किया है।

## पत्थर और झाड़ियां डालकर बंद किया मटौर-शिमला एनएच

### प्रशासन ने टीम भेजकर मार्ग को करवाया बहाल, राजनकांत बोले- मां के नाम दर्ज है जमीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**मटौर**-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगरोट के पास वर्षों से चल रहा जमीनी विवाद एक बार फिर गरमा गया है। बुधवार को स्थानीय निवासी राजनकांत ने अपनी मां के नाम दर्ज भूमि पर कथित कब्जे को लेकर विरोध जताते हुए सड़क पर पत्थर और झाड़ियां लगाकर एकतरफा मार्ग को बंद कर दिया। यह स्थिति सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक बनी रही, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई।

इससे पहले भी राजनकांत कई बार सड़क के बीचोंबीच खोखा लगाकर चाय बेच चुके हैं और प्रशासन के खिलाफ विरोध जताते रहे हैं। राजनकांत का दावा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग की जो भूमि वर्तमान में सड़क के रूप में उपयोग हो रही है, वह उनकी मां सीता देवी के नाम पर दर्ज है। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने मौके पर टीम भेजकर मार्ग को खुलवाया।



एसडीएम बिलासपुर अभिषेक गर्ग ने बताया कि राजमार्ग को पूरी तरह से बंद करने का अधिकार किसी को नहीं है।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और संबंधित भूमि के स्वामित्व को लेकर जो भी कानूनी निर्णय आएगा, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जनता की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मार्ग को खुला रखा गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### 2022 से जारी विवाद, दो बार हो चुकी निशानदेही

**वर्ष** 2022 से यह विवाद प्रशासन और राजनकांत परिवार के बीच जारी है। जनवरी, 2024 में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने दूसरी बार भूमि की निशानदेही करवाई थी। जांच में पाया गया कि विवादित भूमि की 17 बिस्वा जमीन सीता देवी के नाम पर दर्ज है, जिसकी रिपोर्ट तहसीलदार ने कोर्ट में प्रस्तुत कर दी है।

### कहा- हक लिए बिना नहीं हटूंगा पीछे

**राजनकांत** का कहना है कि हक लिए बिना पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें उनकी मां की जमीन पर कानूनी रूप से कब्जा नहीं दिया जाता, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। यदि गिरफ्तार भी किया जाता है, तो भी वे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे दोबारा सड़क के एक हिस्से को बंद करेंगे।

### मुजफ्फरपुर में आग से 5 लोगों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में बुधवार एक दलित बस्ती के 50 से अधिक घरों में आग लग गई। इस हादसे में 4 बच्चे समेत 5 लोगों की झुलसकर मौत हो गई। वहीं, 15 बच्चे लापता हैं। यह घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मनी पंचायत की है। बताया जा रहा है कि गोलक पासवान के घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी और देखते ही देखते पूरे झुग्गी के इलाके में फैल गई। मुजफ्फरपुर के डीएम सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि आग इतनी तेज थी कि कोई भी बाहर नहीं निकल पाया।

**15 बच्चे अभी लापता, 50 से अधिक घर जलकर राख**

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 14 मई से शुरू होंगी यूजी-पीजी कक्षाओं की परीक्षाएं -पेज 2
- हिमाचल में 240 शराब के ठेके नहीं हुए नीलाम -पेज 3
- एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ पाड़छू में रास्ता रोककर किया प्रदर्शन -पेज 9
- कोर्ट ने पूछा- क्रिश्चियन जेम्स को जेल में 'खतरनाक आरोपी' के साथ क्यों रखा? -पेज 13

**काबिलियत** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में 415 की आबादी वाले गांव के हैं 100 से ज्यादा आला अफसर

## ठोलंग गांव के हर घर से एक आईएएस या बड़ा अधिकारी

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**हिमाचल** प्रदेश के अति दुर्गम लाहौल-स्पीति के छोटे से ठोलंग गांव ने विषम परिस्थितियों में भी 100 फीसद साक्षरता के साथ उच्च शिक्षा की ऐसी ईबारत लिखी है, जिसकी मिसाल हर कोई देता है।

ठोलंग गांव ने देश और प्रदेश को कई अधिकारी दिए हैं, जिस कारण इस गांव को 'ऑफिसर्स विलेज' भी कहते हैं। छह माह बर्फ के पहाड़ों से घिरे रहने वाले महज 32 से अधिक परिवारों के इस गांव में लगभग हर घर से एक-दो लोग क्लास वन आफिसर हैं। यह अलग बात है कि जनजातीय क्षेत्र होने के चलते यहां के लोगों को नौकरी व पदोन्नति में आरक्षण मिला है, बावजूद इसके ठोलंग गांव में सौ फीसद साक्षरता है। इस गांव के डॉ. पीडी लाल, डीपीआरओ रामदेव, वरिष्ठ पत्रकार शाम आजाद के अनुसार, उन्हें अपने गांव पर नाज है। आज भी युवाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बाहरी राज्यों का रुख करना पड़ता है। हालांकि, अटल टनल बनने के बाद लाहौल घाटी में आवागमन की सुविधा आसान हुई है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में आज भी लाहौल घाटी में कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है। (अनंत ज्ञान)





### हर फील्ड में ठोलंग का सिक्का

**ठोलंग** गांव से तीन आईएएस, दो आईपीएस के अलावा 7 आईआरएस, 14 एमबीबीएस, 16 इंजीनियर्स, 5 पीएचडी, 6 आर्मी ऑफिसर हैं। 37 शिक्षा विभाग में, एक फिल्म उद्योग में, 3 फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में हैं। वहीं, 2 पायलट, 2 वेटरनरी डॉक्टर, 3 आयुर्वेदिक डॉक्टर, दो हिमाचल सिविल सर्विसेज के अधिकारी, एक उद्यान विभाग के डिप्टी डारेक्टर के पद पर तैनात हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार के अलावा लाहौल-स्पीति जिले के पहले एमबीबीएस डॉक्टर प्रेम चंद भी ठोलंग गांव से संबंध रखते हैं। वहीं, कृषि-बागवानी सहित व्यवसाय में भी अग्रणी है।

### 100 से ज्यादा अधिकारी देश को दिए

**415** की आबादी वाले गांव ने अब तक 100 से ज्यादा अधिकारी देश को दिए हैं। इनमें आईएएस, आईपीएस से लेकर आईआरएस, डॉक्टर और इंजीनियर तक शामिल हैं। हिमाचल सर्विसेज में भी कई अधिकारी इसी गांव से हैं। ठोलंग गांव ने देश को 3 आईएएस अधिकारी एएन विद्यार्थी, एसएस कपूर और शेखर विद्यार्थी दिए। इनमें से अमरनाथ विद्यार्थी हिमाचल सरकार में चीफ सेक्रेटरी के पद पर, तो एसएस कपूर जम्मू-कश्मीर के चीफ सेक्रेटरी रहे। राम सिंह तकी और नाजिन विद्यार्थी के रूप में दो आईपीएस अधिकारी भी इस गांव ने दिए। लाहौल-स्पीति जिले का पहला आईएएस, पहला डॉक्टर, पहली महिला डॉक्टर, पहला इंजीनियर, पहला एयर फोर्स अधिकारी भी इसी गांव ने दिए हैं।

## ट्रंप ने चीन पर लगाया 245 फीसदी टैरिफ

### दोनों देशों के बीच टैरिफ वॉर: चीन के 125 फीसदी टैरिफ के जवाब में उठाया कदम

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गया है। अमेरिका ने अब चीन पर 100 फीसदी और टैरिफ लगा दिया है।



इसके साथ चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245 फीसदी हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125 फीसदी टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रंप ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा।

**एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर किए साइन**

### चीन ने बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी लेने से मना किया

**चीन** ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आदेश भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145 फीसदी टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, रॉकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की स्थापना 15 जुलाई, 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है।

### चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई भी रोकी

**चीन** ने इस ट्रेड वॉर के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइंग मास्टर के पदों का फाइनल परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा बुधवार को ड्राइंग मास्टर पोस्ट कोड-980 के 314 पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा विभाग शिमला से 24 मई 2022 को ड्राइंग मास्टर के 314 पदों को भरने के लिए लेटर जारी किया गया था। इन विज्ञापित पदों के लिए प्रदेश भर से 8721 आवेदन आए थे, इनमें से 7502 आवेदन अस्थायी तौर पर स्वीकार किए गए। उन्होंने बताया कि इन पदों को भरने के लिए 9 अक्तूबर 2022 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 6317 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 1185 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 100 अंकों की लिखित परीक्षा में 971 उम्मीदवारों का चयन कागजात की जांच के लिए किया गया। 16 से 22 दिसंबर तक कागजातों की जांच की गई। इसमें 966 उम्मीदवार उपस्थित रहे, जबकि 5 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। इनमें 955 उम्मीदवारों को योग्य पाया गया, जबकि 11 उम्मीदवारों को विभिन्न कारणों से आयोग द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया। ड्राइंग मास्टर पोस्ट कोड 980 का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें 313 उम्मीवारों का चयन कर लिया गया है, जबकि एक पद कोर्ट केस की वजह से खाली रह गया है। संबंधित परीक्षा परिणाम राज्य चयन आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### सूरज ठाकुर अध्यक्ष, आयुष बने उपाध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में पूर्व छात्र संगठन की आम सभा का आयोजन किया गया। इस जनरल हाउस में कॉलेज के पूर्व छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बनयाल ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की कॉलेज के सततः विकास में एक अहम भूमिका होती है और पूर्व छात्रों का कॉलेज के साथ जुड़ाव और सहयोग इसे उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करता है। इस आम सभा में चुनाव अधिकारी डॉ. सुमन शर्मा की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें अध्यक्ष सूरज ठाकुर, उपाध्यक्ष आयुष कुमार, सचिव प्रोफेसर मितुल कायस्था, सह-सचिव प्रोफेसर उमा शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित, लेखा परीक्षक प्रोफेसर राजेश खरवाल एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य पीयूष, शगुन, रिया, सविता, राहुल, अनिल, तरुण, राजीव कुमार और बनिता भूरिया मनोनीत किए गए।

### 9 मई तक बंद रहेगी बराड़ा-बाक्कर खड्ड सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल टौणी देवी के अंतर्गत बराड़ा-पटनौण-बाक्कर खड्ड सड़क के उन्नयन कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 9 मई तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि बराड़ा-पटनौण-बाक्कर खड्ड सड़क के उन्नयन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 9 मई तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक समीरपुर-मतलाणा या उहल-परनाली सड़क से बाक्कर खड्ड की ओर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा 4 को जोलसप्पड़ में

**अनंत ज्ञान, रंगस।** श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा का आयोजन 4 मई को जोलसप्पड़ पंचायत घर के पास स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में किया जाएगा। इस ज्ञानकथा में कथा व्यास पं. अंकुश शर्मा लोगों को प्रवचन देंगे। महिला समिति के सदस्यों ने बताया कि 4 मई को सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद दोपहर एक से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा, जबकि शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक संकीर्तन का आयोजन होगा। 10 मई को कथा विश्राम के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन होगा और उसके बाद विशाल भंडारे का होगा।

### सोलग मंदिर में छायादार पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** आशीर्वाद स्टडी सर्कल राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर द्वारा बुधवार को दुहक धन्यारा बाबा बालक रूपी मंदिर सोलग में प्रियांशी सूद की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशीर्वाद संस्था की समन्वयक प्रोफेसर वंदना सूद, डॉ. दिव्या शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर प्रांगण में छायादार पौधों और फूलों को लगाया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सभी पौधरोपण करें, ताकि पर्यावरण संतुलन कायम रह सके।

### प्राकृतिक पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई की

**अनंत ज्ञान, रंगस।** गर्मियों में होने वाली पानी की किल्लत से निपटने के लिए होमगार्ड के जवानों ने स्वच्छता अभियान के तहत प्राकृतिक पेयजल स्रोतों की सफाई की। होमगार्ड कमांडेंट की दसवीं बटालियन की 10/3 की गृहरक्षा कंपनी ने कमांडर प्रीतम चंद की अध्यक्षता में अमतर बेला में यह अभियान चलाया। इसमें हवलदार संजीव कुमार, गृह रक्षक संदीप कुमार, सिकंद्र सिंह सोनी, कर्म चंद और नरेश कुमार ने प्राकृतिक जल स्रोतों, बाबड़ियों की सफाई की तथा आसपास उगी झाड़ियों को काटा। उन्होंने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता बारे जागयक किया।

### कोल्हू सिद्ध दंगल शरीफ मलेरकोटला ने जीता



**संजीव चौहान, टोणी देवी।** महावीर दंगल कमेटी बारी मंदिर द्वारा कोल्हू सिद्ध में आयोजित दंगल में शरीफ मलेरकोटला ने माली जीती, उन्होंने जबरा पहलवान बठिंडा को शानदार मुकाबले में हराया, छोटी माली के विजेता अंकुश चमनेड़ बासी रहे, उन्होंने कुलवीर क्रो हराया। मुख्यातिथि राज बहल ने विजेता को 11000 रुपए नकद इनाम व गुर्ज व उपविजेता को 9000 रुपए दिए। छोटी माली के विजेता को 4100 रुपए व गुर्जर व उपविजेता को 3100 रुपए नकद इनाम प्रदान किया गया। (अनंत ज्ञान)

### मुकुट पहनाकर सेल्फी लेने से हुई कक्षाओं की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में बाल वाटिका -3 एवं कक्षा पहली कक्षा के छात्रों का विद्या प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों की विद्यालय के मुख्य द्वार पर मुकुट पहनाकर व माय फस्ट-डे व स्कूल सेल्फी स्टैंड पर सेल्फी लेने से की गई। तत्पश्चात दोनों कक्षाओं के विद्यार्थी अपने अभिभावकों सहित अपनी-अपनी कक्षाओं में गए। प्राचार्य सुनील चौहान द्वारा विद्यार्थियों को उपहार दिए। मुख्याध्यापिका डॉ. पूजा द्वारा सभी अभिभावकों का सम्मेलन कक्ष में अभिविन्यास कार्यक्रम किया गया। अभिविन्यास कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण के साथ की गई। मुख्याध्यापिका द्वारा अभिभावकों को विद्या प्रवेश तथा विद्यालय तत्परता कार्यक्रम के बारे में बताया। अभिभावकों को नई शिक्षा नीति-2020 के स्वरूप के बारे में भी अवगत करवाया गया।

### अग्नि सुरक्षा के प्रति रहें सजग : देवेंद्र

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अग्नि शमन विभाग ने पेट्रोल पंपों के संचालकों व वर्कर्स के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें उन्हें अग्नि सुरक्षा बारे विस्तार से जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे आवश्कता पड़ने पर अग्नि सुरक्षा यंत्रों को चला सकें और आवश्कता पड़ने पर फायर यंत्रों को चलाकर सुरक्षा प्रदान कर सकें। कार्यशाला में अग्नि शमन विभाग के नादौन कार्यालय के अग्निशमन उपअधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया के नेतृत्व में अग्निशमन कार्यालय नादौन की टीम ने फायर यंत्रों को कैसे चलाया जाए और सुरक्षा की दृष्टि से इनकी जानकारी कितनी जरूरी है इसके बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला बारे जानकारी देते हुए देवेंद्र सिंह भाटिया ने बताया कि इस कार्यशाला में गगाल में स्थित परस राम एंड कंपनी के पेट्रोल पंप, हरे कृष्णा पेट्रोल पंप और पब्लिक फिलिंग स्टेशनों के पंप संचालकों व कार्यरत वर्कर्स ने भाग लिया।

# नकली दवाओं को लेकर विभाग ने दी दबिश

## लदरौर के मेडिकल स्टोर में स्टॉक व बिक्री, खरीद के रिकॉर्ड की जांच की जा रही

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



स्वास्थ्य विभाग नकली दवाओं और नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवाओं पर विशेष नजर रख रहा है। हालही में मंडी के ड्रग इस्पेक्टर द्वारा सुंदरनगर के सिविल सप्लाई स्टोर से एक स्ट्रीप नकली दवा भी पकड़ी है और इसका बिल व आपूर्ति हमीरपुर के लदरौर स्थित मेडिकल एजेंसी द्वारा बनाया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर सुंदरनगर ने इसकी जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर हमीरपुर को दी। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ई-टॉप टीएच-4 टेवलेट, जिसका निर्माण एजोट लाइफ साइंसेज सोलन द्वारा किया जा रहा है, जबकि मार्केटिंग बैरिस्टोमेड ऊना की कंपनी द्वारा की जा रही है, जो कि नकली दवा है। इस दवा के रिकॉर्ड की जांच सुंदरनगर में की गई, तो इस दवा से संबंधित बिल और आपूर्ति करने वाली मेडिकल एजेंसी लदरौर पाई गई। ड्रग इंस्पेक्टर हमीरपुर ने लदरौर में दबिश दी और रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लिया।

इसके अलावा ड्रग इंस्पेक्टर ने 9 अन्य मेडिकल स्टोर में जाकर भी नकली दवाई को लेकर जांच की है। हालांकि, इस दवा से संबंधित कोई स्टॉक नहीं मिला। रिकॉर्ड के अनुसार यह दवा थोक मंडी से खरीदी गई थी। लदरौर में जांच के दौरान इस क्षेत्र में प्रबंधक नागरिक आपूर्ति अपने सहायक के साथ रहे। इस दौरान पाया गया कि पहली दवा नकली है, जबकि दूसरी दवा असली है। ड्रग इंस्पेक्टर हमीरपुर द्वारा औषधि निरीक्षक मुख्यालय मंडी और सुंदरनगर से साझा की गई है। हालांकि, नकली दवा से संबंधित रिकॉर्ड मंडी से भी मांगा जा रहा है और मंडी के ड्रग इंस्पेक्टर भी इस मामले में जांच कर रहे हैं। बता दें कि ड्रग इंस्पेक्टर हमीरपुर द्वारा दी गई दबिश के दौरान की गई जांच में पाया गया है यह नकली दवा सिविल सप्लाई स्टोर से मिली है। नकली दवा से संबंधित जांच करने पर पाया गया कि यह दवा थोक विक्रेता मंडी से खरीदी गई है। ऐसे में सिविल सप्लाई स्टोर में नकली दवा खरीदकर बेचने को लेकर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई कर रहा है। इसमें हमीरपुर और मंडी जिले के ड्रग इंस्पेक्टर जांच को आगे बढ़ा रहे हैं और जो जानकारी मिल रही है उसे आपस में साझा कर रहे हैं। हालांकि, जो रिकॉर्ड स्वास्थ्य विभाग ने अपने कब्जे में लिया, उसकी जांच के बाद ही असली तथ्य सामने आएंगे कि यह नकली दवा कहां-कहां बेची जा रही थी और इसे कहां से खरीदा जा रहा था।

इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर दिनेश गौतम ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर मंडी से नकली दवा के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि लदरौर में जांच के दौरान जो रिकॉर्ड कब्जे में लिया गया है, उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडी जिले के ड्रग इंस्पेक्टर से जानकारी साझा की जा रही है। जांच के बाद ही नकली दवा के बारे में पता चल पाएगा कि यह दवा कैसे सिविल सप्लाई स्टोर तक पहुंच रही है। (अनंत ज्ञान)

# तकनीकी विश्वविद्यालय में 14 मई से शुरू होंगी यूजी-पीजी कक्षाओं की परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की परीक्षाएं 14 मई से शुरू होंगी। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के नियमित सेमेस्टर और रि-अपीयर की परीक्षाएं 14 मई से शुरू होंगी, जो 17 जून तक चलेंगी। परीक्षा तिथि से संबंधित ब्यौरा विस्तारपूर्वक तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि स्नातक की परीक्षाओं में बीटेक, बी आर्क, बीसीए, बीबीए, बीएससी एचएम एंड सीटी, बीएचएमसीटी शामिल है, जबकि स्नातकोत्तर की परीक्षाओं में एमसीए, एमटेक, एमबीए, एमएससी पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान, एमबीए पर्यटन, एमएध्मएससी योग के नियमित सेमेस्टर और रि-अपीयर अभ्यर्थियों की परीक्षा की संभावित डेट शीट जारी की है। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई माह से प्रस्तावित परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने बिना

### 26 अप्रैल तक बिना लेट फीस भरें परीक्षा फॉर्म

लेट फीस 26 अप्रैल तक भरे जाएंगे। बीटेक, बी-फार्मेसी, बी आर्क, बीएससी एचएमसीटी, बीएचएमसीटी, बीसीए, बीबीए, एमटेक, एम फार्मेसी, एमएससी पर्यावरण विज्ञान, भौतिक विज्ञान, एमबीए, एमसीए, एमबीए पर्यटन व एमएस एमएससी योग के नियमित सेमेस्टर व रि-अपीयर की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी बिना लेट फीस के 26 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। 27 से 30 अप्रैल तक लेट फीस ली जाएगी। हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक (लेटरल एंट्री) के शैक्षणिक सत्र 2015-16 से 2017-18 तक और बी-फार्मेसी (आयुर्वेद) के शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2018-19 तक, बीसीए, बीबीए और बीएससी एचएम एंड सीटी के शैक्षणिक सत्र 2018-19 तक के पूर्व के सभी विद्यार्थियों को डिग्री पूरा करने का विशेष मौका दिया है।

# 129 स्टूडेंट्स ने दिया नीट का अभ्यास टेस्ट

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 16 विद्यालयों के 129 विद्यार्थियों ने मेडिकल की प्रवेश परीक्षा 'नीट-2025' की तैयारी के लिए बुधवार को तीसरा अभ्यास टेस्ट दिया। यह टेस्ट श्रृंखला विधायक सुरेश कुमार की पहल पर शुरू की गई है। इसका उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए सशक्त रूप से तैयार करना है।

इस श्रृंखला का पहला टेस्ट 2 अप्रैल को और दूसरा टेस्ट 8 अप्रैल को आयोजित किया गया था। दूसरे टेस्ट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी की छात्रा वंशिका ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहनवीं के कोमल और दिव्यांश शर्मा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया था। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। यह टेस्ट श्रृंखला कुल चार अभ्यास परीक्षाओं की योजना के तहत आयोजित की जा रही है। चौथा टेस्ट 22 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक टेस्ट के पश्चात विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन की विस्तृत रिपोर्ट प्रदान की जाती है, जिससे वे अपनी कमजोरियों को पहचान कर सुधार कर सकें। साथ ही, विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा समाधान सत्र भी आयोजित किए जाते हैं, जिसमें छात्रों को उत्तर कुंजी और विषयवस्तु की गहन समझ प्रदान की जाती है। विधायक ने इस पहल के माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने का संकल्प लिया है। उनका मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी समान अवसर मिलने चाहिए, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। विधायक 21 अप्रैल को रेगुलर नीट की ऑनलाइन कक्षा के लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टा में ऑनलाइन क्लासेस का उद्घाटन करेंगे। इस प्रकार की शैक्षणिक पहल से भोरंज विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को नीट जैसी कठिन परीक्षा की तैयारी में सहायता प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और प्रेरणा भी देता है।

# भुक्कड़ गांव में सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ तेंदुआ

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम भुक्कड़ में इन दिनों तेंदुए का आतंक बढ़ गया है। शाम ढलते ही तेंदुआ दहाड़ना शुरू कर देता है।

इसके चलते लोग शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका सुबह-शाम घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों को अब यह भी डर सताने लगा है कि छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल में अकेले कैसे भेजें। आजकल गेंहू की फसल पक चुकी है और घास चारों तरफ फैला हुआ है, लोग अब खेतों में भी जाने से कतरा रहे हैं कि कहीं तेंदुआ हमला न कर दे। तेंदुए को लोगों ने सुबह 4 से 5 बजे रिहायशी इलाके में घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में देखा है। ग्रामीणों में संजय कुमार शर्मा, राकेश शर्मा, वचित्र सिंह ठाकुर, पंचायत प्रधान किशोर चंद, उपप्रधान बीरी सिंह, सुशील शर्मा, बबलू कुमार, चमन लाल, संजीव कुमार आदि ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि भुक्कड़ गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए।

### लोग खेती के काम के लिए झुंडों में जाएं

**इस** बारे में वन रक्षक योग राज का कहना है कि उन्हें गांव के आसपास तेंदुए के होने के बारे में ग्रामीणों से पता चला है। उन्होंने बताया कि लोग खेती के काम के लिए झुंडों में जाएं। उन्होंने बताया कि जरूरी हुआ, तो क्षेत्र में पिंजरा लगा दिया जाएगा।

### ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की

# 100 पदों के लिए साक्षात्कार 23 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बद्दी स्थित वर्धमान टेक्सटाइल्स की इकाई ऑरो टेक्सटाइल्स में अप्रेंटिस और ऑपरेटर्स के 100 पदों को भरने के लिए 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 26 वर्ष तक के दसवीं या बारहवीं पास युवा पात्र होंगे। चयनित युवाओं को तीन माह की ट्रेनिंग एवं अप्रेंटिस के दौरान 12 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। तीन माह के बाद इन्हें 13,064 रुपए मासिक वेतन, 550 रुपए अटेंडेंस इनसेटिव और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# पक्की सड़क न होने से रोजमर्रा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भोरंज विधानसभा के गांव कोट में आयोजित निजी कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा चेयरमैन राजीव राणा का बैंड-बाजे से स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राणा के समक्ष समाजिक समस्याओं को रखा, ग्रामीणों में अध्यक्ष श्याम लाल डोगरा द्वारा सड़क की समस्या को लेकर प्रस्ताव रखा।

डोगरा ने कहा कि ग्रामीणों को सड़क पक्का न होने से रोजमर्रा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और ये जल्द प्रभाव से पक्की हो। राजीव राणा ने कहा कि प्रदेश सुक्खू सरकार पूरे हिमाचल का समग्र विकास कर रही है और जिला हमीरपुर में सड़कों का नया जाल बना हुआ है। भोरंज में भी यह क्रम तेजी से चला हुआ है। भ्याड़ पंचायत अन्य पिछड़ा वर्ग में आती है और सरकार द्वारा इसके उत्थान के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर समस्या को लेकर मुलाकात कर हल किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी ) जिला उपाध्यक्ष विशाल राणा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विश्व शामा, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष रजत राणा, ब्लॉक भोरंज उपाध्यक्ष जगदेव चंद, अमित शर्मा ,प्यार चंद, विपिन शर्मा आदि गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कोट गांव के लोगों ने राजीव राणा के समक्ष रखी समस्याएं

# ईनाक्षी ने एनएमएमएस परीक्षा की उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या नादौन की मेधावी छात्रा ईनाक्षी ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा (एनएमएमएस) को उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता के साथ ही अब ईनाक्षी को आगामी चार वर्षों तक छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, जिससे उनकी शिक्षा की राह अधिक मजबूत हो जाएगी।



नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना है, जो भारत सरकार की ओर से 8वीं कक्षा के छात्रों के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन पढ़ाई में अच्छे हैं। इस योजना का मूलभूत उद्देश्य मेधावी छात्रों को 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता देना है। केंद्र सरकार की इस योजना से ईनाक्षी को नौवीं कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक प्रति वर्ष 12,000 की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। कन्या विद्यालय नादौन के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि ईनाक्षी की इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय के अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों में खुशी का माहौल है। सभी ने ईनाक्षी के परिश्रम को सराहा है।

# पानी का दुरुपयोग न करें लोग : आशीष

## सहायक अभियंता ने कनिष्ठ अभियंता व फील्ड स्टाफ के साथ की बैठक

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



जल शक्ति विभाग उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता इंजीनियर आशीष देव ने कनिष्ठ अभियंता व फील्ड स्टाफ के साथ अपने कार्यलय में बैठक करते हुए कहा कि कर्मचारी फील्ड में पानी को लेकर सतर्कता बरतें और पानी का दरुपयोग करने वाले ग्रामीणों पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाएं। अधिक गर्मी के मौसम में पानी का दुरूपयोग न करें और जरूरत अनुसार ही पानी का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि बारिश न होने के कारण दिन-प्रतिदिन भूमिगत जल का स्तर गिरता जा रहा है, जो हमारे लिए चिन्ता का विषय है। सहायक अभियंता ने प्रत्येक व्यक्ति से पानी की बचत करने के लिए अपील की है। इसके लिए लोग अपने घरों, गाड़ियों व क्यारियों में पानी की पाईप चलाकर न छोड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को चाहिए कि जब जरूरत न हो, तो वे पानी के नल बंद कर दें। पानी बचाने के लिए एक अपील जारी की है। साथ ही पानी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

घरों में लगे नल पर टूटी अवश्य लगाएं तथा जरूरत के अनुसार ही इसका प्रयोग करें, यदि भोरंज क्षेत्र में पानी की पाइप लाइन किसी कारण से लीक हो तो इसकी सूचना विभाग को दें। बिना अनुमति के अपने घर में पानी का रीकनेक्शन न कराएं। सभी को सुचारू रूप से पानी उपलब्ध हो, यह तभी संभव होगा, जब हम पानी का दुरूपयोग बंद करेंगे। साथ ही उन्होंने कनिष्ठ अभियंता अनुभाग भरेड़ी, भोरंज, धमरोल व सभी फील्ड कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय-समय पर फील्ड में जाकर निरीक्षण करें और पानी का दुरुपयोग करने वालों पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाएं व पानी में ब्लीचिंग आदि की गुणवत्ता की जांच भी समय-समय पर की जाए।

इस मौके पर अनुभाग धमरोल के कनिष्ठ अभियंता मनीष कटोच, अनुभाग भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार व अनुभाग भोरंज के कनिष्ठ अभियंता साहिल ठाकुर व फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे।

**तैयारी** मेले को बेहतर ढंग से मनाने के लिए विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जाहू में 24 से मनाया जाएगा मेवा उत्सव

**एसके शर्मा, जाहू**



भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू में इस बार भी 24 से 30 अप्रैल तक मेवा उत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें मेले के साथ-साथ कई अन्य कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उत्सव की तैयारियों के संबंध में बुधवार को स्थानीय पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान विधायक ने यह जानकारी दी। उन्होंने स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि मेवा उत्सव को इस वर्ष और बेहतर ढंग मनाने के लिए सभी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सुरेश ने कहा कि जाहू में कई दशकों से नलवाड़ मेला आयोजित किया जाता रहा है। इसी मेले को विस्तृत रूप देने के लिए मेवा उत्सव के नाम से आयोजित करने की परंपरा शुरू की गई है। इस बार भी सात दिवसीय उत्सव के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें हिमाचल प्रदेश के जाने-माने लोक कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। इनके अलावा स्थानीय प्रतिभाशाली लोक कलाकारों को भी इन सांस्कृतिक संध्याओं में पर्याप्त समय दिया जाएगा।

सुरेश ने विभागीय अधिकारियों को उत्सव के दौरान अपने-अपने विभागों की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियां लगाने तथा इनमें स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उत्सव के दौरान छोटे बच्चों के लिए हेल्दी बेबी शो प्रतियोगिता, पशु पालकों के लिए उत्तम पशु प्रतियोगिता और कई अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर भोरंज के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने उपमंडल प्रशासन और विभिन्न विभागों की ओर से किए जाने वाले विभिन्न प्रबंधों की जानकारी दी। इससे पहले, स्थानीय पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने विधायक, सभी अधिकारियों, पंचायत सदस्यों, कांग्रेस पार्टी और जाहू के संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा मेवा उत्सव के आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### चार सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान लोक कलाकार करेंगे लोगों का मनोरंजन

# विद्यार्थियों को 'रेसिलियंस जोन' की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए नैतिक मूल्यों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की प्रतिनिधि कृष्णा ने विद्यार्थियों को सामाजिक, संवेदनात्मक और नैतिक मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को 'रेसिलियंस जोन' की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और संतुलन कैसे बनाए रखा जा सकता है। ध्यान केंद्रित करने की तकनीकें और अपनी तथा दूसरों की भावनाओं को समझने के महत्व पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सहानुभूति जैसे गुणों का विकास करना रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने पिरामल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं।

# एनआईटी में दिखी हिमाचल की समृद्ध संस्कृति की झलक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रशासनिक भवन में कोर्स एसए-209 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अशोक कुमार, एसोसिएट डीन डॉ. प्रदीप सिंह और संस्थान के सांस्कृतिक गतिविधियों एवं क्लब प्रभारी शिक्षक द्वारा किया गया। छात्रों को उनके पाठ्यक्रम के भाग के रूप में हिमाचल प्रदेश की विविध संस्कृति और परंपराओं को फोटोग्राफ के माध्यम से चित्रित करने का कार्य सौंपा गया था। इन चित्रों के माध्यम से दर्शकों को हिमाचल की वेशभूषा, त्योहारों, रीति-रिवाजों और जनजीवन की एक झलक देखने को मिली। इसके पश्चात, सभागार की दीवार पर बनाई गई एक भव्य भित्तिचित्र (वॉल पेंटिंग) का उद्घाटन कार्यवाहक निदेशक प्रो. अनूप कुमा और रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननोटी द्वारा किया गया। यह चित्र हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा को दर्शाता है और अब संस्थान में संस्कके प्रति जागरूकता का एक स्थायी प्रतीक बन गया है।

# सोनिया-राहुल के खिलाफ चार्जशीट पर बिफरी कांग्रेस

## शिमला में ईडी दफ्तर के बाहर किया प्रदर्शन; कहा- ईडी बन चुका है भाजपा का धमकी विभाग, हम डरने वाले नहीं

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दायर करने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। इस धरना-प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक कुलदीप सिंह राठौर, मोहनलाल ब्राक्टा, संजय अवस्थी, बाबा हरदीप सिंह आदि के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व ईडी के खिलाफ नारेबाजी की।

मुख्यमंत्री सुक्खु ने ईडी के दुरुपयोग को लेकर भाजपा को खूब खरी-खोटी सुनाई और केंद्र में भाजपा नीत गठबंधन सरकार पर जान-बूझकर नेशनल हेराल्ड मामले तूल देने का आरोप लगाया और कहा कि यह राजनीति से प्रेरित मुद्दा है। जो ईडी का डर दिखाकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बेवड़ा परेशान किया जा रहा है।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस भाजपा के किसी भी हथकंडों से घबराने वाली नहीं। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से भाजपा ईडी व इनकम टैक्स जैसे महत्वपूर्ण संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराने व दबाने का प्रयास कर रही है वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा भाजपा देश में लोगों का ध्यान बांटने के लिये कांग्रेस के नेताओं पर झूठे आरोप लगा कर इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है, अब देश भाजपा की असलियत को जान चुका है। (अनंत ज्ञान)




### राजनीति से प्रेरित है चार्जशीट: प्रतिभा सिंह

प्रतिभा सिंह ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पूरी तरह राजनीति से प्रेरित, बदले की भावना से दायर की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस एकजुटता के साथ गांधी परिवार के साथ खड़ी है और सदैव खड़ी रहेगी।

### आरोप पत्र में कोई दम नहीं

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने ईडी की कार्रवाई पर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ईडी ने उनके नेताओं के खिलाफ जो आरोप पत्र दायर किया है, उसमें कोई भी दम नहीं है। उन्होंने इसकी पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह तथ्यों से परे और झूठी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं पर झूठे आरोप लगा कर भाजपा अपने गुनाह छुपाने का असफल प्रयास कर रही है। राफेल व इलेक्टोरल बांड गुनाह से भाजपा नहीं बच सकती। ईडी को इसकी भी जांच तुरंत करनी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी नेशनल हाइवे पर बजरी से भरा टिप्पर खाई में गिरा, चालक की मौत



अनंत ज्ञान, शिमला। मंडी नेशनल हाइवे पर बालूगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत घनाहट्टी-बन्नूटी के बीच बुधवार तड़के बजरी लेकर जा रहा एक टिप्पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तड़के करीब 3.30 बजे के आसपास टिप्पर चालक बजरी लाद कर ले जा रहा था। शिमला-मंडी नेशनल हाइवे पर घनाहट्टी और बन्नूटी के बीच टिप्पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। मृतक की पहचान राहुल (22) पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव गिराब डाकखाना चायली तहसील व जिला शिमला के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने पर बालूगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि टिप्पर संभवतः तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर खाई में गिरा है, पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। राहुल अपने परिवार का इकलौता बेटा था।

### जनप्रतिनिधियों को धमकाने पर उतरी कांग्रेस सरकार: जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब इस कदर घबरा चुकी है कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए न केवल राजनीतिक बयानबाजी कर रही है, बल्कि केस दर्ज करने और विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की धमकी भी देने लगी है। यह रवैया स्पष्ट रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है और बताता है कि यह सरकार अब तानाशाही मानसिकता में काम कर रही है। यह बात भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने शिमला से जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो सवाल उठाए हैं, वे तथ्यात्मक और संवैधानिक दायरे में हैं। उन्होंने सरकार से प्रश्न किए कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? जिन अधिकारियों पर उत्पीड़न के गंभीर आरोप हैं, वे अब तक सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं? हाईकोर्ट ने भी मामले की गंभीरता को रेखांकित किया है, फिर भी सरकार मौन क्यों है? सरकार से इन सवालों का जवाब मांगा गया, तो मंत्री अनिरुद्ध सिंह बौखला गए हैं और जनप्रतिनिधियों को साजिशकर्ता बताने लगे हैं। यह मानसिकता तानाशाही की ओर इशारा करती है, जहां सरकार यह तय करना चाहती है, कि कौन क्या बोले। जम्वाल ने साफ कहा कि कांग्रेस सरकार सच का सामना करने से डरती है, इसीलिए विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है, चाहे वह विशेषाधिकार हनन हो या राजनीतिक चरित्र हनन, लेकिन भाजपा ऐसे किसी भी दबाव से न झुकी है, न झुकेगी।



## हिमाचल को बच्चों के आधार नामांकन और आधार आधारित प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश को बच्चों के लिए उच्चतम आधार नामांकन दर प्राप्त करने और आधार आधारित प्रमाणीकरण के लिए तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने में हिमाचल प्रदेश को देश में अग्रणी स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया है।

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल टैक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने आज यहां मुख्यमंत्री सुक्खु को ये पुरस्कार प्रस्तुत किए। ये पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा आयोजित 'आधार संवाद' कार्यक्रम के दौरान

### गोकुल बुटेल ने मुख्यमंत्री को भेंट किए पुरस्कार

डिजिटल टैक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस विभाग के निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने प्राप्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यह मान्यता प्रदेश की सार्वभौमिक आधार कवरेज सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है, जिसका उद्देश्य सबसे कम उम्र की जनसंख्या का आधार कवरेज सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और विभाग को डिजिटल प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से राज्य में अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन सुलभ बनाकर लोगों को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय सम्मान हिमाचल प्रदेश सरकार और डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रभावी कार्यान्वयन रणनीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

विभाग के इस प्रयास से बच्चों को उनके शुरुआती चरण में ही आधार नामांकन में शामिल करके नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। बुटेल ने इस अवसर पर डिजिटल टैक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस द्वारा तैयार 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कार्ड भी मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किया।

## ईडी दफ्तर के घेराव पर बोले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

# आवाज उठाने वालों को धमकाना चाहती है कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



मंडी के जंझैहली में भाजपा द्वारा आयोजित 'सक्रिय सदस्य सम्मेलन' को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नीत सुक्खु सरकार अब देशभर की जांच एजेंसियों को डराना धमकाना चाहती है। कांग्रेस चाहती है कि देश की जांच एजेंसियां कांग्रेस को किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दें और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करें।

इसी तरह कांग्रेस के नेता विमल नेगी की मौत के मामले में भी धमकी देकर भाजपा के नेताओं को और आम लोगों को डराना चाहते हैं। बुधवार को कांग्रेस द्वारा देशभर में ईडी कार्यालयों का घेराव किया जा रहा है। यह घेराव इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि ईडी ने कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की है, जिसमें उनका नाम शामिल किया है। इस तरीके से जांच एजेंसियों के कार्यालय का घेराव करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं ठहराया जा सकता। भ्रष्टाचार करना और उसके बाद भ्रष्टाचारी को शह देना कांग्रेस की पुरानी रीति रही है।

उन्होंने कहा कि जिस नेशनल हेराल्ड को हिमाचल के लोगों ने भ्रष्टाचार के मामले का अलावा कभी सुना नहीं होगा। उसके लिए सुक्खु सरकार ने ढाई साल में लगभग ढाई करोड़ रुपए का विज्ञापन दिया है। विज्ञापन सिर्फ इसलिए दिया गया है क्योंकि वह राहुल गांधी का अखबार है। उन्होंने सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस सरकार के एक-एक झूठ को हर कार्यकर्ता बेनकाब करे। कांग्रेस के नेताओं द्वारा फैलाई जा रहे झूठ के बारे में कांग्रेस के नेताओं से सवाल करें और प्रदेश के लोगों को आगाह करें। अब इस सरकार का कोई भविष्य नहीं है। प्रदेश के लोगों को कांग्रेस की हकीकत पता चल गई है।

## मीमांसा तृतीय बाल साहित्य उत्सव 18 अप्रैल से



अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार के भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से विभाग विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस कड़ी में 'कोकली चैरिटेबल ट्रस्ट' शिमला के सहयोग से 18 से 20 अप्रैल तक मीमांसा तृतीया बाल साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस महोत्सव में प्रसिद्ध लेखक देवदत्त पट्टनायक समापन स्तर और प्रिया कुरियन उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि प्रसिद्ध लेखक और अभिनेता सोहेला कपूर इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहेंगे।

मीमांसा महोत्सव ने पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय विकास किया है। जिसमें 2023 और 2024 संस्करणों में बढ़ती हुई भागीदारी देखी गई, जिसमें हर साल स्कूलों, बच्चों और सांस्कृतिक व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि हुई। आमंत्रित अतिथियों की सूची में खैरुन्निसा ए, बेनिता सेन, सुतापा बसु, रूपा पाई, हिम चटर्जी जैसे कई प्रमुख नाम शामिल थे।

यह उत्सव बच्चों के लिए एक खुले मंच के रूप में होगा। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना, उन्हें बोलते हुए सुनना और संवादात्मक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करना है।

## एचआरटीसी के 129 कर्मियों को मिली पक्की नौकरी: पंकज



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। एचआरटीसी के अनियमित कर्मचारियों को विभाग द्वारा पक्की नौकरी का तोहफा दिया गया है। कांगड़ा के विभिन्न डिपुओं में विभिन्न श्रेणियों में पिछले दो सालों से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है। बुधवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में एचआरटीसी के डीएम पंकज चड्ढा ने बताया कि नियमित हुए कर्मचारियों की तैनाती को जहां के निर्देश आए हैं उन्हें वहां भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर से एक जेटीओ, पालमपुर से एक चपड़ासी, जूनियर एसीस्टेंड आईटी 7 कर्मचारियों को नियमित किया गया है। बैजनाथ, नगरोटा बंगवा, जसूर, पठानकोट व धर्मशाला से है। इसके साथ हर प्रदेश सरकार द्वारा धर्मशाला मंडल के तहत 53 चालकों को नियमित किया गया है। 35 परिचालकों को भी नियमित किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्कशाप हेल्पर के 18 पदों को नियमित किया गया है। इसी प्रकार से जेटी के 14 कर्मचारियों को नियमित किया गया है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला मंडल के तहत जोगिंद्रनगर से चंबा तक के डिपो आते हैं, यहां से 129 कर्मचारियों को नियमित किया गया है। इन कर्मचारियों के नियमित किए जाने के आदेश जारी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी कर्मचारियों की सभी औपचारिकताएं पूरी कर नियमित रूप से सेवाओं में ले लिया जाएगा।

## युक्तिकरण से ट्रांसफर हुए शिक्षकों को रि-ज्वानिंग में आ रही दिक्कत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

युक्तिकरण को होल्ड करने के आदेश जारी होने के बाद शिक्षकों को पिछले स्कूलों में ज्वाइन करने में भारी दिक्कत पेश आ रही है। स्कूल मुखिया उनसे रिलीव करने के बाद ज्वाइन करने की तिथि तक के अर्जित अवकाश लिखवा रहे हैं। ऐसे में जिन शिक्षकों के पास ये अवकाश नहीं हैं उनको विशेष अवकाश या आकस्मिक अवकाश लेकर पिछले स्कूल वापस ज्वाइन करना पड़ रहा है।

विभागीय आदेशों के अनुसार रिलीव शिक्षकों को विभागीय आदेशों के अनुसार रि-ज्वाइन किया जाना विभागीय ड्यूटी और आदेश प्रक्रिया अनुपालन का हिस्सा है। ऐसे में ट्रांसफर शिक्षक को इस अवधि के लिए कोई भी अवकाश नहीं लगाया जाना चाहिए। इस बारे में उचित आदेश जारी करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश शिक्षा मंत्री से की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर सहित राज्य कार्यकारिणी सदस्यों एवं जिला हमीरपुर इकाई अध्यक्ष संजय वर्मा, जिला सचिव अजय कुमार सहित समस्त जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा कि युक्तिकरण करने के बाद अब एसओपी और इसकी नियमावली बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है, जबकि यह काम युक्तिकरण से पहले किया जाना चाहिए था। ऐसे में सभी युक्तिकरण आदेशों को रद्द करते हुए उन शिक्षकों को भी पिछले स्कूलों में ज्वाइन करने के आदेश दिए जाएं। उन्होंने इन आदेशों की अनुपालना की थी और समायोजन का प्रयास तक नहीं किया था।

युक्तिकरण का कार्य अब अगले सत्र में किया जाए और इस सत्र में उन सरप्लस पदों को समाप्त किया जाए जो टीजीटी शिक्षकों की सेवानिवृत्ति से रिक्त होंगे। इसके अलावा वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर हुए युक्तिकरण में आरटीई एक्ट और नई शिक्षा नीति में स्वीकृत 1.30 अनुपात और माध्यमिक स्तर पर 1.35 अनुपात अनुसार युक्तिकरण हुआ है। बिहार और पश्चिम बंगाल में 50 से 60 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक है, मगर हिमाचल में बिहार मॉडल लागू करना युक्तिसंगत नहीं है।

**युक्तिकरण होल्ड अवधि का नहीं काटा जाए अवकाश**

## सात ग्राम चिट्टे सहित मुख्य सप्लायर सुंदरनगर से दबोचा




अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर उपमंडल की एसआईयू टीम ने चिट्टा सहित मुख्य सप्लायर धर्मेंद्र उर्फ जॉन को गिरफ्तार किया है। एसआईयू टीम ने भवाना के समीप नाकाबंदी की थी और जिसमें बिलासपुर से मंडी की ओर आने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। करीब 10.30 बजे बिलासपुर की ओर से पटियाला डिपो की बस नंबर पीबी 11 सीजेड 8368 को चेकिंग के लिए रोका तो उसमें बैठा एक युवक पुलिस को देखकर खड़ा हो गया और हाथ में ली हुई वस्तु को पीछे वाली सीट पर फेंक दिया। आरोपी ने अपना नाम धर्मेंद्र पुत्र नानक चंद गांव कटवाई, जिला मंडी बताया। आरोपी द्वारा फेंकी हुई वस्तु को खोलकर उसकी जांच की तो उसमें चिट्टा पाया गया। जिसका वजन सात ग्राम पाया गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी चिट्टा व आत्महत्या हमले के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी सुंदरनगर में चिट्टा बेचने का मुख्य सप्लायर है, जो जॉन नाम से मशहूर है, जिसे एसआईयू टीम ने गिरफ्तार किया है। मौके पर एएसआई दौलतराम, मुख्य आरक्षी हंसराज सैनी आदि मौजूद रहे। मामले की पुष्टि भारत-भूषण डीएसपी सुंदरनगर ने की है।

# हिमाचल में 240 शराब के ठेके नहीं हुए नीलाम

अनंत ज्ञान, शिमला




हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा तय लक्ष्य के अनुरूप शराब के ठेकों की नीलामी न हो पाने के कारण अब सरकारी एजेंसियों के माध्यम से शराब की बिक्री की जाएगी। दरअसल दो चरणों में नीलामी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद भी प्रदेश में करीब 240 शराब के ठेके नीलाम नहीं हो सके हैं। ऐसे में अब सरकार ने इन बचे हुए ठेकों को सरकारी निगमों और एजेंसियों के माध्यम से चलाने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में शराब की बिक्री से 2850 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बुधवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जिन शराब के ठेकों की नीलामी नहीं हो पाई है, उन्हें अब हिमफेड, एचपीएमसी, एग्रो इंडस्ट्रीज

### सरकारी एजेंसियां बेचेंगी अब शराब

कॉरपोरेशन, सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन, वन निगम और नगर निगम जैसी सरकारी एजेंसियां चलाएंगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार ने बैठक कर फैसला ले लिया है और एक-दो दिन में इन ठेकों पर शराब की बिक्री शुरू कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में कुल 2100 शराब के ठेके हैं। इनकी नीलामी की प्रक्रिया 18 मार्च से शुरू की गई थी। इस दौरान करीब 1700 ठेके ही नीलाम हो सके जबकि पांच जिलों में लगभग 400 ठेके बिक नहीं पाए। इसके बाद राज्य सरकार ने यूनिट की बजाय सिंगल ठेका नीति के तहत टेंडर आमंत्रित किए। इसमें भाग लेने के लिए 50 हजार रुपए की अर्नेस्ट मनी जमा करवाने की शर्त रखी गई थी। 9 और 10 अप्रैल को इसके लिए टेंडर आमंत्रित किए गए, लेकिन इसके बावजूद 240 के करीब ठेके नीलाम नहीं हो पाए।

माना जा रहा है कि शराब ठेकों की कीमतें ज्यादा होने के चलते व्यापारियों की रुचि कम रही जिससे ये ठेके नहीं बिक सके। अब सरकारी निगम इन ठेकों को चलाएंगे, ताकि राजस्व में गिरावट न आए और प्रदेश में शराब की वैध बिक्री बनी रहे। अधिकारी स्तर पर इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जल्द ही ये ठेके संचालित हो जाएंगे।

**सुध** पहले चरण में 30 पशु भेजे जाएंगे नालागढ़ के गोसदन, जिले में करीब 700 पशु सड़कों पर घूम रहे बेसहारा

# बिलासपुर में बेसहारा पशुओं को मिलेगा सहारा

शुभम राही, बिलासपुर

जिला बिलासपुर में सड़कों पर बेसहारा घूम रहे पशुओं की समस्या पर अब प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाया है। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इन पशुओं को नालागढ़ के हांडा कुंडी स्थित गोसदन में शिफ्ट किया जाएगा। इस कार्य के पहले चरण में लगभग 30 पशुओं को भेजा जाएगा।

प्रशासन द्वारा नगर परिषद और पशुपालन विभाग को इस कार्य को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. विनोद कुंदी ने बताया कि नगर परिषद से इस संबंध में बातचीत हो चुकी है और बजटीय प्रावधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बेसहारा पशुओं को नालागढ़ पहुंचाने के लिए चार ट्रकों की व्यवस्था की जाएगी। हर ट्रक में अधिकतम 5 से 6 पशु ही भेजे जा सकेंगे। प्रति ट्रक किराया लगभग 11 हजार रुपए निर्धारित



**अनंत ज्ञान विशेष**

### ट्रकों से भेजे जाएंगे पशु, 60 हजार रुपए का अनुमानित खर्च

किया गया है, जिससे पहले चरण के लिए करीब 60 हजार रुपए का खर्च अनुमानित है। यह राशि सिर्फ परिवहन पर खर्च होगी, अन्य व्यवस्थाओं के लिए अतिरिक्त बजट की आवश्यकता हो सकती है।

बता दें कि जिले में इस समय 14 गोसदन संचालित हैं, जिनकी क्षमता 100-100 पशुओं की है। वर्तमान में ये सभी गोसदन पूरी तरह भरे हुए हैं। इसके बावजूद जिले में करीब 700 बेसहारा पशु अब भी सड़कों पर घूम रहे हैं। ये न केवल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं, बल्कि किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

एसडीएम बिलासपुर अभिषेक गर्ग ने बताया कि जनता को सड़कों पर घूमते पशुओं से राहत दिलाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन का प्रयास है कि चरणबद्ध तरीके से इन पशुओं को अन्यत्र गोसदनों में स्थानांतरित किया जाए, ताकि सड़कों पर यातायात सुचारु रहे और आम लोगों को सुरक्षा मिले। प्रशासन का यह कदम न केवल सड़कों पर व्यवस्था सुधारने की दिशा में अहम साबित होगा, बल्कि पशुओं को भी सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिलने में मदद करेगा।

वहीं, स्थानीय नागरिकों और किसानों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से सड़कों पर घूमते पशुओं से न केवल ट्रैफिक प्रभावित हो रहा था और बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ था।

प्रशासन की इस पहल से अब उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में जिले की सड़कों पर व्यवस्था सुधरेगी, आम जनता को राहत मिलेगी और बेसहारा पशुओं को भी सुरक्षित आश्रय मिलेगा। यदि यह योजना सफल रहती है, तो इसे अन्य जिलों में भी अपनाया जा सकता है, जिससे राज्यभर में पशु संरक्षण और जनसुरक्षा दोनों क्षेत्रों में सुधार संभव हो सकेगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं एसडीएम



वहीं, एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि पशुपालन विभाग को आदेश जारी किए गए हैं। इन आवारा पशुओं को नालागढ़ गोसदन में भेजा जाएगा। जिसके लिए कवायद आरंभ कर दी गई है। सड़कों पर यातायात सुचारु रहे और आम लोगों को सुरक्षा मिले, इसके लिए यह कदम उठाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु रविदास महासभा ने बाली को कहा थैंक्स

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक व नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली द्वारा विधानसभा क्षेत्र में न्यू बस स्टैंड पर बाबा साहब की भव्य प्रतिमा लगाने की घोषणा की गई थी। इसके लिए हिमाचल प्रदेश गुरु रविदास महासभा खंड इकाई नगरोटा बगवां चेयरमैन हरि राम हीर ने व अन्य ने उनका आभार जताया है।

### काली माता मंदिर शाहपुर में भागवत कथा कल से

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के काली माता मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होगी, जिसका आयोजन शाहपुर के वर्मा ज्वेलर द्वारा किया जा रहा है। वर्मा ज्वेलर्स के मालिक सुनील वर्मा ने बताया कि अपनी पूजनीय माता स्वर्गीय श्रीमती उषा रानी जी के चतुर्थवार्षिक श्राद्ध की पुण्य तिथि में सर्व पितृ मोक्षार्थ एवं सर्वजन कल्याणार्थ हेतु श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन काली माता मन्दिर शाहपुर में किया जा रहा है जिसमे महाराज श्री सर्वेश्वर शरण जी भागवत कथा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शुक्रवार 18 अप्रैल पुराण स्वागत एवं कलश यात्रा प्रातः 10बजे से होगी तथा कलश स्थापना व श्रीगणेश पूजन दोपहर 12 बजे होगा व कथा प्रवचन दोपहर 2बजे से सायं 6 बजे तक प्रतिदिन होगा।प्रतिदिन कथा के उपरांत भंडारे की व्यवस्था होगी।

### आईआरडीपी चयन को लेकर असमंजस

**अनंत ज्ञान, कोटला।** हाल ही में सरकार द्वारा आईआरडीपी चयन में पक्के मकान की शर्त को लेकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं वर्तमान उपप्रधान पंचायत डोल भटहेड़ साधू राम राणा ने कहा कि आईआरडीपी चयन में सरकार द्वारा जो पक्के मकान की शर्त निर्धारित की है उसको लेकर यह असमंजसता पैदा हो रही है कि आखिर पक्के मकान का आकार क्या तह किया जाए। क्योंकि कुछ परिवार ऐसे भी हैं जिन्होंने सरकारी सहायता या बैंक से कर्ज लेकर बड़ी मुश्किल से एक या दो कमरे किचन सहित बनाए हुए हैं जबकि उनका रहन सहन सीमित आय साधनों के कारण गरीबी रेखा से भी निचले स्तर का मौके पर देखा जा सकता है। अतः सरकार से अनुरोध है कि आईआरडीपी चयन में मकान के आकार मापदंड और मकान किन संसाधनों के माध्यम से बनाया गया का भी मापदंड निर्धारित किया जाए ताकि सरकारी योजनाओं एवं कर्ज के माध्यम से एक से दो कमरों के मकानों में रहने वाले गरीब परिवारों को आईआरडीपी के चयन में सिर्फ पक्के मकान का आधार मान कर बंचित न होना पड़ जाए।

### कार में बैठे युवकों से 6.2 ग्राम चिट्टा बरामद



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के अंतर्गत देर रात स्थानीय पुलिस ने न्यू बस स्टैंड शाहपुर के नजदीक वाहनों की चेकिंग के दौरान पठानकोट की तरफ से आ रही ऑल्टो कार (एचपी90 5783) को रोका तलाशी लेने पर उसमे बैठे युवकों से 6.2 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी तीनों युवकों की पहचान अक्षय कुमार (30) निवासी गांव मैटी, डाकघर घरोह, तहसील धर्मशाला, मुकेश कुमार (27) निवासी गांव चकवन राख, डाकघर चड़ी तहसील शाहपुर और रवि कुमार (30) निवासी बजरी कंपनी, सैणी मोहल्ला नजद वैनिश होटल, पठानकोट के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस द्वारा तीनों आरोपीयों के खिलाफ अभियोग संख्या 42/25 दिनांक 15/04/25 जेर धारा 21,29 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

# राजल में जल्द खुलेगा पीएचसी : मोंगरा

## 'आपका सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम में एपीएमसी के चेयरमैन का ऐलान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के तहत राजल पंचायत में जल्द पीएचसी खोला जाएगा। मटौर जनसभा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनता से वादा किया था, जिसपर तेजी से कारवाई की जा रही है। यह बात 'आपका सेवक आपके द्वार' कार्यक्रम में एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा ने राजल में कही।

निशु मोंगरा ने कहा कि विभागीय अधिकारी पीएचसी की प्रक्रिया में जुट गए हैं। आपका सेवक आपके द्वार कार्यक्रम में दर्जनों शिकायतें निपटाने के बाद निशु मोंगरा ने कहा कि राजल के मेला मैदान को जल्द नया लुक दिया जाएगा। इस कार्य में रिटेनिंग वाल, डंगे, ड्रेनेज, समतलीकरण होना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर यह काम किया जाएगा। सीएम ने सख्त निर्देश दिए हैं कि गांवों में बने मैदानों को सहेजा जाए। बजट आते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों की एक अन्य मांग पूरा करते हुए निशु मोंगरा ने कहा कि राजल क्षेत्र को जलशक्ति विभाग के कांगड़ा डिवीजन में शामिल किया जाएगा। इसके बाद राजल के लोगों को नए नल के कनेक्शन के लिए रानीताल के चक्करों से छुटकारा मिल जाएगा। निशु मोंगरा को ग्रामीणों ने बताया कि राजल में बिजली के बार-बार कट लगते हैं। इस पर निशु मोंगरा ने बिजली बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली की लाइनों की पड़ताल की जाए। इसमें जो भी कमी आएगी, उसे पूरा किया जाएगा। निशु मोंगरा ने आगे कहा कि इस गांव में मोक्षधाम का काम होना है, इसके लिए भी बजट आ गया है। काम शुरू कर दिया जाएगा। निशु मोंगरा ने हैरानी जताई कि आज तक इस क्षेत्र के लोगों की किसी समस्या की तरफ नेताओं का ध्यान नहीं गया। निशु मोंगरा ने कहा कि कांगड़ा विधानसभा हलके में मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों पर बिजली, पानी, सड़क आदि जरूरतों पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस अवसर पर राजल प्रधान सोनू, खोली के प्रधान केवल चौधरी, पूर्व प्रधान वरयाम, रिटायर्ड प्रिंसीपल मदन, ओमप्रकाश ठंडा, प्रद्युम्मन व अन्य मौजूद रहे।

**मेला मैदान को मिलेगा नया लुक मोक्षधाम के लिए भी मिला बजट**

# छल का खामियाजा भुगतना होगा सुक्खू सरकार को : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने कहा है कि सुक्खू सरकार को प्रदेश की जनता से किए गए छल का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बुधवार को धर्मशाला में जारी एक प्रेस बयान में कहा कि सुक्खू सरकार जनता को दुखी करके सुख भोग रही है, जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार गलत नीतियों, झूठी गारंटियों व हास्य कारनामों के कारण देश भर में हंसी की पात्र बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में एक हवा ही बची है जिस पर कांग्रेस सरकार को टैक्स लगाना बाकी है, पानी पर टैक्स, बिजली, राशन, सीमेंट, खनन पट्टों पर ऑनलाइन आवेदन करने पर प्रति टन 5 रुपये टैक्स, 5 रुपये ईवी टैक्स के साथ दो रुपये मिल्क सेस आदि अनेक चीजों को महंगा करके कांग्रेस सरकार खुद को सुख की सरकार की संज्ञा दी रही है। विश्व चक्षु ने कहा कि उन्होंने कहा की क्या सरकार ने 25 रु पर टॉयलेट सीट की अधिसूचना नहीं की थी और उसके बाद इस अधिसूचना को वापसी भी लिया गया। सच्चाई तो यह है की कांग्रेस सरकार जनता को छोड़ केवल अपने बारे में सोचती है। हिमाचल में केवल टैक्स का बोल बाला है और इससे महंगाई लगातार बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के पास इस भ्रष्टाचार और महंगाई को सहने के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि जब से भ्रष्ट कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, उनके पास महंगाई और आत्मघाती गारंटी के अलावा और कुछ नहीं है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू लोगों को भ्रमित करने का काम किया हैं। बार-बार झूठ बोलने से झूठ सच नहीं हो जाएगा। प्रदेश में लूटपाट और भ्रष्टाचार चरम पर है। युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर धोखा किया गया है।

# गर्मियों में आग की घटनाओं को लेकर रहें सतर्क : प्रो. नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन प्रणाली और आवश्यक आपदा प्रतिक्रिया उपायों का लाइव प्रदर्शन किया गया। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने अपने संदेश में मानव जीवन, वन्यजीवों और पर्यावरण के लिए खतरों को रोकने में अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से गर्म और शुष्क गर्मी के महीनों में आग लगने की घटनाओं के प्रति विशेष रूप से सतर्क रहने का आग्रह किया। पालमपुर फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी सुरिंदर कुमार ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की आग और उन्हें नियंत्रित करने के उचित तरीकों के बारे में शिक्षित किया। प्रमुख फायरमैन भाग सिंह ने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग और एलपीजी सिलेंडर की आग को नियंत्रित करने के तरीकों पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने आपातकालीन स्थितियों में अग्निशामक यंत्रों को संभालने की सही तकनीक के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी चारों महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 70 कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का समन्वयन इंजी. आदित्य अवस्थी, सहायक अभियंता और इंजी. अंकित शिंगारी, कनिष्ठ अभियंता ने किया। संपदा अधिकारी की ओर से कार्यकारी अभियंता इंजी. विपन नाग ने भाग लिया।

### लेख राज को चुना स्कूल प्रवक्ता संघ का प्रधान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के त्रिवार्षिक चुनाव 27 अप्रैल को होने निश्चित हुए हैं। इस संदर्भ में बुधवार 16 अप्रैल को यूनिट स्तर पर सर्वसम्मति से थुरल यूनिट के प्रधान पद के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुरल के लेख राज प्रवक्ता भौतिकी तथा सचिव पद के लिए अनिल जम्वाल प्रवक्ता वाणिज्य को चुना गया। यह चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक अनुपम बाला की देखरेख में संपन्न हुई। समस्त यूनिट ने एकजुट होकर जिला स्तर पर प्रधान पद के लिए सिकंदर मिन्हास प्रवक्ता रसायनिक विज्ञान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रवक्ता मनोज मेहरा, मोहिंदर ठाकुर, राजीव कुमार, प्रवीण कुमार, अजीत धीमान, वरुण दत्त, सीमा समकरिया, पूजा शर्मा, तमन्ना राणा व सीमा धीमान ने भी भाग लिया।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 22 स्टूडेंट्स ने मैथ ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के 22 छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया है। मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों के नाम काइना, माधव, सकैरा, दक्ष, पीयूष मयंक, जसप्रीत, कियांश, अयान, प्रणव, अयान, तरेश, साव्या, अनाहिता, अन्नव, प्रगुण, प्रणव, प्रगुण, सौमिली देवांश, रिधम और वंश हैं। स्कूल डायरेक्टर सनी महाजन ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम उत्कृष्टता की भावना को पोषित करने में विश्वास रखते हैं और यह सफलता उसी दृष्टिकोण की उपज है। वहीं, डायरेक्टर ओशिन महाजन ने कहा कि गणित बच्चों को आलोचनात्मक सोच और वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने की कला सिखाता है। मुझे हमारे होनहार छात्रों और प्रताप वर्ल्ड स्कूल में बनाए गए अकादमिक वातावरण पर बेहद गर्व है। वहीं, प्रिंसिपल शुभ्रा रानी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमारे छात्र लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, और यह उपलब्धि हमारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर प्रोत्साहन की नीति को सुदृढ़ करती है। (अनंत ज्ञान)

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### राजस्थान में कर्मचारी चयन बोर्ड में जॉब

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी
- 53000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि: 19 अप्रैल 2025

आयु सीमा : 18 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 10वीं
- आवेदन करें : rsmssb.rajasthan.gov.in

### बिहार पुलिस में नौकरी का मौका

कांस्टेबल
- कुल 19838 पद

अनारक्षित : 7,935 पद
आर्थिक रूप से कमजोर : 1,983
अनुसूचित जाति : 3,174
अनुसूचित जनजाति : 199
अत्यंत पिछड़ा वर्ग : 3,571
पिछड़ा वर्ग : 2,381
पिछड़ा वर्ग महिलाएं : 595
महिला (क्षैतिज आरक्षण) : 6,717
स्वतंत्रता सेनानी आश्रित : 397
- आवेदन की अंतिम तिथि: 18 अप्रैल 2025
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं
- आवेदन करें : csbc.bihar.gov.in

### एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया में अवसर

जूनियर एग्जीक्यूटिव
- कुल 309 पद
- आवेदन की शुरुआत: 25 अप्रैल, 2025 से

अंतिम तिथि: 24 मई, 2025
- न्यूनतम योग्यता: बीएससी (फिजिक्स और मैथमेटिक्स)
- आवेदन करें : www.aai.aero

### राजस्थान पुलिस में बनें सिपाही

कांस्टेबल
- कुल 9617 पद
- आवेदन की शुरुआत: 28 अप्रैल, 2025 से

अंतिम तिथि: 17 मई, 2025
- न्यूनतम योग्यता: 12 वीं पास
- आवेदन करें : recruitmentw.rajasthan.gov.in

### रेलवे में प्रबंधक बनने का अवसर

मैनेजर
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (सिविल) 35
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (इलेक्ट्रिकल) 17
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (एसएंडटी) 03
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (रोलिंग एवं स्टॉक) 04
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (आर्किटेक्चर) 08
जूनियर टेक्निकल मैनेजर (डेटाबेस एडमिन) 01
असिस्टेंट मैनेजर (खरीद) 01
- आवेदन की अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2025
- आवेदन करें : www.nhsrcl.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में सुनहरा भविष्य



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

**राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए)**
एनडीए परीक्षा क्रस्ट द्वारा साल में दो बार कराई जाती है। यह सबसे प्रतिष्ठित प्रवेश मार्ग है, खासकर पुरुष उम्मीदवारों के लिए। 12वीं (फिजिक्स और मैथ्स) के बाद आप इस परीक्षा में बैठ सकते हैं। सफल होने पर SSB इंटरव्यू होता है और फिर एनडीए खड़कवासला (पुणे) में ट्रेनिंग दी जाती है।

**भारतीय नौसेना- 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री**
यह PCM स्ट्रीम के छात्रों के लिए एक डायरेक्ट एंट्री है। इसमें JEE Main के स्कोर के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाता है फिर SSB इंटरव्यू होता है। चयनित उम्मीदवारों को 4 साल की B.Tech ट्रेनिंग मिलती है।

**भारतीय वायु सेना - एयरमैन ग्रुप X और Y**
12वीं पास छात्र ग्रुप X (टेक्निकल-PCM के साथ) व ग्रुप Y (नॉन-टेक्निकल) ट्रेड्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**तकनीकी प्रवेश योजना (ES)**
PCM स्ट्रीम के लड़कों के लिए TES स्कीम है, जिसमें बिना लिखित परीक्षा के सीधे SSB इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है। सफल उम्मीदवारों को OTA गया में ट्रेनिंग मिलती है।

**अन्य विकल्प :** आप भारतीय तटरक्षक बल, अर्धसैनिक बलों (BSF, CRPF) आदि में भी करियर बना सकते हैं। इसके अलावा कॉलेज में NCC जॉइन करना भविष्य में डिफेंस जॉब के लिए लाभदायक हो सकता है। यह एक सम्मानजनक करियर है जो देश सेवा, अनुशासन और लीडरशिप के साथ जीवन में स्थिरता भी देता है।



**भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना में भविष्य के लिए कई अवसर हैं। भारत एक शक्तिशाली देश है और उसकी सेनाएं दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से एक हैं। इन सेनाओं में शामिल होकर आप देश सेवा करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही देश की सुरक्षा में योगदान कर सकते हैं।**

# स्वयं को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें दूसरों से प्रतिस्पर्धा न करें





विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

**इस** संसार में प्रत्येक मानव अद्वितीय है। सभी की अपनी अपनी क्षमताएं और सीमाएं होती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनी क्षमताओं और योग्यताएं के अनुसार अपने क्षेत्र में श्रेष्ठतम बनने का प्रयास करना होता है। कोई भी दो मनुष्य क्षमताओं और योग्यताओं में एक समान नहीं हो सकते, इसीलिए किसी के साथ भी प्रतिस्पर्धा करना आवश्यक नहीं हो सकता। दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धात्मक नजरिया अपनाकर हम अपनी ऊर्जा और क्षमताओं को सीमित कर लेते हैं, जो उचित नहीं माना जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि हम जल में रहने वाली मछली को पेड़ पर चढ़ने में नाकाम मान लें तो यह मछली की क्षमताओं का कोई स्पष्ट आकलन नहीं हो सकता। उसकी अपनी विशेषताएं होती हैं, जो कि अद्वितीय होती हैं। यही बात प्रत्येक मानव के जीवन पर लागू होती है। अपने जीवन का लक्ष्य और करियर में आगे बढ़ने में प्रत्येक युवा को अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर और श्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। किसी के भी साथ प्रतिस्पर्धा करना उचित नहीं। ऐसा करने से हमारी ऊर्जा का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है और सकारात्मक परिणाम हासिल नहीं हो पाता।

### अपनी क्षमताओं के अनुसार ही लक्ष्य का करें निर्धारण

**करियर** के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण पहलू होता है कि हम अपनी क्षमताओं और सीमाओं का भली प्रकार से मूल्यांकन कर के लक्ष्य का निर्धारण करें। एक बार लक्ष्य निर्धारित करने पर पूरी एकाग्रता और समर्पण से उसे हासिल करने के लिए जुट जाना चाहिए। सफल व्यक्तियों के जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है और प्रेरणा प्राप्ति का प्रयास अवश्य किया जाना चाहिए. परंतु अपने इच्छित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ और उत्कृष्ट प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण होता है।

# हिमाचल में छात्रवृत्ति योजनाओं से संवर रहा छात्रों का भविष्य

**हिमाचल प्रदेश में कई छात्रवृत्ति योजनाएं उपलब्ध हैं, जो विभिन्न श्रेणियों के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। इनमें इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना, स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना, एचपी स्वर्ण जयंती मध्य मेरिट छात्रवृत्ति योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं।**

### इंदिरा गांधी उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना

**यह** योजना कक्षा 12 (कला, विज्ञान और वाणिज्य) और बीए, बीएससी, बीकॉम के मेधावी छात्रों को प्रति वर्ष 18,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

### स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट छात्रवृत्ति योजना

**यह** योजना मैट्रिक के बाद दो वर्षों तक लगातार मेधावी छात्रों को प्रति वर्ष 18,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

### एचपी स्वर्ण जयंती मध्य मेरिट छात्रवृत्ति योजना

**यह** योजना कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए है और इसका उद्देश्य प्रतिभा की पहचान करना और प्रारंभिक चरण में इसका पोषण करना है। इस योजना के तहत चयनित छात्रों को तीन साल में कुल 1,80,000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।





### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना

**इस** योजना के तहत पात्र छात्रों को 10 महीने तक 500 रुपए प्रति माह मिलते हैं, जबकि विकलांग छात्रों को 1,000 रुपए प्रति माह मिलते हैं।

### अन्य योजनाएं

**प्रगति छात्रवृत्ति :** यह योजना एआईसीटीई से अनुमोदित संस्थानों में तकनीकी डिग्री और डिप्लोमा करने वाली हिमाचल प्रदेश की 100 छात्राओं को 50,000 रुपए प्रति वर्ष की दर से छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

**आरकेएमवी लर्न एंड अर्न इंटर्नशिप:** यह योजना शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व क्षमता और सामुदायिक सेवा में रुचि रखने वाले छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

**सेंट्रल सेक्टर योजना :** यह योजना कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है, जो स्नातक स्तर पर 10,000 रुपए प्रति वर्ष और स्नातकोत्तर स्तर पर 20,000 रुपए प्रति वर्ष है।

**प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना :** इस योजना के तहत लड़कों को 2500 रुपए प्रति माह और लड़कियों को 3000 रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति मिलती है।

### आवेदन कैसे करें

छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन करने के लिए, आप संबंधित विभाग या सरकारी वेबसाइट पर जा सकते हैं।



## ज्ञान की बात

- हिमाचल में सबसे बड़ी प्राकृतिक झील कौन सी है? -रेणुका झील
- ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान हिमाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित है? -कुल्लू जिला
- महराणा प्रताप जलाशय हिमाचल के किस जिले में है? -कांगड़ा
- हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कहां आयोजित किया गया?- किलाड़ (पांगी)
- हाल ही में चर्चाओं में रहा कैनरी द्वीपसमूह किस महासागर में स्थित है? - अटलांटिक महासागर
- बीमा सखी योजना किस संस्था की पहल है? - भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)
- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में रेपो दर में कटौती के बाद नई रेपो दर क्या है? - 6 प्रतिशत
- पनामा नहर किन दो महासागरों को जोड़ती है?-अटलांटिक और प्रशांत
- राफेल-एम जेट्स को किस विमानवाहक पोत पर तैनात करने की योजना है? आईएनएस विक्रांत

## न्यूज ब्रीफ

### टीबी मुक्त पंचायतों के प्रधान किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, गगल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तियारा में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर राजेश ने बताया कि इस कार्यक्रम में कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि के साथ जसवाल ने टीबी मुक्त पंचायत को बधाई दी और टीबी के बारे में जानकारियां साझा कीं। इसमें तियारा ब्लॉक की आठ पंचायतें टीबी मुक्त हुई हैं। ग्राम पंचायत अनसोली और समीरपुर खास लगातार 2 वर्षों से टीबी मुक्त पंचायत रही हैं। एसडीएम जसवाल ने सभी पंचायत के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और एक महात्मा गांधी का स्टेच्यू देकर सम्मानित किया।

### पेट्रोल पंप पर बताए आग बुझाने के तरीके

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अग्निशमन विभाग कांगड़ा की ओर से 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह की मनाया जा रहा है। इस दौरान अग्निशमन विभाग कर्मियों की ओर से आगामी दिनों में सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं सार्वजनिक स्थानों पर आग के प्रकार एवं आग बुझाने के तौर तरीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा। इस अभियान के तहत बुधवार को कर्मियों पेट्रोल पंप कच्छियारी और टयोटा एजेंसी में काम रहे कर्मियों को आग से निपटने के टिप्स दिए। अग्निशमन विभाग कांगड़ा कार्यालय के इंचार्ज अनिल कुमार ने यह सेवा सप्ताह मुंबई बंदरगाह पर 14 अप्रैल 1944 में माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीकेन में आग लग गई थी और आग पर काबू पाने के प्रयास में लगभग 66 दमकल कर्मी शहीद हो गए थे। उन्हीं शहीदों की याद में हर वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है। वहीं, अग्नि दुर्घटनाओं पर कार्य करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी जाती है और 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कृषि विवि में रैगिंग विरोधी समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कुलपति प्रो. नवीन कुमार की अध्यक्षता में चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में विश्वविद्यालय स्तरीय रैगिंग विरोधी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य परिसर में किसी भी प्रकार की रैगिंग के खिलाफ निवारक उपायों की समीक्षा करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना तथा सभी छात्रों के लिए सुरक्षित, समावेशी और स्वागत योग्य वातावरण सुनिश्चित करना था। प्रो. नवीन कुमार ने समिति को संबोधित करते हुए रैगिंग मुक्त परिसर बनाए रखने में विश्वविद्यालय समुदाय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सदस्यों को बताया कि विश्वविद्यालय में अब तक रैगिंग की कोई घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी बताया कि गत शैक्षणिक सत्र में 387 स्नातक, 192 स्नातकोत्तर और 42 डॉक्टरेट छात्रों ने विश्विद्यालय में प्रवेश लिया है, जिससे विश्वविद्यालय में छात्रों कि कुल संख्या 2,072 हो गई है।

### जेस्मिन ईको क्लब ने रोपे औषधीय पौधे



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ विद्यालय कंडी के जेस्मिन ईको क्लब द्वारा हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर औषधीय पौधे रोपे गए। ईको क्लब के प्रभारी नरेश कुमार ने जानकारी दिन की इको क्लब के विद्यार्थी के साथ अध्यापक अनूप, तिलक राज, प्रोमिल, पूर्ण चंद द्वारा पौधरोपण एवं विद्यालय का सौंदर्यीकरण किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे टूरिस्ट स्पॉट होंगे विकसित : आरएस बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष बोले, पर्यटन हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र को नये आयाम देने के दृष्टिगत कार्य कर रही है।

नगरोटा बगवां तथा कांगड़ा में जनसमस्याएं सुनने के उपरांत पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि मुख्य मार्गों के नजदीक गांवों में छोटे-छोट टूरिस्ट स्पॉट भी विकसित किए जाएंगे ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने गोबिन्द सागर झील सहित अन्य जलाशयों में शिकारा, हाउसबोट, जेट-स्की इत्यादि सुविधाएं शुरू की गई हैं जबकि पौंग बांध भी जल्द ही यह सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लगभग 2 हजार 400 करोड़ रुपए की लागत से दो चरणों में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना बनाई है। पर्यटकों को बेहतर हवाई सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं तथा अधिग्रहण के लिए भूमि मालिकों को 355करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में 16 हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय विकास को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह सभी पहलें बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और राज्य के लोगों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण का हिस्सा हैं।

### सरकार ने एक्साइज, टूरिज्म, पावर और माइनिंग पॉलिसी में बदलाव कर कमाया दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व



**आरएस** बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्साइज, टूरिज्म, पावर और माइनिंग पॉलिसी में आवश्यक बदलाव कर दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। यह कदम प्रदर्शित करता है कि प्रदेश सरकार राजस्व अर्जन की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित और कमजोर वर्गों का कल्याण और उत्थान सुनिश्चित करना है। वर्तमान राज्य सरकार जनहित की दिशा में कार्य कर रही है और किसी भी कीमत पर प्रदेश की अमूल्य संपदा को लुटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने समाज के सुविधा संपन्न वर्गों से स्वेच्छा से बिजली सब्सिडी का त्याग करने की मुहिम शुरू की है और प्रदेश के लोग इस मुहिम में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

### बिना टेंडर के करवाया जा रहा भूकंप स्मारक का काम : अमित वर्मा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद कांगड़ा द्वारा भूकंप स्मारक पर आठ लाख का शेड निर्माण कार्य बिना ऑनलाइन टेंडर के करवाया जा रहा है, जो नियमानुसार एक लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों के लिए अनिवार्य है। यह बात जारी प्रेस बयान में कांगड़ा जन हित संगठन के अध्यक्ष अमित वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि एक लाख रुपये से अधिक का कार्य ऑनलाइन टेंडर के बिना नहीं किया जा सकता, तो यह कार्य कैसे करवायां जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा लोहे के सामान के लिए कोई कोटेशन नहीं ली गई और एक चुनिंदा दुकान से मनमाने दाम पर सामान खरीदा जा रहा है व जो बिल्डिंग का वर्क कर रहे हैं क्या वह नगर परिषद के कर्मचारी है। अमित वर्मा ने कहा कि भूकंप स्मारक पर शेड बनाने के बजाय पुराना कांगड़ा के बालाजी मार्ग की मरम्मत करवाई जाए, जहां से रोजाना हजारों लोग आते-जाते हैं और वहां पर रेन शेल्टर बनवाकर जनता को सुविधा प्रदान की जा सकती है।

### सालगिरह मुबारक



अर्की के मनोज शर्मा व कृतिका शर्मा को शादी की 16वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### उपजातियों को गद्दी शब्द से वंचित किए करने पर फिर भड़का समुदाय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गद्दी समुदाय की छह उपजातियों को गद्दी शब्द से वंचित किए जाने को लेकर अब एक बार फिर आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके चलते अब हिमाचलयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश का 20 अप्रैल रविवार को कांगड़ा के चांमुडा डाढ़ में राज्य कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही महिला विगं व जिला कांगड़ा कार्यकारिणी का भी गठन व विस्तारा किया जाएगा। इसके साथ ही वर्षों से लंबित गद्दी शब्द की मांग को प्रदेश सरकार से जोर-शोर से उठाए जाने को रणनीति बनाई जाएगी। वहीं, अब तक सरकार के सुस्त रवैये को लेकर हिमालयन गद्दी यूनियन ने कड़ा रूख इख्तियार करने को भी चेता दिया है। हिमालय गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने कहा कि 1867 के कांगड़ा के गजट में गद्दी शब्द जुड़ा है। पिछले एक दशक से वर्षों में प्रदेश सरकार से मांग उठाए जाने पर जांच करवाई गई, जिस पर जिला प्रशासन कांगड़ा व चंबा की ओर से गद्दी शब्द जुड़ना सही पाया गया है। इसके बाद भी मांगों पर गंभीरतापूर्ण तरीके से विचार नहीं हो रहा है, तो अब फिर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

#### इंद्रुनाग को माना जाता है बारिश का देवता, भंडारे के साथ होगा कन्या पूजन

## आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए एचपीसीए पहुंचेगा इंद्रुनाग के दर

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में मई माह में होने जा रहे आईपीएल मैचों के सफल आयोजन को लेकर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के पदाधिकारी 20 अप्रैल को धर्मशाला के खनियारा स्थित आराध्य देवता भगवान इंद्रुनाग को मनाने के लिए विशेष पूजन करेंगे। ताकि मैच का सफल आयोजन सुनिश्चित हो पाए, इसके लिए रविवार को एचपीसीए प्रबंधन की ओर से इंद्रुनाग मंदिर में पूजा और हवन के साथ भंडारा भी किया जाएगा। अभी धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के करीब 17 दिनों का समय शेष बचा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला मई में फिर आईपीएल के रंग में रंगेगा। एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में 4, 8 और 11 मई को पंजाब किंग्स की टीम लखनऊ, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के साथ मैच खेलेगी। दो मैच शाम साढ़े सात बजे होंगे, वहीं एक मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।

मैचों के दौरान बारिश न हो, इसके लिए एचपीसीए के पदाधिकारी खनियारा स्थित इंद्रुनाग देवता के मंदिर में शीश नवाएंगे। इंद्रुनाग को बारिश का देवता माना जाता है। माना जाता है कि क्षेत्र में जितने भी छोटे-बढ़े आयोजन होते हैं तो इंद्रुनाग देवता से बारिश न होने के लिए पूजा-अर्चना की जाती है। इंद्रुनाग मंदिर में रविवार 20 अप्रैल को पूजा-अर्चना के साथ मंदिर में भंडारा होगा और कन्या पूजन भी करवाया जाएगा। सचिव अवनीश परमार ने कहा कि धर्मशाला के आराध्य देवता इंद्रुनाग के पूजन कर शीश निभाया जाएगा। रविवार को खनियारा स्थित इंद्रुनाग मंदिर में यज्ञ के साथ-साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सनातन धर्मशाला में हम अपने देवी-देवताओं की पूजा करते हैं और इंद्रुनाग धर्मशाला के अराध्य देवता हैं और मैच की सफलता के लिए उनका पूजन किया जाएगा और पूर्व में यदि कोई गलती हुई है, तो उसके लिए क्षमा भी मांगी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## सोसायटी की अपील- 'नेकी की दीवार' अभियान में करें सहयोग

**सुमन शर्मा, नगरोटा बगवां**



फटे-पुराने कपड़े न रखें अच्छे कपड़े ही रखें

सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी नगरोटा बगवां न्यू बस स्टैंड में 'नेकी की दीवार' के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के लिए नेकी का कार्य रही है। 'नेकी की दीवार' में लोगों के अच्छे और प्रेस किए हुए कपड़े रखे जाते हैं, जो कि जरूरतमंदों के काम आते हैं। सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के वालंटियर्स प्रतिदिन इस 'नेकी की दीवार' में कपड़ों को छांटकर अच्छे तरीके से रख देते हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को अच्छे कपड़े मिल सकें, लेकिन करीब एक माह से यह देखने में आ रहा है कुछ असामाजिक लोग फटे-पुराने कपड़े इस 'नेकी की दीवार' में रख दे रहे हैं, जिससे सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के वालंटियर्स आहत हैं, क्योंकि उनके द्वारा रोज की जा रही मेहनत पर पानी फेरा जा रहा है। मंगलवार को भी वालंटियर्स ने ऐसे ही न जाने कितनी कपड़ों की गठरियों को रिजेक्ट किया, जो कि बिलकुल भी पहनने लायक नहीं थे। सोसायटी के सदस्य बृजमोहन कायस्था, रविंद्र नागपाल, नवनीत मेहता और अरुण गुप्ता ने लोगों से अपील की है कि इसमें वही कपड़े रखे जाएं, जो अच्छे हों और प्रेस किए हों।

# केंद्र सरकार लोकतंत्र का गला घोंट रही : पठानिया

## कांग्रेस नेताओं पर चार्जशीट दायर करने की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है तथा लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी नेता, चेयरपर्सन सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज और सच्चाई से बुरी तरह डरी हुई है, जिस परिवार ने देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उसी परिवार को झूठे आरोपों से बदनाम करने की नाकाम कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यतकर्ता तथा देश के 140 करोड़ लोग हम हर हथकंडे के सामने डटकर खड़े रहेंगे और इस लड़ाई को भी जीतकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र प्रदान किया है तथा इस लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने के मंसूबों को हरगिज कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह एजेंसी केंद्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को बेवजह तंग करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी की सक्रियता से घबरा कर इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेता संसद में जनहित के मुद्दों को उठा रहे हैं। केंद्र सरकार राजनीतिक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि देश को बनाने व संवारने में गांधी परिवार का महत्वपूर्ण योगदान है। राहुल गांधी हमेशा आमजन की लड़ाई लड़ते हैं। केंद्र सरकार के इस तरह के प्रयास उन्हें रोक नहीं सकते।

## बैजनाथ व्यापार मंडल के भवन के उद्घाटन का विवाद और बढ़ा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ व्यापार मंडल के कार्यालय के संबंध में मामला दिन प्रतिदिन सुलझाने की बजाय बिगड़ा ही जा रहा है। बुधवार को बैजनाथ नगर परिषद के पुराने पंचायत घर में व्यापार मंडल के ऑफिस के उद्घाटन पर तालाबंदी पर स्पष्टीकरण देते हुए कार्यकारी अधिकारी एवं सचिव द्वारा बताया गया कि व्यापार मंडल द्वारा यह उद्घाटन जल्दबाजी में एचपी म्यूनिसिपल एक्ट 1994 की औपचारिकता पूरी किए बिना करवाया गया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष को पत्र द्वारा यह बताया जा चुका था कि एनओसी में कमियों को पूर्ण करके ही वे पंचायत घर में अपना ऑफिस खोले, परंतु कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की बजाय व्यापार मंडल द्वारा आनन-फानन में उद्घाटन करवा दिया गया। व्यापार मंडल द्वारा इस बिल्डिंग में बिना अनुमती के बदलाव किए गए और पूरे फ्लोर पर कब्जा करने की कोशिश की गई।

कार्यकारी अधिकारी नप द्वारा बताया गया कि एक कमरे के लिए पर्याप्त व्यापार मंडल के ऑफिस को बिना किसी किराये के किचन बाथरूम 2 हॉल सहित पूरा फ्लोर देने पर उनके द्वारा आपत्ति जतायी गई थी। (अनंत ज्ञान)

## घमीरपुर में जब्त किए चार टुल्लू पंप

### जल शक्ति विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई

**शिव गुलेरिया, हरिपुर**

हिमाचल प्रदेश में ज्यों ज्यों तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है वैसे-वैसे कई स्थानों से पानी की कमी की खबरें अक्सर सुनने को मिल रही हैं, वहीं कुछ लोग पानी की चोरी कर रहे हैं। जल शक्ति विभाग हरिपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नंदपुर भटौली के गांव घमीरपुर में पिछले कुछ दिनों से घमीरपुर में पानी की सप्लाई में कमी की कंप्लेंट विभाग को मिल रही थीं, जिस पर आज विभागीय टीम ने कनिष्ठ अभियंता जीत धीमान के नेतृत्व में औचक निरीक्षण के दौरान चार स्थानों पर पानी की डायरेक्ट सप्लाई के साथ टुल्लू पंप जुड़े हुए पाए, जोकि कानूनी तौर पर अवैध है। इस पर कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने उक्त चार टुल्लू पंपों को जब्त कर लिया।

गौरतलब है कि इनमें से एक व्यक्ति द्वारा कुछ दिन पूर्व 1100 पर सुचारु रूप से पीने के पानी की सप्लाई न आने की कंप्लेंट भी दर्ज करवाई गई थी, परंतु वह व्यक्ति मौके पर खुद पानी की चोरी करता हुआ पाया गया इस दौरान विभाग ने अपनी टीम के साथ उसे अचानक निरीक्षण के दौरान रंगे हाथों पानी की चोरी करते हुए पकड़ा। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता मनीष कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि घमीरपुर में चार लोगों से टुल्लू पंप पकड़े गए हैं, जो कि उन्होंने अपने घरेलू नलों के साथ सीधे जोड़कर चलाए हुए थे गर्मियों में लोगों को पानी की समस्या पेश न आए इसके चलते टीम जगह-जगह निरीक्षण भी कर रही है। उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति विभागीय सप्लाई के साथ टुल्लू पंप का डायरेक्ट प्रयोग न करें, अन्यथा जिस तरह से आज पानी की चोरी करने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हुई है, वह आगे भी जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यटकों और वाहन चालकों को बांटेगा थ्रेश बैग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से तैयार किए गए थ्रेश बैग अब पर्यटकों व वाहन चालकों को वितरित किए जाएंगे। जिससे कूड़ा-कचरा न फैलाने व क्षेत्र व पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने की मुहिम को ओर अधिक बल मिल पाएगा। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, डीन प्रमुख पर्यटन और निदेशक सीपीईएएचसीटी के साथ क्षेत्रीय अधिकारी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला के प्रयोगशाला प्रमुख ने हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता अभियान के लिए जागरूकता और संवेदनशीलता पैदा करने के लिए अभियान शुरू किया। सीपीईएएचसीटी और एचपी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धर्मशाला द्वारा डिजाइन किए गए थ्रेश बैग का बुधवार को अनावरण किया।

## क्योरी को नगर पंचायत में शामिल करने का विरोध

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

खंड विकास बैजनाथ के तहत ग्राम पंचायत क्योरी को नगर पंचायत में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध जताया है। क्योरी में ग्राम पंचायत प्रधान शिव कुमार की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 25 जनवरी को बीड़ बिलिंग के प्रतिनिधि मंडल ने चार पंचायत बीड़, गुनहेड, चौगान और क्योरी को मिलाकर नगर पंचायत बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया था, जिसका क्योर गांव के लोगों ने विरोध किया।लोगों का कहना है कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और न ही किसी ग्राम सभा में कोई चर्चा की गई। उसके बाद 5 अप्रैल को नगर पंचायत बनाने वारे उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ की अध्यक्षता में विशेष बैठक बुलाई गई उसमें चारों पंचायत के प्रतिनिधिमंडल प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य तथा पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित हुए। एसडीएम ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों से नगर पंचायत बनाने बारे जानकारी ली, परंतु क्योरी व गुनहेड़ के सदस्यों और पंचायत समिति सदस्य ने इसका जोरदार विरोध किया। उनका कहना था पंचायत के लोगों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत क्योरी से इसके विरोध में 130 लोगों का हस्ताक्षर किया हुआ पत्र भी एसडीएम को सौंपा और अनुरोध किया गया कि अप्रैल माह की ग्राम सभा के दौरान इस बारे में जानकारी ली जाएगी।

### बीपीएल सूची में चयन के नए पात्रता मापदंड तय

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विकास खंड बैजनाथ में बीपीएल परिवारों की सूची को नए मापदंडों के आधार पर दोबारा तैयार किया जा रहा है, इसके तहत वर्तमान में बीपीएल में शामिल सभी परिवारों को भी नए सिरे से आवेदन करना अनिवार्य हुआ, ताकि सरकार द्वारा तय किए गए ने पात्रता मापदंडों के अनुसार पूनः मूल्यांकन किया जा सके। इच्छुक परिवार 30 अप्रैल तक अपनी संबंधित ग्राम पंचायत में निर्धारित घोषणा पत्र सहित आवेदन करने सकते हैं।

## पठानकोट पुलिस ने लोगों के खोए 200 मोबाइल फोन किए बरामद

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** एक तरफ जहां पठानकोट पुलिस नशा तस्करों तथा शरारती तत्वों पर नकेल कस रही है, वहीं दूसरी तरफ पठानकोट में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन खुलने के बाद पठानकोट पुलिस को और मजबूती मिली है। बुधवार को पठानकोट पुलिस ने लोगों के करीब 200 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए। पुलिस द्वारा बरामद किए गए इन मोबाइल फोन को वापस लौटाने पर लोग पठानकोट पुलिस की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। मोबाइल फोन के मालिकों सुनीता कुमारी, राकेश कुमार आदि ने बताया कि वे अपने मोबाइल फोन वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पठानकोट पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को उनके फोन भी लौटाए, इसके लिए वे पुलिस के आभारी हैं।

## साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी में पंजाबी सिंगर गगन कोकरी ने गानों से बांधा समां

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



बैसाखी के त्योहार की खुशी पर साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी, पठानकोट में रंगारंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें फेमस पंजाबी सिंगर गगन कोकरी ने छात्रों को मनोरंजन किया। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज, उपाध्यक्ष रिया पुंज ने गगन कोकरी का साई पॉलिटेक्निक कॉलेज आने पर वेलकम किया। गगन कोकरी ने अपने पंजाबी गानों से स्टाफ और स्टूडेंट्स को मोहित कर लिया।

ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज ने कहा कि बच्चों की खुशी को देखते हुए मुझे भी अपने कॉलेज के दिन याद आ गए। उन्होंनें कहा कि बैसाखी एक राष्ट्रीय त्योहार है, जिसे देशभर में रहने वाले सभी धर्मपंथ के लोग अलग-अलग तरीके से मनाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार बैसाखी पर्व हर साल 13 अप्रैल को मनाया जाता है। वैसे कभी-कभी 13 वर्ष में यह त्योहार 14 तारीख को भी आ जाता है। भारत भर में बैसाखी का पर्व सभी जगह मनाया जाता है। इसे दूसरे नाम से खेती का पर्व भी कहा जाता है। कृषक इसे बड़े आनंद और उत्साह के साथ मनाते हुए खुशियों का इजहार करते हैं। बैसाखी मुख्यत: कृषि पर्व है। पंजाब की भूमि से जब रबी की फसल पककर तैयार हो जाती है तब यह पर्व मनाया जाता है। इस कृषि पर्व की आध्यात्मिक पर्व के रूप में भी काफी मान्यता है। केवल पंजाब में ही नहीं बल्कि उत्तर भारत के अन्य प्रांतों में भी बैसाखी पर्व उल्लास के साथ मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

**प्रोजेक्ट** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को आईआईटी रोपड़ के सहयोग से मिली प्रतिष्ठित परियोजना

# सीयू को एएनआरएफ की ओर से 10 करोड़ रुपए मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ के सहयोग से अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशनकी (उन्नत अंत: विषय अनुसंधान को बढ़ावा देना) पहल के तहत एक प्रतिष्ठित परियोजना से सम्मानित किया गया है। इस परियोजना को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल गई है, जिसमें हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को 10 करोड़ का पर्याप्त वित्त पोषण प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कहा कि अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ), भारत सरकार के एक सांविधिक निकाय ने श्त्वरित नवाचार और अनुसंधान के लिए भागीदारी (पीएआईआर) नामक एक नया कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के उन संस्थानों की शोध क्षमता को बढ़ावा देना है। जहाँ अनुसंधान अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन जिनमें अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है, उन्हें बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्यों मेंय पर्याप्त प्रभाव और परिणाम के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी अनुसंधान का समर्थन करनाय विविध संस्थानों के बीच सफल और उत्पादक सहयोगी नेटवर्क को बढ़ावा देनाय और संस्थानों की उन्नति को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने मूल रूप से 11 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया था, और स्वीकृत राशि विश्वविद्यालय की शोध महत्वाकांक्षाओं के लिए मजबूत समर्थन की पुष्टि करती है। अनुदान में पांच प्रमुख शोध उपकरणों और कई शैक्षणिक और शोध गतिविधियों के लिए वित्त पोषण शामिल है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश कुमार, डीन, स्कूल ऑफ फिजिकल एंड मैटेरियल साइंसेज, परियोजना के प्रमुख अन्वेषक के रूप में कार्य कर रहे हैं। सह-प्रमुख अन्वेषकों में तीन अलग-अलग विभागों यानी भौतिकी, रसायन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के संकाय सदस्य शामिल हैं। इसमें भौतिकी विभाग से डॉक्टर पवन हीरा, डॉ. विकास आनंद, डॉक्टर सुरिंदर पॉल, डॉ. नूरजहां, डॉ. गौरीशंकर साहू और पर्यावरण विज्ञान से डॉ. दिलबाग राणा, डॉ. नीरज गुप्ता- रसायन विज्ञान विभाग से शामिल हैं। यह परियोजना तीन प्रमुख फोकस क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए दोनों संस्थानों के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देगी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक सामग्री और उपकरण, इंजीनियरिंग से संबंधी उपकरण और ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के लिए सामग्री शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### सैहब सोसायटी के कर्मियों को बने स्थायी नीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** प्रदेश रविदास धर्म सभा के अध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने नगर निगम शिमला के सैहब सोसायटी के कर्मचारियों को स्थायी नीति बनाने, आउटसोर्स ठेका प्रथा खत्म करने सहित निगम कर्मचारियों को भी ओपीएस लागू करने की मांग की है और कहा है कि सभा जल्द ही इसको लेकर आंदोलन करेगी। भाटिया ने कहा कि सरकारी भूमि पर जिनके मामूली अवैध कब्जे हैं, जिनसे उनकी गुजर बसर में अहम योगदान है।

### कसुम्पटी में आज होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा कसुम्पटी के तहत वीरवार को सुबह 11 बजे ब्लॉग पंचायत, दोपहर बाद 2 बजे दरभोग पंचायत और शाम 4 बजे दहना पंचायत में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कसुम्पटी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल ठाकुर द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क योजना के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान भी विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष राहुल ने कहा कि भारत के महान दूरदर्शियों में से एक डॉ. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे देशभर में मनाई गई। डॉ. अंबेडकर की विरासत को जानबूझ कर कम करके आंकने और अन्यायपूर्ण रूप से सीमित करने के प्रयास हुए हैं।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई की ग्राम पंचायत कुड्डू के एयर फोर्स से रिटायर्ड ऑफिसर आत्मा राम, गुम्मा के हुल्ली से सदीक मोहम्मद, जुब्बल की डीम पंचायत से मंगत राम शोल्टा, मुनीष शोल्टा, चेतन बन्टा और नदपुर पंचायत से बालानंद धमटा नरेंद्र मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने सभी का भाजपा में स्वागत किया तथा उन्हें विश्वास दिलाया की उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### एसजेवीएनएल ने चेक किया भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड के निदेशक कार्मिक अजय कुमार शर्मा और कन्सलटेंट डॉ. एमपी सूद ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम लाभांश के रूप में 1,21,32,67,020 (121.33 करोड़) रुपये का चेक भेंट किया। हिमाचल प्रदेश का सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड में 26.85 प्रतिशत शेयर है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित थे।

### सीएम को दिया दिव्य रथ यात्रा का निमंत्रण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को श्री सत्य साईं सेवा संगठन हिमाचल प्रदेश ने संगठन की दिव्य रथ यात्रा का निमंत्रण दिया। हिमाचल प्रदेश में यह रथ यात्रा एक मई, 2025 को श्री बालासुन्दरी मंदिर जिला सिरमौर से आरम्भ होगी। इस अवसर पर संगठन के राज्य के अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र वर्मा और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चिढ़गांव की बेटियों ने थाईलैंड में चमकाया नाम

## किक बॉक्सिंग में हासिल किए पदक, उपायुक्त अनुपम कश्यप ने दोनों को किया सम्मानित

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**थाईलैंड** के बैंकॉक शहर में 7 से 12 अप्रैल तक आयोजित फर्स्ट थाईलैंड किक बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में जिला शिमला के चिढ़गांव क्षेत्र की दो बेटियों दीक्षिता शिलाल और सनिका लल्टवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश, देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दीक्षिता ने माइनस 56 किलोग्राम श्रेणी में सिल्वर जबकि सनिका ने इसी श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया।

इन दोनों खिलाड़ियों ने बुधवार को उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप से शिष्टाचार भेंट की। उपायुक्त ने उन्हें उनकी इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करते हुए कहा कि चिढ़गांव की इन बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि समर्पण और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीक्षिता और सनिका, दोनों युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और इनकी सफलता से प्रदेश के अन्य युवा भी खेलों की ओर आकर्षित होंगे।

अनुपम कश्यप ने कहा कि खेल केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और खेलों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन इन खिलाड़ियों को नशे के विरुद्ध अभियान का चेहरा बनाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा जागरूक हों।

बता दें कि सनिका लल्टवान, गांव संधाड़ी (चिढ़गांव) की निवासी हैं। उन्होंने 2016 में वुशु से खेल करियर की शुरुआत की। इसके बाद ताइक्वांडो और फिर किक बॉक्सिंग में उन्होंने कई राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए। 2023 में खेलो इंडिया शिलांग में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और 2025 में दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया। बीए स्नातक की पढ़ाई कर रहीं सनिका को उनके माता-पिता और कोच का भरपूर समर्थन मिला।

वहीं दीक्षिता गांव डिसवानी (चिढ़गांव) की रहने वाली हैं। उन्होंने 2014 से जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू किया। 2019 से उन्होंने किक बॉक्सिंग को अपनाया और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण व रजत पदक जीते। 2025 में गाला फाइट में भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं जिन्हें स्वर्ण पदक व गाला बेल्ट प्राप्त हुआ। दीक्षिता वर्तमान में सीमा कॉलेज, रोहड़ू से बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। पिता के निधन के बावजूद उनकी मां ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। दोनों ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, कोच वीरेंद्र और सहयोगी डॉ. संजय यादव को दिया। (अनंत ज्ञान)



नशे के खिलाफ दोनों को दिया जाएगा अहम दायित्व

### स्थानीय प्रतिभाओं को दे रहीं प्रशिक्षण

**सनिका** और दीक्षिता ने 2024 में चिढ़गांव में 'हिमालयन वॉरियर मार्शल आर्ट्स अकादमी' की स्थापना की है। इस अकादमी के माध्यम से वे स्कूली बच्चों को प्रशिक्षित कर रही हैं ताकि युवा खेलों की ओर प्रेरित हों और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलों से जोड़ें और सकारात्मक माहौल दें।

### बीएस मेहता ने सीएम को भेंट की दो पुस्तकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को 1971 के वार वेटरन ब्रिगेडियर बीएस मेहता ने दो पुस्तकें द बर्निंग सैफिज और ग्रिट टू ग्लोरी भेंट की। मुख्यमंत्री ने लेखक के उत्कृष्ट लेखन की सराहना करते हुए कहा कि ये पुस्तकें युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होंगी।

### सीएम राहत कोष में 71 हजार का अंशदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्राथमिक शिक्षक संघ, शिक्षा खंड सराहन, जिला शिमला ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू को समेज में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए दो स्कूलों की मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में 71 हजार रुपये का चेक भेंट किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान ओम प्रकाश नेगी, महासचिव चमन लाल और कोषाध्यक्ष संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

# संजीवनी सहारा समिति ने श्रद्धांजलि के तौर पर की एक लाख रुपए से आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**संजीवनी** सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है। जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, अहसाय जरूरतमंद एवं बीमार लोगों की आर्थिक मदद करना है। समिति ने उपमंडल जुब्बल के भूपिंद्र सिंह भूपी के परिवार को श्रद्धांजलि के तौर पर एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। भूपिंद्र सिंह भूपी पुलिस विभाग में कार्यरत थे। जिनको कुछ दिन पहले वाहन दुर्घटना में गंभीर चोटें आ गई थी और आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन थे। गंभीर चोटें लगने के कारण उनका आकस्मिक निधन हो गया।

भूपिंद्र सिंह भूपी एक नेक दिल इंसान थे जो सदैव लोंगों की सहायता के लिए दिन रात तत्पर रहते थे। उल्लेखनीय है कि वे संजीवनी सहारा समिति के पिछले लंबे समय से सक्रिय सदस्य रहे है। समिति ने अपने संविधान के अनुसार फैसला लिया है कि यदि किसी सदस्य का आकस्मिक निधन हो जाता है तो समिति उसके परिवार वालों को कम से एक लाख रुपए की आर्थिक मदद करेगी। संजीवनी सहारा समिति अभी तक लगभग पचास लाख रुपये से ऊपर की आर्थिक मदद कर चुकी है। संजीवनी सहारा समिति में 300 के करीब सदस्य हो चुके है जिनके सहयोग से ये सभी जन सेवा के कार्य निरन्तर चलते आ रहे है। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था सदैव ही निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद और असहाय लोंगों की आर्थिक मदद करती आ रही है और सदैव करती रहेगी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष दिशू वालिया, प्रेस सचिव रविंदर शर्मा, कुशाल नेगी, राजेश चौहान, बंटी ठाकुर, संदीप सोनी एवं मनोज चौहान मौजूद रहे।



# प्रदेश में भाजपा के 18 लाख साधारण सदस्य : कश्यप

## जुब्बल-कोटखाई में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के खड़ापत्थर में आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा और देशहित में किए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

कश्यप ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब तक 18 लाख साधारण सदस्य और 27 हजार सक्रिय सदस्य बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की उपलब्धियों से अवगत कराना और भविष्य में राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प को दोहराना है।

कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए ऐतिहासिक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी की यही भावना है। राष्ट्र प्रथम इसी सोच के साथ सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन पूरे प्रदेश में आयोजित किए जा रहे है। भाजपा का इतिहास एवं विकास पर चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष अरूण फाल्टा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरूण फाल्टा,अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश डोगरा, जुब्बल मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा, कोटखाई नावर मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा सहित जुब्बल नावर कोटखाई के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कांग्रेस राज में माफियाराज हावी : चेतन बरागटा

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार माफियाराज और भ्रष्टाचार के मकड़जाल में जकड़ गई है। प्रदेश में हर तरफ अराजकता व भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कांग्रेस सरकार के अढ़ाई वर्षों के कुशासन ने प्रदेश को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा किया है। सरकार ने मात्र दो साल 5 महीने में प्रदेश को 32,000 करोड़ के नए कर्ज के बोझ तले दबा दिया, जिससे कुल कर्ज 1,03,000 करोड़ तक पहुंच गया है। सरकार की लूट और भ्रष्टाचार ने विकास को पूरी तरह से ठप कर दिया है।

# सदर थाना बिलासपुर को प्रभारी और टीम ने बनाया 'सर्वश्रेष्ठ'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर थाना बिलासपुर को वर्ष 2024 में अपराध नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और नशा तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया है। यह सम्मान पुलिस विभाग की ओर से तय किए गए विभिन्न मापदंडों पर खरे उतरने के बाद दिया गया है। इस उपलब्धि का श्रेय थाना प्रभारी हरनाम सिंह और उनकी टीम को दिया गया है, जिन्होंने पूरे साल कानून व्यवस्था बनाए रखने में अनुकरणीय कार्य किया। वर्ष 2024 में थाना क्षेत्र में सड़क हादसों की संख्या में उल्लेखनीय कमी देखी गई, जबकि 2023 में 39 सड़क हादसे दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर केवल 17 रह गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थानों और टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसका सीधा असर सड़क दुर्घटनाओं पर पड़ा और दो गुना तक कमी दर्ज की गई। सदर थाना ने नशा तस्करी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वर्ष 2024 में कुल 53 मामले दर्ज किए, जिनमें संलिप्त 90 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र में घट रही चोरी की वारदातों के पीछे अधिकतर आरोपी नशे के आदी थे। थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के कुल 30 मामलों को पूरी तरह सुलझा लिया गया है। प्रारंभ में आरोपितों की पहचान में कुछ कठिनाइयां थीं, लेकिन बाद में पुलिस टीम ने सभी केसों को सुलझा कर पीड़ितों को न्याय दिलाया। बिलासपुर में हुए गोलीकांड को समयबद्ध तरीके से सुलझाना भी सदर थाने की सफलता का बड़ा कारण बना। आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिससे मामले का निपटारा तेजी से हुआ। एसपी संदीप धवल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'यह हमारे लिए गर्व की बात है कि बिलासपुर मुख्यालय का थाना प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ चुना गया है। इसका श्रेय थाना प्रभारी और उनकी समर्पित टीम को जाता है।'

# मेले में लगाई अस्थायी दुकानें अभी तक नहीं हटाई

## 9 अप्रैल को संपन्न हो चुका है घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव, दुकानदारों में भारी रोष

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव संपन्न अपने के सात दिन बाद भी मेले के दौरान बाहरी व्यापारियों द्वारा लगाई गई अस्थायी दुकानें नहीं हटाई गई हैं। इससे स्थानीय दुकानदारों में भारी रोष व्याप्त है। व्यापार मंडल का कहना है कि इन दुकानों के चलते न केवल स्थानीय व्यापारियों को नुकसान हो रहा है बल्कि गांधी चौक से लेकर तहसील परिसर तक का मार्ग भी दिनभर जाम रहता है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बताते चलें कि हर वर्ष 5 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस ग्रीष्मोत्सव के दौरान बाहरी व्यापारी अपनी अस्थायी दुकानें लगाते हैं, परंतु हर वर्ष की तरह इस बार भी मेला समाप्त होने के एक सप्ताह के बाद भी उन्होंने अपनी दुकानें नहीं हटाई हैं, जबकि व्यापार मंडल ने मेला शुरू होने से पहले ही उपमंडलीय अधिकारी मेला समाप्त होने के चार से पांच दिनों के भीतर अस्थायी दुकानों को हटाये जाने की बात की थी ताकि स्थानीय दुकानदारों के व्यवसाय पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। लेकिन अफसोस की बात है कि प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि फेरीवाले पहले ही घर-घर जाकर सामान बेचते हैं, जिससे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। ऐसे में मेले की अस्थायी दुकानें उनकी समस्याओं को और बढ़ा रही हैं। ग्राहकों की संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है, जिससे व्यापारी वर्ग में निराशा है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कार्रवाई कर इन अस्थायी दुकानों को नहीं हटाता है, तो व्यापारी स्वयं विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे और इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। व्यापारियों ने प्रशासन से अपील की है कि आम जनता की सुविधा और व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से अस्थायी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि घुमारवीं के बाजार में फिर से सामान्य स्थिति बहाल हो सके। (अनंत ज्ञान)



**व्यापार** मंडल द्वारा प्रशासन को मेला शुरू होने से पहले ही अवगत करवा दिया था कि मेला खत्म होने के तीन-चार दिन बाद अस्थायी दुकानों को हटाया जाए, लेकिन अभी तक दुकाने नहीं हटाई गई हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। अगर वीरवार को दुकाने नहीं हटाई गई, तो व्यापार मंडल इसका कड़ा विरोध जताएगा।

**- हेमराज सांख्यान, प्रधान व्यापार मंडल, घुमारवीं**

**मेला** प्रशासन द्वारा अस्थायी दुकानदारों को 15 अप्रैल तक अपनी दुकाने लगाने की अनुमति दी थी। आज सभी को इन अस्थायी दुकानों को हटाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं फिर भी अगर कोई दुकानदार अपने दुकान नहीं हटता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-गौरव चौधरी, एसडीएम, घुमारवीं**

### शादी का झांसा देकर दुराचार करने का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला के तहत आने वाले एक गांव की महिला के साथ एक युवक द्वारा शादी का झांसा देकर दुराचार करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत के आधार थाना बरमाणा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुराचार का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने कहा है कि एक युवक द्वारा उसे शादी का झांसा देकर पिछले 3 वर्ष से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना रहा है। आरोप लगाया कि इस दौरान वह 2 बार गर्भवती भी हुई तथा आरोपी ने उसे दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करवाया। आरोप लगाया कि अब आरोपी उससे शादी करने से मना कर रहे हैं तथा उसके परिजन और वह उसे सामाजिक तौर पर बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

### भाजपा कर रही बदले की भावना से काम : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान में भाजपा की केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार डरी हुई है इसलिए ही विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। संदीप सांख्यान ने कहा कि साल 2014 में भाजपा की केंद्र में सरकार बनी है तब से लेकर मंहगाई, रोजगार जैसे मुद्दों से बचना चाहती है तो ऐसे में नेशनल हेराल्ड जैसे विषयों पर बवाल मचा कर देश की जनता को बरगलाने की कोशिश करती है। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय केंद्र सरकार के हाथों कठपुतली मात्र बन कर रह गया, जिसका डट कर दुरुपयोग केंद्र सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि सी पी पी नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से 60-70 घंटे पूछताछ करने के बाद अब फिर से नेशलन हेराल्ड केस की फ़ाइल सिर्फ और सिर्फ बदले की भावना से खोली गई है ताकि केंद्र सरकार में विपक्ष आवाज को कुचला जा सके। यह भाजपा की केंद्र सरकार की एक सोची समझी षड्यंत्रकारी राजनीति है।

### कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को संकट में डाला : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि प्रदेश की जनता पर पिछले अढ़ाई वर्ष से लगातार टैक्स लगाना एवं प्रदेश की ट्रेजरी पिछले छह माह से लगातार बंद होने से कोई अतिशियोक्ति नहीं की। प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रदेश को आर्थिक आपात की ओर धकेल चुकी है। उन्होंने प्रेस को जारी बयान में कहा कि प्रदेश की इस कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले तो बड़ी-बड़ी डींगे हांकी थीं, लेकिन जनता को गुमराह करके सत्ता हथियाने वाली इस सरकार ने पहले डीजल, पैट्रोल पर वैट बढ़ाया, फिर बसों के किराये बढ़ाए, फिर स्टांप ड्यूटी 12 प्रतिशत कर दी, मैप पासिंग फीस बढ़ाई, न्यूनतम बस किराया पांच रुपए से दस रुपए तथा अस्पताल में पर्ची बनवाने के भी दस रुपए कर दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के इन तुगलकी फरमानों के कारण हैरतंगेज है और मजबूरी में गरीब मध्यम वर्ग को सुक्खू सरकार की मार झेलनी पड़ रही है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वो झूठी गारंटियां जिसमें प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह, एक वर्ष में एक लाख नौकरियां, 300 यूनिट बिजली फ्री, दो रूपए प्रति किलो गोबर, 100 रूपए प्रति लीटर दूध सहित अन्य गारंटियों से सत्ता प्राप्त होने पर किनारा कर केवल पिछली भाजपा सरकार को कोसना ही सुक्खू सरकार का एजेंडा बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश के खजाने को अपनी वित्तमंडली को जुटाने का संकल्प ले रखा है और हिम केयर, सहारा योजना, गृहिणी सुविधा शगुन योजना सहित अन्य जन कल्याण की योजनाओं को बंद करके प्रदेश की गरीब जनता को ईलाज करवाने के लिए पुनः उनको अपनी जमीन व जेवरात गिरवी रखने को मजबूर कर दिया है।

### प्रोफेसर डॉ. नम्रता पठानिया को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. नम्रता पठानिया को 15 अप्रैल 2025 को हिमाचल दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार द्वारा उनके शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिला मंडी से संबंध रखने वाली डॉक्टर नम्रता ने जिला शिमला से अपनी प्रारंभिक शिक्षा के पश्चात सेंट मेरिस कॉन्वेंट स्कूल कसौली से दसवीं और चंबा गर्ल्स स्कूल से +2 की शिक्षा प्राप्त की। तदुपरांत महाराजा लक्ष्मण सिंह कॉलेज सुंदरनगर से बीएससी तथा अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर एवं एमफिल की डिग्री हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से स्वर्ण पदक के साथ अर्जित की। उन्होंने इंडियन इंग्लिश लिटरेचर पर शोध किया तथा पीएचडी की उपाधि सीपीयू कोटा राजस्थान से प्राप्त की। शिक्षण क्षेत्र में रुचि के अनुसार डॉ. नम्रता की लगभग 20 वर्ष की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज हमीरपुर से हुई, जहां उन्होंने अंग्रेजी व्याख्याता के रूप में 3 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं और उसके बाद सितंबर 2009 में उच्च शिक्षा विभाग में अंग्रेजी विषय की सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुईं। वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में अध्यापन के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण क्लब्स एंड सोसायटीज के संयोजक के रूप में अपना कार्यभार बखूबी निभा रही हैं।

### चंगर अनुभाग के तहत आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने बताया कि 17 अप्रैलको पेड़ों की काट-छांट व बिजली की लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते चंगर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पुलिस लाइन मंदिर और को-ऑपरेटिव बैंक के आसपास आने वाले क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्तिथि पर निर्भर रहेगा।

### धराडसानी व धनेटा में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने बताया कि 18 अप्रैल को पेड़ों की काट-छांट व लाइनों की आवश्यक मरम्मत हेतु ऋषिकेश अनुभाग के अंतर्गत धराडसानी और धनेटा में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही डियारा अनुभाग के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों ओएल, पूर्णिम मॉल, मेन मार्किट, कोसरियां, कालेज चॉक, डिग्री कॉलेज, गांधी मार्किट व आईपीएच सब डिविजन में प्रातः 9 बजे से शाम 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

**कार्यक्रम** जुखाला स्कूल से पासआउट हुए छात्रों ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# मार्कंडेय में हुआ गुरु-शिष्य मिलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

इंसान के जीवन के पहले गुरु शिक्षक ही होते हैं, जो केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी प्रदान करते हैं। शिक्षक ही सही और गलत का अंतर सिखाते हैं तथा हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है तथा सपनों को पूरा करने के लिए सही मार्गदर्शन करते हैं। उनके समर्पण और मेहनत से ही कई बच्चे उंचाइयो पर पहुंचे है और अपनी इस उपलब्धि का श्रेय खुशी-खुशी अपने शिक्षकों को देते है। इसी तरह से एक कार्यक्रम का आयोजन उतरी भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल महाऋषि मार्कंडेय मंदिर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन जुखाला स्कूल से 1978 के पासआउट बैच ने किया। 1978 में जुखाला स्कूल से मैट्रिक पास हुए इन बैच ने 48 साल बाद गुरु शिष्य मिलन समारोह का आयोजन किया। गौरतलब है कि जुखाला स्कूल से पासआउट हुए इन छात्रों में से अधिकतर छात्र आज अपने अपने क्षेत्रो से सेवा निवृत हो चुके है, जबकि कुछ छात्र आज भी अपना निजी कार्य कर रहे है। इस ग्रुप के छात्र विभिन्न विभागों के विभिन्न उच्च पदों पर अपनी सेवाए दे चुके हैं और कुछ निजी क्षेत्र में बहुत बड़ी खयाति प्राप्त कर चुके है। यह लोग देश के कई राज्यों तथा विदेशो में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। इस बैच के सदस्यों ने सभी से मिलने का कार्यक्रम बनाया जिसमे अपने गुरुओं को सम्मानित करने का भी कार्यक्रम आयोजित किया जिससे छात्रों और गुरुओ में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई और सभी ने जीवन के अपने अपने अनुभव साझा किए। इस 1978 पासआउट बैच द्वारा आयोजित इस कार्यकम का आयोजन रामस्वरूप चंदेल, पुरुषोतम दास वैद्य, रामलाल ठाकुर, डॉ. रोशन लाल तथा रणजीत सिंह ने किया, जिसमें इस बैच के लगभग 40 सदस्यों ने भाग लिया।



### गुरुओं को किया सम्मानित

मार्कंडेय में संपन्न हुए गुरु शिष्य मिलन समारोह में रौशनी चंदेल, सुख राम चंदेल, जगदीश कौंडल, ओपी मेहता, राम रतन शर्मा, परमानंद शर्मा, चेत राम शर्मा तथा संत राम शर्मा को सम्मानित किया गया इन सभी शिक्षकों ने 1978 में पासआउट हुए इस बैच को पढ़ाया था।

# घुमारवीं शहर में लावारिस पशुओं से हर कोई परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में लावारिस पशुओं की समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शहर की सड़कों पर लावारिस पशुओं की संख्या आम जनता के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। स्थानीय लोग न सिर्फ सड़कों पर इन पशुओं की वजह से यातायात में बाधा झेल रहे हैं, बल्कि इनकी आपसी भिड़ंत और हिंसक प्रवृत्ति के कारण दुकानों, वाहनों और पैदल चलने वालों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य बाजारों, स्कूलों और व्यस्त चौराहों पर अक्सर इन बड़े बैलों को लड़ते हुए देखा जा सकता है।

कई बार इन के झगड़ों में दुकानों के सामने रखे सामान का नुकसान होता है तो कभी राह चलते लोगों की बाइक और स्कूटर गिरा देते हैं। दुकानदार दिनभर पशुओं को हटाने में ही उलझे रहते हैं, जिससे उनका व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। खास बात यह है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में बिलासपुर जिले में लावारिस पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की जान जा चुकी है। अब जब स्कूल दोबारा खुल चुके हैं तो यह समस्या और गंभीर हो गई है। पैदल स्कूल जाने वाले बच्चों के अभिभावकों में डर का माहौल है। अभिभावकों का कहना है कि वह अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में डर महसूस कर रहे हैं क्योंकि किसी भी समय ये पशु आक्रामक हो सकते हैं।

कई बार छोटे बच्चों को देखकर भी बैल उत्तेजित हो जाते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगता है। स्थानीय निवासी और व्यापारी लंबे समय से प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि इन लावारिस पशुओं को शहर से हटाया जाए और उनके लिए किसी सुरक्षित गौशाला या देखभाल केंद्र की व्यवस्था की जाए, लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन अभी भी इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे बैठा है।

# पांगी के जीत सिंह ठाकुर ने रचा इतिहास

## 111 किलोमीटर सड़क समय से पहले बनाने पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचल** प्रदेश की गौरवशाली धरती पर एक बार फिर पांगी घाटी चंबा का नाम रोशन हुआ है। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (SE) जीत सिंह ठाकुर को 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेश सरकार द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वार्षिक सड़क अनुरक्षण योजना के अंतर्गत 111 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य को मार्च 2025 की समय-सीमा से 4-5 महीने पहले ही शत-प्रतिशत भौतिक व वित्तीय उपलब्धि के साथ पूरा करने पर मिला।

वर्तमान में बिलासपुर में तैनात जीत सिंह ठाकुर इससे पूर्व चंबा डिवीजन में अधिशाषी अभियंता के पद पर कार्यरत थे और अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के चलते अधीक्षण अभियंता पद पर पदोन्नत होकर बिलासपुर में 2023 को पदस्थ हुए। यह गौरवपूर्ण क्षण उनके लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि वर्ष 2017 में भी हिमाचल दिवस के दिन उन्हें तत्कालीन वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री द्वारा चंबा में यह पुरस्कार मिल चुका है।

जीत सिंह ठाकुर की जीवन-यात्रा प्रेरणादायक रही है। पांगी घाटी के एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने कुछ समय सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमांडेंट के पद पर भी सेवा दी और फिर यूपीएससी परीक्षा दो बार उत्तीर्ण की। अंततः वर्ष 2000 में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में सेवा आरंभ की। उनके परिवार में सेवा की भावना रची-बसी है। एक भाई शिक्षक हैं और दूसरा भाई आईजीएमसी शिमला में एसोसिएट प्रोफेसर। आज उनका पूरा परिवार विभिन्न सरकारी सेवाओं में योगदान दे रहा है।

जीत सिंह ठाकुर की यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि हिमाचल के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि कठिन परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद अगर समर्पण और ईमानदारी से कार्य किया जाए तो असंभव कुछ भी नहीं। हिमाचल प्रदेश के विकास की रफ्तार में जीत सिंह ठाकुर जैसे समर्पित अधिकारियों की भूमिका किसी रीढ़ से कम नहीं और पांगी की यह धरती एक बार फिर उनके माध्यम से गौरवांवित हुई है।



### जीत ठाकुर बोले- मेरी समर्पित टीम की मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन का परिणाम है पुरस्कार

**जीत** सिंह ठाकुर ने अपने 25 वर्षों के विभागीय सेवाकाल को पूर्ण करते हुए इस सम्मान को पूरे विभाग की टीम को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार मेरे अकेले का नहीं, बल्कि मेरी समर्पित टीम की मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। हम सब मिलकर हिमाचल के विकास में और अधिक ऊर्जा के साथ काम करते रहेंगे।

# चौराह को टूरिज्म हब बनाने की पहल तेज

## सांसद राजीव भारद्वाज को सीडी राणा ने सौंपा विजन डॉक्यूमेंट

**अनंत ज्ञान, चुराह**




**चुराह** घाटी को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाने और इसे एक सशक्त टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। चुराह में आयोजित भाजपा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन के दौरान चौराह वैली ईको टूरिज्म संगठन के सह-संस्थापक एवं समाजसेवी सीडी राणा ने चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज को एक विजन डॉक्यूमेंट सौंपा।

इस ज्ञापन में चौराह की पर्यटन संभावनाओं, प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय संस्कृति एवं ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की रूपरेखा साझा की गई। सीडी राणा ने सांसद को अवगत करवाया कि 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर चौराह होमस्टे में 'चौराह वैली इको टूरिज्म संगठन' का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य चुराह को आत्मनिर्भर पर्यटन केंद्र बनाना है।

सांसद राजीव भारद्वाज ने सीडी राणा की पहल की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि चुराह को पर्यटन के नक्शे पर लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे और जल्द ही चौराह के विकास के लिए एक विशेष योजना की घोषणा की जाएगी। यह मुलाकात न केवल चौराह की भविष्य की संभावनाओं को उजागर करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जब स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो परिवर्तन की राह प्रशस्त होती है। चुराह के नागरिकों ने इस सकारात्मक पहल का स्वागत करते हुए इसे चुराह के सुनहरे भविष्य की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

# राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन कल से 25 तक चंबा दौरे पर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**राज्यसभा** सांसद व हिमाचल प्रदेश की राजनीति में रणनीतिक चाणक्य कहे जाने वाले हर्ष महाजन का 18 से 25 अप्रैल तक का दौरा कार्यक्रम घोषित हो गया है।

महाजन 18 को प्रातः 7 बजे शिमला से हवाई मार्ग द्वारा धर्मशाला के लिए रवाना होंगे, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा प्रातः 9 बजे चंबा के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2 बजे तक चंबा पहुंचेंगे। 18 से 23 तक महाजन चंबा जिले में स्थानीय दौरों, बैठकों, पार्टी कार्यक्रमों और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। उनका यह दौरा विशेष रूप से चंबा क्षेत्र के विकास, केंद्र व राज्य परियोजनाओं की समीक्षा और जनसंपर्क को समर्पित रहेगा। इसके बाद 24 अप्रैल को वे चंबा से प्रातः 9 बजे सड़क मार्ग द्वारा जम्मू-कश्मीर के बसोली के लिए रवाना होंगे और दोपहर 12 बजे वहां पहुंचेंगे। बसोली से वे पुनः धर्मशाला के लिए रवाना होंगे और शाम 6 बजे तक वापसी करेंगे, जहां रात का विश्राम होगा। अंतिम दिन 25 अप्रैल को श्री हर्ष महाजन सुबह 8 बजे धर्मशाला से हवाई मार्ग द्वारा शिमला लौटेंगे। इस दौरान जिला प्रशासन व पुलिस विभाग को आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु सूचित कर दिया गया है।

यह दौरा ना केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे चंबा क्षेत्र की विकास योजनाओं को नई दिशा और गति मिलने की संभावना है।

# मदन बौद्ध ने लगाई प्रधान पद पर हैट्रिक

## बौद्ध गोंपा सोसायटी पतलीकूहल के चुनाव संपन्न, नमझेल बौद्ध को मिली उपप्रधान की कमान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



**हर** तीन वर्षों के अंतराल के बाद बौद्ध गोंपा सोसायटी पतलीकूहल में हुए चुनावों में मदन बौद्ध ने एक बार फिर विश्वास की जीत हासिल की है। उन्हें लगातार तीसरी बार सोसाइटी का प्रधान चुना गया है। उनका यह चयन सर्वसम्मति से हुआ, जो इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने पूर्व कार्यकालों में संस्था के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। चुनाव में नमझेल बौद्ध को उप-प्रधान, छेतन बौद्ध को सचिव, फुंचोंग बौद्ध को संयुक्त सचिव, तथा नाषंग को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया।

सोसायटी के वरिष्ठ सदस्यों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में यह चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरा पालन किया गया। मदन बौद्ध ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह केवल पद नहीं, एक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि प्रयास करेंगे कि सोसायटी के सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। युवा पीढ़ी को भी इन गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, ताकि हमारी परंपराएं जीवित रहें और नई दिशा प्राप्त करें।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया और कहा कि वे समाज की भलाई और बौद्ध संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु मिलकर प्रयास करेंगे। स्थानीय लोगों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनकी नेतृत्व क्षमता से सोसाइटी को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी। बौद्ध गोंपा सोसाइटी पतलीकूहल क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रमुख केंद्र रही है, और यह चुनाव संस्था के भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# आईपीएल के मैचों को लेकर दर्शकों को टिकटों का इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में मई माह में होने जार रहे टाटा-आईपीएल तीन मैचों के आयोजन को लेकर दर्शकों को अभी से टिकटों के इंतजार में देखा जा रहा है। फ्रैंचाइजी की ओर वेबसाइट पर अभी तक पंजाब किंग्स के मैचों की टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू नहीं की गई है, जबकि काउंटर टिकट के लिए भी दर्शकों को अभी इंतजार करना होगा। जानकारी के अनुसार अभी तक पंजाब किंग्स के केवल 15 अप्रैल तक के मैचों के लिए ही टिकटों को ऑनलाइन बेचा जा रहा है। जबकि 20 अप्रैल को मोहाली में होने वाले मैच की टिकटों की ऑनलाइन सेल शुरू नहीं की है। जिससे प्रदेश सहित पंजाब के क्रिकेट प्रेमियों को धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों की टिकट के लिए अभी एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के अनुसार पंजाब किंग्स की ओर से पंजाब में बचे दो मैचों की टिकटों को पहले ही बेचा जाएगा, ताकि इन मैचों में भी दर्शकों की संख्या अधिक हो। क्रिकेट खेल प्रेमी टिकटों को लेकर लगातार स्टेडियम के चक्कर लग रहे हैं।

**मैचों के आयोजन को लेकर धर्मशाला स्टेडियम पूरी तरह तैयार**

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान टिकटों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री का अधिकार केवल फ्रैंचाइजी का होता है। इसमें एचपीसीए को कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है। फ्रैंचाइजी ने कब इसकी सेल करनी है। अभी यह तय नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एक सप्ताह के भीतर धर्मशाला में होने वाले मैचों की ऑनलाइन बिक्री शुरू होगी। उन्होंने कहा कि मैचों को लेकर सभी तैयारियां को अंतिम रुप दिया जा रह है तथा मैचों के आयोजन को लेकर स्टेडियम पूरी तरह से तैयार है।

# हिलटॉप स्कूल के छात्रों ने हिमाचली गीत और लोक कविताओं से मोहा सबका मन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**




डलहौजी हिलटॉप स्कूल ने बड़े हर्षोल्लास के साथ हिमाचल दिवस मनाया। स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने हिमाचल की संस्कृति, विरासत और उपलब्धियों का दिवस मनाया। स्कूल के विद्यार्थियों ने गांधी चौक डलहौजी में हिमाचली गीत व लोक कविताओं की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। जिसमें दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यार्थियों ने प्रदेश की विविधता परंपराओं और विकास यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस विशेष दिन की सबसे आकर्षक गतिविधि अध्यापक बनाम विद्यार्थी क्रिकेट मैच रहा, जोकि सभी के लिए मनोरंजन और सहयोग की भावना से भरपूर रहा। विद्यालय की अध्यक्ष पूनम राय धवन ने सभी विद्यार्थियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने छात्रों को हिमाचल दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अपने राज्य के प्रति संस्कृत धरोहर को संभालना है। उन्होंने कहा कि दिल लगाकर पढ़ाई करें। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति के गीत गाए व राज्य के उन्नति के लिए प्रार्थना भी की।

# विभागीय पत्र पर पर्यावरण समूहों ने जताई चिंता

## राज्य सरकार की ओर से कानून के क्रियान्वयन के बीच, वन विभाग की ओर से जारी पत्र पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में वन अधिकार कानून 2006 के क्रियान्वयन को लेकर हाल ही में एक नई बहस सामने आई है। राज्य के कुछ प्रमुख पर्यावरण एवं सामाजिक संगठनों ने वन विभाग द्वारा जारी एक पत्र पर चिंता जताई है, जिसे जिला स्तर के अधिकारियों को भेजा गया है। इन संगठनों का कहना है कि यह पत्र, जो वन अधिकार मान्यता की प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, कानून की भावना के अनुरूप नहीं है।

हालांकि, राज्य सरकार द्वारा वन अधिकार कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हाल ही में कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अगुवाई में जिला स्तर पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य प्रशासनिक और स्थानीय इकाइयों को इस कानून की प्रक्रियाओं और दायरे के प्रति संवेदनशील बनाना है। संगठनों का मानना है कि विभागीय पत्र से कुछ भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, विशेषकर 'अन्य परंपरागत वन निवासियों' (ओटीएफडी) की पात्रता और वन भूमि पर की जाने वाली आजीविका गतिविधियों को लेकर। इनका सुझाव है कि इन पहलुओं पर सभी विभागों के बीच समन्वय एवं स्पष्टता आवश्यक है ताकि क्रियान्वयन में किसी प्रकार की गलतफहमी न हो।

पर्यावरण समूहों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे कानून की प्रक्रिया का पूरी तरह सम्मान करते हैं और यह अपेक्षा रखते हैं कि संबंधित विभाग भी ग्राम सभा आधारित सत्यापन और अनुमोदन प्रणाली में पूर्ण विश्वास बनाए रखें।

### समाज व सरकार बनाएं संतुलन का मॉडल

**इन** समूहों ने आशा जताई कि राज्य सरकार, जनजातीय मामलों का मंत्रालय और वन विभाग मिलकर इस दिशा में स्पष्ट संवाद की प्रक्रिया शुरू करेंगे, जिससे न केवल समुदायों के अधिकारों की रक्षा होगी बल्कि हिमाचल के जैविक और पारिस्थितिक तंत्र का संरक्षण भी सुनिश्चित हो सकेगा।

### वनों के भविष्य के लिए एक साझा अपील

**हिमाचल** के वनों का भविष्य समुदायों, प्रशासन और पर्यावरण विशेषज्ञों की साझी जिम्मेदारी है। जब सभी पक्ष एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी टिकाऊ विकास और पारिस्थितिक संतुलन का लक्ष्य साकार हो सकेगा।

### वन विभाग की चिंताओं को नकारा नहीं गया

**समूहों** ने यह भी स्वीकार किया कि वन विभाग की ओर से पारिस्थितिक संतुलन और वन संरक्षण को लेकर जताई गई चिंताएं महत्वपूर्ण हैं। इन मुद्दों को नकारा नहीं जा सकता, लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि इन्हें हल करने का सबसे अच्छा रास्ता समुदायों के साथ सहभागिता और संवाद है।

### सूडोकु नवताल- 7403

*****
मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# विकसित भारत 2047 विषय पर सम्मेलन 23 और 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र मोहली के अर्थशास्त्र, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा 23 व 24 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. कुलदीप अतरी ने जानकारी दी कि यह सम्मेलन 'विकसित भारत 2047' विषय पर केंद्रित है और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत की आजादी के 100 वर्षों के उपलक्ष्य में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में ठोस सुझाव और विचार प्रस्तुत करना है।

# टकारला में मनाया बाबा भर्तृहरि मंदिर का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही**

**उपमंडल** अंब की ग्राम पंचायत टकारला में स्थित बाबा भर्तृहरि मंदिर का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया था और आयोजकों द्वारा जगराते का आयोजन करवाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने रातभर भक्ति संगीत का आनंद लिया।

आयोजको का कहना हैं की बाबा पर्थडी जी के मंदिर का स्थापना दिवस हर साल धूमधाम से मनाया जाता हैं इस मंदिर में श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी सैकड़ों की संख्या में भक्तजन बाबा भर्तृहरि के दरबार में पहुंचे और माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगराते के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर कई गणमान्य और प्रबुद्ध लोग भी उपस्थित रहे जिनमें विजय ठाकुर, रतन चंद ठाकुर, निर्मल सिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर, अजय ठाकुर, ओमप्रकाश, सुरिंदर ठाकुर, सोनू राणा, ओमकार सिंह, अमनीष ठाकुर,कुलभूषण लठ सहित गांव के अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 अप्रैल, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** चतुर्थी (03:26): **नक्षत्र** अनुराधा (05:55), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : वरियन (00:48) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित(11:55-12:46) **राहुकाल** (01:57-03:34)।

**विशेष दिन**

17 अप्रैल सती अनुसूया जयंती आज।

17 अप्रैल विश्व हीमोफीलिया दिवस आज।

**मेषः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषभः** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मिथुनः** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कर्कः** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**सिंहः** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**कन्याः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**तुलाः** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिकः** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनुः** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मकरः** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीनः** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

# धर्मपुर के बहरी में मापी लकड़ी की चौड़ाई और मोटाई

# केंद्रीय टीम ने की लकड़ी कटान की जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**धर्मपुर** के बहरी में पिछले दिनों लकड़ी को लेकर काफी हंगामा हुआ था और मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है। वहीं इसी को लेकर केंद्रीय पर्यावरण ने तीन सदस्य टीम का गठन कर जांच रिपोर्ट तुरंत सौंपने की बात कही है। इसी को लेकर बुधवार को केंद्रीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और वहां मौके पर वन विभाग के अधिकारियों व उपस्थित लोगों से भी बात की। वहां मौके पर लकड़ी के बारे में पूछताछ की और उसकी रिपोर्ट के अनुसार जांच को अंजाम दिया। इस मौके पर पहुंचे टीम के सदस्यों ने लकड़ी की मोटाई व चौड़ाई की नाप नपाई भी की। उन्होंने पूछा कि यहां जो लकड़ी आई क्या इन सबकी स्वीकृति ली गई है तो इस पर वन विभाग ने अधिकारियों ने बताया कि लोगों की मलकियत भूमि से जो लकड़ी काटी है। उसके परमिट जारी किए गए थे और जो लकड़ी प्रतिबंधित है उसको अलग कर दिया गया है। केंद्रीय जांच टीम ने इस दौरान कई अहम प्रश्न भी किए और उनके जवाब भी मांगे। वहीं पर टीम ने तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं शिकायतर्ता सुरेंद्र ठाकुर ने केंद्रीय जांच दल के समक्ष तथ्य रखे और इस पूरे प्रकरण को लेकर कई अहम सुराग देने की बात कही। इस पर केंद्रीय दल ने उन्हें जल्दी से जल्दी तथ्य सौंपने की बात कही। जब इस बारे में केंद्रीय टीम से बात करनी चाही तो उन्होंने कहा कि वह इस बारे में कुछ भी नहीं कह सकते हैं। जल्दी ही इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंप देंगे। उन्होंने बताया कि वह यहां जांच के लिए आए हैं और इसकी जांच शुरू कर दी है जल्दी ही अपनी रिपोर्ट बनाकर आगे भेज देंगे।

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, महिमा देवी,** पत्नी श्री संत राम, निवासी वीपीओ कलेहड़ पीओ खड्डुहल, तहसील पालमपुर कांगड़ा हिमाचल प्रदेश 176092, एत द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मीमा देवी से बदलकर महिमा देवी रख लिया है। संबंधित जानकारी नोट करें।

## सार्वजनिक सूचना

**मैं राम आसरा** (75 वर्ष) निवासी गांव ठठल जंगल, डाकघर गंगलोह, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पोती कोमल पुत्री श्री सुरेश कुमार का ग्राम पंचायत कुलजयार, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 21.01.2008 के स्थान पर सही जन्म तिथि 21.08.2008 दर्ज की जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत श्री विनय रासपा कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायब तहसीलदार जोगिन्दर नगर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश ।**

मि0 न0 67 तारीख मरजुआ 10-04-2025

तारीख पेशी 30-04-2015

श्रीमती सत्या देवी पुत्री श्री रोशन लाल निवासी मनोह तहसील जोगिन्दर नगर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश। ...प्रार्थी

बनाम आम जनता। ....प्रत्यार्थी।

**अखबारी ईश्तहार** – आवेदन पत्र जेर धारा 13 (3) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969

श्रीमती सत्या देवी पुत्री श्री रोशन लाल निवासी मनोह तहसील जोगिन्दर नगर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश ने इस कार्यालय / न्यायालय में आवेदन पत्र गुजार कर अनुरोध किया है कि प्रार्थी की जन्म दिनांक 18-02-1979 को हुई है। परन्तु प्रार्थी की जन्म तिथी का पंजीकरण गांम पंचायत मसौली के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में दर्ज नहीं हुआ है। अतः प्रार्थी ने उसकी जन्म तिथि का पंजीकरण गांम पंचायत मसौली के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज करने की प्रार्थना की है।

अतः सर्वसाधारण को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया है कि यदि इस बारे में किसी व्यक्ति को उजर/एतराज हो तो दिनांक 30-04-2025 को प्रातः 10:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय / न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है।

यदि उपरोक्त तिथी को किसी भी व्यक्ति का कोई उजर / एतराज इस न्यायालय में प्राप्त नहीं होता, तो इस न्यायालय में प्रतिवादी के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 11-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी हुआ।

**(विनय रासपा) कार्यकारी दण्डाधिकारी / नायब तहसीलदार जोगिन्दर नगर जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश**

# ओपिनियन



'**जीवन** को बुराई की तरह देखना और दुनिया को एक भ्रम मानना महज कृतध्नता है। -डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

## संपादकीय

# वनों में आग, बुझाए कौन?

हिमाचल प्रदेश हरा-भरा पर्वतीय राज्य है और वन और वन्यजीव उसकी धरोहर हैं। यह बेहद दुखद है कि हर साल जंगलों में लगने वाली आग इस धरोहर को नष्ट कर रही है। इसके लिए केवल सरकार या वन विभाग नहीं, बल्कि आम जनता की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सजग रहें और वनों की रक्षा करें। प्रदेश में हर साल गर्मियों के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। ये घटनाएं न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन रही हैं, बल्कि करोड़ों की संपत्ति का नुकसान, वन्य जीवों की मौत और पारिस्थितिकी तंत्र को अपूर्णीय क्षति भी पहुंचा रही हैं। वनों में आग लगने के प्रमुख कारण मानव जनित हैं। हिमाचल में वनों में आग लगने के अधिकांश मामले मानवीय लापरवाही या जानबूझकर की गई गतिविधियों के कारण होते हैं। घास साफ करने के लिए आग लगाना अब प्रदेश में आम बात हो गई है। किसान और चरवाहे अक्सर पुरानी सूखी घास को साफ करने के लिए आग लगा देते हैं, जो बाद में बेकाबू होकर जंगल में फैल जाती है।

चीड़ के पेड़ों से राल निकालते समय लोग बीड़ी या सिगरेट पीते हैं और जलती हुई तीलियों को जंगल में फेंक देते हैं। इससे भी आग फैल जाती है। अवैध गतिविधियां भी आग के लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। कुछ लोग जानबूझकर वन भूमि को खाली करने या निजी स्वार्थ के लिए आग लगाते हैं। यद्यपि प्राकृतिक कारणों से आग लगने की संभावना कम होती हैं, परंतु अत्यधिक गर्मी और सूखे की स्थिति में, कभी-कभी तेज हवा और सूखे पत्तों के साथ घर्षण से भी आग लग जाती है। हिमाचल में गर्मियों के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक और तीर्थ यात्री आते हैं। कई बार उनकी लापरवाही, जैसे कैंपफायर के बाद आग न बुझाना, भी वनों में आग लगने का कारण बनती है। वनों में आग लगने के कई दुष्परिणाम हैं। आग लगने से अनेक वन्य जीव अपनी जान गंवा देते हैं। वे आग से भाग नहीं पाते और धुएं या लपटों में झुलसकर मर जाते हैं। हिमाचल के जंगल जैव विविधता से भरपूर हैं। आग लगने से पौधों, जड़ी-बूटियों और छोटे जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां नष्ट हो जाती हैं। आग लगने से पर्यावरणीय असंतुलन बिगड़ जाता है। पेड़ों के जलने से भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और धुआं वातावरण में फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और ग्लोबल वॉर्मिंग को बढ़ावा मिलता है। आग लगने से आर्थिक नुकसान भी झेलने पड़ते हैं।

लाखों रुपए की लकड़ी और अन्य वन संपदा जलकर राख हो जाती है। कई बार ग्रामीणों के घर, पशु और कृषि क्षेत्र भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। यही नहीं, जल स्रोतों पर भी प्रभाव पड़ता है। जंगलों में आग से वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं, जिससे वर्षा जल का संग्रहण नहीं हो पाता और जल स्रोत सूखने लगते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर गंभीर होती इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है? इसका सबसे बढ़िया तरीका तो जन-जागरूकता बढ़ाना ही है। लोगों को यह बताना जरूरी है कि जंगलों में आग लगाना कितना घातक हो सकता है। स्कूलों, कॉलेजों और गांवों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। स्थानीय समुदायों को वनों की रक्षा के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। बकायदा स्थानीय सहभागिता और प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। गांवों के लोगों को प्रशिक्षित किया जाए कि आग लगने की स्थिति में तुरंत कैसे प्रतिक्रिया दें। वन मित्र जैसे समूह बनाए जाएं जो हर मौसम में निगरानी रखें। तकनीकी उपायों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाना चाहिए। सैटेलाइट इमेज और ड्रोन की मदद से आग की शुरुआती जानकारी प्राप्त की जा सकती है। आग बुझाने के लिए आधुनिक उपकरण और तकनीक जैसे वाटर मिस्ट मशीन, फायर रेटार्डेंट्स आदि का इस्तेमाल किया जाए। वन विभाग की सतर्कता बढ़ाना भी श्रेयस्कर रहेगा। वन रक्षकों की संख्या और संसाधनों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

गर्मी के मौसम में विशेष गश्त और निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा जानबूझकर आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वन कानूनों को सख्ती से लागू करना और दोषियों को दंडित करना भी बेहद जरूरी है। स्थानीय जल स्रोतों का संरक्षण करना भी लाजिमी है। जंगलों के भीतर छोटे तालाब और जल स्रोत बनाए जाएं, ताकि आग बुझाने में मदद मिले। मानसून के बाद इन जल स्रोतों को संरक्षित और पुन: भरने की व्यवस्था की जाए। चीड़ की सूखी पत्तियां आग फैलाने में मुख्य भूमिका निभाती हैं। इनका संग्रह कर ईंधन या जैविक खाद के रूप में उपयोग करने की नीति अपनाई जा सकती है। यह समझने की जरूरत है कि जंगल केवल लकड़ी के स्रोत नहीं होते हैं, बल्कि वे हमारे जीवन, संस्कृति और भविष्य के आधार हैं। यदि हम आज नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल राख और यादें ही बचेंगी। इसलिए समय रहते हुए हमें एकजुट होकर वनों की आग को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। यही हमारे पर्यावरण और भविष्य की रक्षा का एकमात्र उपाय है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### दृष्टिहीन आईएफएस अधिकारी

**बेनो** जेफाइन भारत की पहली पूरी तरह से दृष्टिहीन आईएफएस अधिकारी हैं। वह तमिलनाडु से हैं। बेनो जेफाइन की मां मैरी पद्मजा उन्हें किताबें पढ़कर सुनातीं और बेना की स्मृति में वह शब्द जमते जाते। मां के शब्दों और पिता के सहारे वे हर चुनौती, हर परीक्षा पास करती गईं। देश की पहली पूर्ण दृष्टिहीन महिला भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की अधिकारी बनने वाली तमिलनाडु की बेनो जेफाइन अपनी नई भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि वह दुनियाभर में घूमकर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं। उन्हें केंद्र सरकार की ओर से 60 दिन के भीतर रिपोर्ट करने का आदेश मिला था। 2014 में परीक्षा पास करने के बाद उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से पत्र भेजा गया। 100 फीसदी दृष्टिहीन व साहित्य से स्नातक बेनो जेफाइन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मुझे बताया गया कि मैं आईएफएस के लिए योग्य हूं, हालांकि इससे पहले किसी भी 100 फीसदी दृष्टिहीन व्यक्ति को यह पद नहीं दिया गया है। ■



बेनो जेफाइन
जन्म : 17 अप्रैल, 1990



## कविता: चलो एक नया मुर्शिदाबाद शहर बनाएं

*डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे*

*चलो एक नया और मुर्शिदाबाद शहर बनाए।*
*शहर सारा उजाले में है आज क्यों।*
*चलो अंधेरे में उसे बदल आए।*
*क्यों हर चेहरे पर मुस्कान है सबके यहां।*
*चलो आज फिर उनके चेहरे की हंसी छिन लाए।*
*चलो एक नया और मुर्शिदाबाद शहर बनाए।*
*जो नहीं मरा धर्म की आग से अभी तक।*
*उसे चलो आग में आज जला आए।*
*घर से बेघर सबको कर आए।*
*धर्म मेरा ईमान धर्म से मेरी पहचान ।*
*धर्म के नाम पर चलो इंसान को मार आए।*
*सत्ता हमारी सत्ता तुम्हारी भी है।*
*किसकी सत्ता कितना इंसान आज मारती देखे।*
*चलो एक नया और मुर्शिदाबाद शहर बनाए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गर्मियों में घूमने-फिरने के अपने तौर-तरीके

गर्मी की छुट्टियों में ठंडे पहाड़ों तथा समुद्र के किनारे तटों पर परिवारजनों तथा मित्रों-संबंधियों के संग वक्त गुजरने का पता ही कहां चलता है। सर्दियों की कंपकंपाती ठंड के मौसम के बाद लोग गर्मियों को घूमने-फिरने का पंसदीदा मौसम मानते हैं। मैदानी क्षेत्रों की भीषण गर्मी तथा लू से बचने के लिए बर्फीले पहाड़ों तथा समुद्र तट की ओर रुख करते हैं।

अब जबकि गर्मी में छुट्टियों का सीजन नजदीक पहुंच गया है तथा आप पहाड़ों तथा समुद्री तटों पर कुछ आरामदायक स्कून से भरे पल गुजारने का कार्यक्रम बना रहे हैं, तो इस बात का भी ध्यान रखिए कि सौंदर्य के लिहाज से गर्मियां हमारी त्वचा को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं। समुद्री तटों और पहाड़ों की बर्फ के पारदर्शी सतहों पर सूर्य की किरणें मैदानी इलाकों की बजाय ज्यादा तेज होती हैं, जिससे आपकी त्वचा में जलन, कालापन, सनबर्न तथा मुहांसों आदि जैसी सौंदर्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। रेतीले समुद्री तटों तथा बर्फीले क्षेत्रों में गर्मियों के मौसम में सूर्य की तेज किरणों की वजह से साफ-सुथरी त्वचा को कील-मुंहासों की समस्या से रू-ब-रू होना पड़ सकता है। छुट्टियों पर जाने से पहले ही सूर्य की तेज किरणों के हानिकारक पराबैंगनी किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान के प्रभावी रोकथाम के उपाय करने चाहिए। आप कुछ सौंदर्य सावधनियां बरत कर अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद उठा सकती हैं। गर्मियों में छुट्टियों की तैयारियों सौंदर्य सावधानियों से ही शुरू कीजिए। त्वचा की प्रतिरक्षा के लिए सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर ले लें।



लेखिका : शहनाज हुसैन
जानी-मानी सौंदर्य विशेषज्ञ

आप त्वचा की कालिख तथा सूर्य की किरणों से बचाव का प्रभावी सनस्क्रीन लोशन लें। जब भी आप बाहर धूप में जा रहे हों तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे तथा शरीर के सभी खुले अंगों पर सनस्क्रीन का लेप जरूर कर लें। यदि आप धूप में एक घंटा या ज्यादा समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा लेप कर ले।



गर्मियों में छुट्टियों के दौरान अपने सौंदर्य को बनाए रखने के लिए माइस्चराईजर, रिहाईडरेंट क्लींजर हैड क्रीम तथा होठों का वाम साथ रखना कतई न भूले। गर्मियों की छुट्टियों के दौरान तैलीय त्वचा को चमकाने तथा छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का अधिकतम उपयोग कीजिए। समुद्री तट पर खारे पानी में अठखेलियां करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोंए। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके इसे कुछ समय तक छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी तथा चेहरे की त्वचा को ठंडक मिलेगी।

चेहरे की त्वचा के पोषण तथा यौवन के लिए "पील आफ मास्क" उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे स्वच्छ जल से धो डालिए। इस मिश्रण से त्वचा कोमल, मुलायम तथा चमकदार बनती है। समुद्री पानी से नहाने से आपके बाल निर्जिव तथा उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढकने से बालों को सूर्य की गर्मी तथा खारे पानी के नुकसान से प्रभावी तरीके से बचाया जा सकता है ।बालों के छिद्र खुले होते है तथा बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा, क्योंकि बाल समुद्री पानी को कतई नहीं सोखेगे, वह पहले ही ताजे पानी को सोख चुके हैं। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए तथा शैंपू के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम का उपयोग कीजिए। इस बात का भी ध्यान रहे कि समुद्री तट पर जाने से पहले सौंदर्य प्रसाधनों का कम से कम इस्तेमाल करें, जबकि आप सफर के दौरान लिपगलोस, पाऊडर, आई-पेंसिल, मास्करा, लिपस्टिक जैसे सामान्य सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग कर सकती है।

यदि आपकी तैलीय त्वचा है और आप गर्मियों में आर्द्रता भरे मौसम में सफर कर रही हैं तो टिशू पेपर, टैलकम पाऊडर तथा डीओडरेंट अपने साथ जरूर रखे। सफर के दौरान सौंदर्य के कुछ टिप्स आपके सफर के दौरान सौंदर्य में चार चांद लगा सकते हैं। यदि आप बाहर पर्यटक स्थलों पर घूम रहे हैं तो दिन में कम से कम दो बार अपना चेहरा ताजे पानी से जरूर धोइए। फेस मास्क आपकी त्वचा को साफ, चमकदार तथा आकर्षक बना सकता है। इससे त्वचा की थकान को मिटाने तथा त्वचा को तरोताजा बनाए रखने में मदद मिलती है। ऊंचे पर्वतीय दर्शनीय स्थलों, शुष्क तथा ठंडे मौसम के दौरान बालों में नमी की कमी सामान्य रूप से पाई जाती है। इस मौसम में हाथ तथा होंठ भी शुष्क बन जाते हैं। इस मौसम में हाथों तथा शरीर के खुले अंगों में दिन में दो तीन बार माइस्चराइजर का प्रयोग करें तथा इसकी त्वचा पर मालिश करें। बालों के सौंदर्य के लिए सनस्क्रीन रहित हेयर क्रीम, हर्बल शैंपू, कवर्ल हेयर सीरम तथा कंडीशनर का लगातार उपयोग बेहतर रहेगा। बालों को सूर्य की किरणों, हवा के झोंको तथा धूल मिट्टी से बचाने के लिए स्कार्फ का उपयोग करें। तैलीय बालों के लिए गर्म पानी में टी-बैग डुबोइए। टी-बैग को हटाकर बाकी बचे पानी को ठंडा होने दें तथा बाद में इसमें नींबू जूस मिला दीजिए। फिर उससे बालों को साफ कीजिए। इससे बालों को मुलायम तथा चमकदार बनाने में मदद मिलती है। इसलिए यदि आप इन बातों का ख्याल रखेंगे तो निश्चित ही आपकी छुट्टियां और यात्रा काफी सुखद रहेगी। साथ ही त्वचा व बाल आदि भी महफूज रहेंगे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राष्ट्र के सामने कई चुनौतियां और समाधान

स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही यह अनुभव किया जाने लगा था कि सदियों की गुलामी के चलते भारतीय समाज में अपनी आंतरिक इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास, नवाचार की खोज करने की बौद्धिक क्षमता, आपसी विश्वास, की भारी कमी आ गई है। सदियों से दबे कुचले समाज को अपने शासकों के शोषण को झेलते हुए जैसे-तैसे दांव पेच से जीवनयापन करने के लिए समझौते करते हुए समय निकालने की आदत हो गई है। कभी धर्म बदल कर तो कभी शासकों के शोषण की कमी अपने से कमजोर वर्गों का शोषण करके पूरी करने के प्रयासों के आदी हो कर अपने झूठे अहंकार को संतुष्ट करने के प्रयासों के चलते खंडित समाज की रचना हो चुकी है।



लेखक : कुलभूषण उपमन्यु
पर्यावरणविद् चंबा

देश का शासन संभालते हुए राष्ट्र पुर्निर्माण करने का काम सिर पर है। इस काम को कैसे किया जाए यह चुनौती आसान नहीं थी। एक ओर देश को भारतीय दृष्टि से अपनी नींव पर खड़ा करने की समझ थी, जिसके समर्थक गांधी और उनकी सोच पर विश्वास करने वाले लोग थे, तो दूसरी ओर अंग्रेजी सोच से प्रभावित नेहरू और उनके वैचारिक समर्थक थे। हालांकि गांधी ने इस बहस को सार्वजनिक करने के प्रयास किए किंतु नेहरू ने इस बहस को यह कह कर टाल दिया कि इस बात का फैसला तो चुने हुए प्रतिनिधि ही करने के अधिकारी होंगे। यह बहस इसलिए भी आगे न बढ़ सकी, क्योंकि उस समय सबसे पहली प्राथमिकता स्वतंत्रता प्राप्त करना थी। इस बहस से यह खतरा था कि आपसी एकता के अभाव का संदेश जनमानस में जाता।

दूसरी ओर सांप्रदायिक आधार पर द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थक देश की एकता को खतरा पेश कर रहे थे, जिनका नेतृत्व जिन्ना कर रहे थे। उनको संरक्षण देने का काम परोक्ष रूप से अंग्रेजी सरकार कर रही थी ताकि भारत को कमजोर करके किसी न किसी रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा जा सके।अंग्रेज और जिन्ना अपनी चाल में सफल भी हो गए किंतु हम वहां भी गलती का शिकार हो गए। जब दो धर्मों के आधार पर देश बांट दिए गए, तो बेहतर यही होता कि शांति पूर्ण तरीके से गैर मुस्लिम भारत में आ जाते और मुसलमान पकिस्तान चले जाते, किंतु हिंदू मुस्लिम आबादियों का आदान प्रदान भयंकर मार काट में बदल गया। अंग्रेज सेना जानबूझ कर मूकदर्शक बनी रही।



आबादियों का पूर्ण प्रत्यर्पण भी न हो सका और आज दिन तक आपसी टकरावों की समस्या से देश को जूझना पड़ रहा है। हालांकि भारतीय नेतृत्व का उस समय का फैसला मानवतावादी था, किंतु सांप्रदायिक अहंकार में उसके महत्व को समझने में भारतीय राष्ट्र विफल रहा। वर्तमान में इस समस्या को ऐतिहासिक बोझ से बाहर निकल कर मानवतावाद से ही हल किया जा सकता है, जो दोतरफा ही होना चाहिए। मुसलमानों को भी यह समझना होगा कि हिंदू बहुल देश में आप अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने में पूर्णत: स्वतंत्र हैं, किंतु आप भी हिंदू मान्यताओं के पालन में बाधक न बनें।

यदि आप मूर्ति पूजा, भजन गाने, शंख, घंटे की आवाज और नाचने गाने का बुरा मानने लगेंगे तो झगड़े कैसे रुकेंगे। हमें एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होने, मुबारक देने, की संस्कृति विकसित करनी होगी। रहीम, रसखान, खुसरो सरीखे अनेक उदाहरण मौजूद हैं जिनसे मिलजुल कर रहना और एक दूसरे के विकास पर खुश होना सीखना होगा।

गांधी जी की यह सोच बिलकुल सही थी कि भारत को भारतीय तरीके से सरकार बनाने के तरीके नए हालात में खोजने होंगे। उन्होंने ग्राम स्वराज्य का दर्शन दिया, जिसे वर्तमान वैश्विक संदर्भों में परिभाषित और विकसित किए जाने की जरूरत थी, किंतु हमने पूर्ण पाश्चात्य तरीके को अपनाया। पंचायत, जिसको शासन का बुनियादी स्तंभ होना था। भारत का उदय उसी ज्ञान अर्जन के युग में हुआ। अरब प्रभुत्व का युग जब आया तो उन्होंने भी बगदाद के रास्ते आए भारतीय ज्ञान को, यूरोप के यूनानी ज्ञान को ग्रहण किया और दुनिया में फैल गए। फिर यूरोप के लोगों ने भी ज्ञान के खोजी होने का मार्ग अपनाया और दुनिया में फैल गए। ये अनुभव हमें याद रखने चाहिए और शुद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार पर पूरे विश्व से ज्ञान लेने के लिए तैयार होना होगा, लेकिन हमारे पैर हमेशा अपनी जमीन पर होने चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वायु** एवं जल के बिना विश्व में किसी भी प्राणी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यह कथन तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है और वायु के बिना जमीन पर जीवन असंभव है। जल एवं वायु धरती के प्राणियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है, परंतु मानव द्वारा निजी स्वार्थों के लिए प्रकृति से छेड़छाड़ की जा रही है। इससे मनुष्य सहित अन्य सभी प्राणियों पर प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है और यह भविष्य में तबाही के संकेत है। पर्यावरण बिगड़ने से मौसम का घटनाचक्र बदलने लगा है। धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। नतीजतन हिमालय पर स्थित हजारों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। इसलिए गर्मियों में अत्यधिक गर्मी हो जाती है तथा सर्दियों में कड़ाके की ठंड होने लगी है। कभी भयंकर सूखा पड़ जाता है। कभी इतनी अधिक बारिश हो जाती है कि जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है।

**शवनम चौधरी, शाहपुर**

# हिंदी भाषा विरोध या युवाओं की प्रगति रोकने की साजिश

**भाषा विवाद के बहाने राजनीति :** त्रि भाषा फॉर्मूला को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की प्रतिक्रिया भाषा विवाद कम और शिक्षा का राजनीतिकरण का मसला ज्यादा नजर आ रहा है। भारतीय करंसी के चिन्ह को अपने प्रदेश अन्य भाषा में बदलना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित दिखाई दे रहा है। हिंदी भाषा विरोध के जिन्न को पुन: जीवित करने के प्रयास किया जा रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोध का आलाप बहुत पुराना है इस क्रम वर्ष 1937, 1939-40, 1963 , 1965 तमिलनाडु के इतिहास में विशेष महत्व रखते हैं।



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
स्वतंत्र स्तंभकार, देहरादून

तमिलनाडु सरकार की सोच है कि हिंदी के स्थान पर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा का दर्जा देकर उन्होंने अन्य राज्यों में भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की नींव रखी, परंतु वे भूल जाते हैं इन सभी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में दूसरी अनिवार्य भाषा हिंदी ही है। इंग्लिश को आधिकारिक भाषा का दर्जा देकर, ब्रिटिश शासनकाल का सम्मान किया गया है। जो देश के स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति सम्मान नहीं माना जा सकता। हिंदुस्तान और हिंदी एक दूसरे के अभिन्न अंग है। भारत सहित विश्व के कई देशों में हिंदी का प्रचार प्रसार हो रहा है।

**नई शिक्षा नीति राष्ट्रहित में :** प्रदेश सरकार को नई शिक्षा नीति के एक नहीं बल्कि कई पहलुओं से एतराज है जैसे मल्टीपल एग्जिट विकल्प, विद्यार्थी द्वारा एक समय में दो पाठ्यक्रमों के चुनाव का विकल्प, अकादमिक बैंक क्रेडिट (एबीसी) आदि आदि , यह सभी पहलू हमारे देश की शिक्षा पद्धति को एक नया स्वरूप, नए आयाम प्रदान करने वाले क्रांतिकारी कदम है।

**नई शिक्षा नीति को पूर्णतया:** विद्यार्थियों और समाज की जरूरतों को भारतीय संदर्भ में रखकर तैयार किया गया है। जिसमें अभिभावकों के अपने बच्चों पर निवेश किए जाने वाले समय और धन के सदुपयोग को प्राथमिकता दी गई है। स्नातक स्तर पर मल्टीपल एग्जिट विकल्प विद्यार्थियों के प्रत्येक वर्ष का प्रमाणीकरण करता है जैसे स्नातक तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में यदि कोई विद्यार्थी किसी वजह से दो साल के बाद ही शिक्षा बंद करना चाहता है तो उसे डिप्लोमा सर्टिफिकेट मिलेगा, तीन साल पूरा करने पर डिग्री मिलेगी, जबकि पूर्व में ऐसे विकल्प उपलब्ध नहीं थे।





विद्यार्थी को तीन साल की पढ़ाई के बाद ही डिग्री मिलती थी। यदि विद्यार्थी दो वर्ष के बाद पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ है, तो उसे कुछ नहीं मिलता था और उसके जीवन के दो कीमती वर्ष और फीस व्यर्थ हो जाती थी। पर नई शिक्षा नीति इसके विपरीत मल्टीपल एग्जिट के विकल्प दे रही है। यह तो एक उदाहरण मात्र है जो सिद्ध करता है कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों, अभिभावकों, समाज और राष्ट्र के हित में हैं।

**भाषा विरोध द्वारा युवाओं को कूपमंडूक बनाने की साजिश :** लगता है तमिलनाडु की वर्तमान सरकार विद्यार्थियों के हितों को ताक पर रखकर अपनी राजनीति को अधिक तवज्जो दे रही है। जहां तक त्रि भाषा फॉर्मूला की बात है तो वह भी प्रदेश के युवाओं के हित में हैं। एक अतिरिक्त भाषा का ज्ञान उन्हें देश में कहीं भी रोजगार प्राप्त करने के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करवाता है साथ ही एक अतिरिक्त भाषा का ज्ञान उनके शोषण को रोकने में प्रभावी सिद्ध होने वाला है।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत त्रि भाषा फॉर्मूला में विद्यार्थी को इंग्लिश( अंतराष्ट्रीय भाषा), हिंदी (राजभाषा) और मातृ भाषा (क्षेत्रीय भाषा) के अध्ययन का विकल्प रखा गया है तो इसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री महोदय के विरोध का आधार समझ नहीं आता। हिंदी का ज्ञान, तमिलनाडु के युवाओं हेतु उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में रोजगार के अधिक अवसर मुहैया करवा सकता है। जिसे वहां की वर्तमान सरकार अनदेखा कर, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय को समझना चाहिए, जब देश पर शासन करने वाले राजनीतिक दल के पदाधिकारियों के लिए देश की राजभाषा अर्थात हिंदी का ज्ञान होना आवश्यक है तो प्रदेश के बच्चों और युवाओं को क्यों इस ज्ञान से वंचित किया जा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आपकी मंजिल वहीं है, जहां आप पहुंचना चाहते हैं

हमारे समाज में अब भी एक गलत धारणा गहरी बैठी हुई है कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो संपन्न घरों में पैदा होते हैं, लेकिन जरा ठहरकर सोचिए क्या कोई मां के गर्भ से डॉक्टर, अफसर या अरबपति बनकर आता है? किसी के घर में जन्म लेना हमारे हाथ में नहीं होता, लेकिन कहां तक पहुंचना है, वो पूरी तरह हमारे हाथ में है। असल में अगर आप किसी गरीब घर में पैदा हुए हैं, तो आपके पास एक ऐसी चीज होती है जो बहुत से अमीरों के पास नहीं होती-एक जबरदस्त जज्बा, एक भूख और एक लंबा, अद्भुत सफर तय करने का मौका।

लेखक : सुंदर चंद ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

गरीबी में पैदा होना एक कमी नहीं, बल्कि एक चुनौती है जो आपके भीतर सहनशीलता, अनुशासन और मेहनत की आदतें डालती है।

दुनिया के सैकड़ों उदाहरण बताते हैं कि गरीबी आपकी उड़ान की रफ्तार नहीं रोक सकती, अगर आपके भीतर उड़ने की जिद हो। गरीबी के दलदल से निकल राष्ट्रपति बने एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन ऐसी ही कहानी है। तमिलनाडु के रामेश्वरम में एक गरीब मछुआरे के बेटे के रूप में जन्मे कलाम साहब ने अखबार बेचने से अपने जीवन की शुरुआत की, लेकिन उनकी उड़ान इतनी ऊंची थी कि वे न सिर्फ देश के सबसे बड़े वैज्ञानिकों में गिने गए, बल्कि भारत के राष्ट्रपति भी बने। उनकी सफलता की जड़ें किसी महंगे स्कूल या प्रभावशाली परिवार में नहीं थीं, बल्कि कड़ी मेहनत, गहरी सोच और आत्मानुशासन में थीं। ऐसे ही मुंबई की झुग्गियों से स्टार बने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की कहानी भी बहुत प्रेरक है। उत्तर प्रदेश के एक गरीब किसान परिवार से आने वाले नवाज का जीवन भी आसान नहीं था। उन्होंने रसायन विज्ञान की डिग्री ली, चौकीदारी की, और छोटे-मोटे काम किए, लेकिन एक्टिंग का जुनून लिए उन्होंने NSD में दाखिला लिया और सालों की गुमनामी के बाद आज वे भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाते हैं। उनकी आंखों में संघर्ष का सन्नाटा और कला की गहराई दोनों झलकते हैं।



झुग्गियों से निकलकर भारतीय संगीत के आकाश में छाने वाली आवाज बनी लता मंगेशकर की भी कहानी भी इतनी ही प्रेरक है। भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कठिन हालात में था। पिता की मृत्यु के बाद घर चलाने की जिम्मेदारी उन पर आ गई, लेकिन क्या उनकी आवाज में कभी गरीबी की परछाई दिखी? नहीं-वहां बस रियाज, समर्पण और कला की पूजा थी। लता दीदी की आवाज ने यह दिखाया कि गरीबी संगीत की उड़ान को नहीं रोक सकती। सच यह है कि हर इंसान के पास एक अनोखा उपहार है-उसका दिमाग।

उस दिमाग को कौन कितना इस्तेमाल करता है, यही तय करता है कि कोई कहां तक जाएगा। सफलता का रास्ता क्लासरूम से होकर नहीं, मेहनत, सीखने की आदत और आत्मविकास की भूख से होकर निकलता है। इसलिए अगर आप कभी ये सोचें कि 'मैं गरीब परिवार में पैदा हुआ, मेरे पास कुछ नहीं है', तो खुद से बस इतना कहिए - 'मेरे पास मेरी मेहनत है, मेरा दिमाग है, और मेरे सपने हैं-और यही काफी है।' आपके संघर्ष की यह यात्रा किसी और की तुलना में ज्यादा सुंदर है, क्योंकि जब आप नीचे से ऊपर चढते हैं, तो हर कदम एक उपलब्धि बनता है। तो मत रुकिए, मत झुकिए, चाहे जहां जन्म लिया हो, मंजिल वही है, जहां आप खुद को पहुंचाना चाहते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण कंपनी के खिलाफ पाड़छू में रास्ता रोककर किया प्रदर्शन

## किसान सभा ने अवाहदेवी से सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी मार्ग के निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही व मजदूरों से हो रहे शोषण के विरोध में बोला हल्ला

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** किसान सभा ने अवाहदेवी से सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी की ओर बन रहे एनएच-3 के निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही और कंपनी द्वारा किए जा रहे उल्लंघन को को रोकने के लिए बुधवार को पाड़छु पुल पर बैठ कर धरना-प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह व किसान सभा के अध्यक्ष रणताज व दिनेश काकू ने किया।

इसमें बाला राम,पूर्ण पराशर अमृत लाल, बृज लाल शर्मा,सुरेश शर्मा, विजय कौशल,देश राज पालसरा, संजय कुमार, सुशील राणा सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कंपनी पिछले 3 साल से सड़क निर्माण कर रही है, लेकिन इनका काम मनमर्जी से चलता है। पाड़छु पुल के दोनों तरफ दो महीने पहले जेसीबी मशीन से खुदाई की है और उसके बाद इस काम को बीच में ही बंद करके वे नदारद हो गए हैं। इस स्थान पर गाड़ियां मुश्किल से आती जाती हैं। कंपनी द्वारा हर कहीं मलबे की डंपिंग की जा रही है और पाड़छु का पुल भी अवैध रूप में खड्ड में सामग्री भरान करके बनाया जा रहा है। पुल और अन्य सभी निर्माण कार्य घटिया किस्म के हो रहे हैं।

### एसडीएम स्वाति ने गठित की जांच कमेटी, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**उच्च** स्तरीय जांच कमेटी गठित कंपनी के खिलाफ शिकायत आने पर एसडीएम सरकाघाट एवं धर्मपुर स्वाति डोगरा ने किसान सभा की मांग पर तहसीलदार धर्मपुर रमेश कुमार की अगुवाई में 14 सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है और एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के आदेश जारी कर दिए हैं। कमेटी में नायब तहसीलदार टिहरा, मंडप, स्थल अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अलावा कानूनगो लौंगनी, बीडी, मंडप के अलावा सबंधित क्षेत्रों के सात पटवारियों को शामिल किया गया है। दूसरी ओर उन्होंने परियोजना निदेशक हमीरपुर को भी किसान सभा के मांगपत्र पर कार्रवाई करने और रिपोर्ट देने के लिए कहा है।



### प्रभावित परिवारों से मिलेगी किसान सभा

**भूपेंद्र** सिंह ने कहा कि 20 अप्रैल को किसान सभा की सात सदस्यीय टीम अपने स्तर पर सभी प्रभावित क्षेत्रों व परिवारों से मुलाकात करेगी और उसके आधार पर इनके खिलाफ एफआईआर और मुकदमा दायर करेगी। कंपनी की इस मनमानी और प्रशासन द्वारा अब तक इनके खिलाफ कार्रवाई न करने के विरोध में 28 अप्रैल को धर्मपुर में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

पाड़छु से आगे हुक्कल तक अनियंत्रित और बिना अनुमति से की गई ब्लास्टिंग से भेड़ी से लेकर जोढन तक तीन दर्जन घर और आधा दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिसका मुआवजा कंपनी को देना होगा।

इसी प्रकार लौंगनी में भी प्राइमरी स्कूल के पास मलबा फेंक दिया है जिससे नीचे नाले में रेनवाटर हार्वेस्टिंग चैक डैम को खतरा हो गया है और लौंगनी पंचायत में भी मलबा खेतों व लोगों की जमीन पर डाला जा रहा है। धर्मपुर के ऊपर बनाल पंचायत में बड़े पैमाने पर अवैध डंपिंग हो रही है। रियूर गांव में ओबीसी और अनुसूचित जाति के बीस परिवार सदमे में हैं। उनके मकानों को खतरा है और रास्ता भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### किसान आयोग का शीघ्र किया जाए गठन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा व देवीरुप सैनी की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से मांग की कि किसान आयोग का गठन अति शीघ्र किया जाए और कृषि को उद्योग का दर्जा दिया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री से भी यह मांग की है कि सहकारी सभाओं को सीजीटीएमएस स्कीम के तहत ऋण दिया जाए इस योजना के तहत सहकारी बैंक को भी शामिल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की है कि सहकारी सभाओं को भूमि खरीद पर धारा 118 से छूट दी जाए। सहकारी सभाओं को पूर्ण रूप से बैंकिंग सुविधा देने की भी मांग की गई।

### सरकार से लेनदारियों पर कमियों में असमंजस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल दिवस समारोह के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए देने की घोषणा पर कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। महंगाई भते के क्रमानुसार 1 जुलाई, 2023 का 4 प्रतिश डीए देय था, परंतु सीएम ने 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा की। यह 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता कब का है यह सरकार द्वारा स्पष्ट किया जाना आवश्यक है। हिमाचल अनुबंध नियमित कर्मचारी संघ की प्रदेश महामंत्री अनिल सेन ने कहा कि इन देनदारियों अदायगी न होने से प्रदेश की कर्मचारियों में भारी रोष है, फिर भी प्रदेश का कर्मचारी खामोश है। ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार कर्मचारी के सब्र का इम्तिहान ले रही है।

### जोगिंद्रनगर में लगेगा अप्रेंटिसशिप मेला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर में 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। संस्थान की प्राचार्य ई. नवीन कुमारी ने बताया कि इस मेले में सरकार की ओर से चलाई जा रही अप्रेंटिसशिप योजना तथा इसके लाभों से युवाओं को अवगत करवाया जाएगा। इस मेले में आईटीआई पास व डिप्लोमा धारक प्रशिक्षुओं को विभिन्न कंपनियों में अप्रेंटिस के रूप में चयनित किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के लिए संस्थान में सहायता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। प्रशिक्षुओं को अपने साथ 10वीं, 12वीं, आईटीआई व डिप्लोमा पास की मार्कशीट की दो सेट प्रतिलिपियां, आधार कार्ड, 4 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो व प्रमाणपत्र साथ लाने होंगे। साथ ही पहले अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

### बराबरी पर छूटा भंगरोटू का फाइनल दंगल

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** भंगरोटू में आयोजित दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली का फाइनल मुकाबला बड़ा ही हंगामेदार व रोचक ढंग से बराबरी पर छूटा। भंगरोटू छिंज कमेटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कृषि विभाग के जिला उपनिदेशक राम चंद्र चौधरी बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त ट्रेज़री आफिसर कृष्ण चौहान, सेवानिवृत्त सेशन जज महंत राम चौधरी व नेरचौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह काका भी उपस्थित रहे। दंगल प्रतियोगिता में बड़ी माली व छोटी माली के अलग-अलग मुकाबले हुए। जिनमें से छोटी माली का फाइनल मुकाबला विजय सुंदरनगर व धीरज ध्वाल के बीच हुआ। जिसमें विजय मुकाबला जीतकर छोटी माली के विजेता बने। वहीं बड़ी माली का फाइनल मुकाबला धवाल के मुकेश और दिल्ली के अनिल के बीच हुआ। लेकिन बराबरी पर रहने से मुकाबले में विजेता- उपविजेता का फैसला नहीं हो पाया।

### बाल विवाह करवाने पर दो साल की सजा: स्वाति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम धर्मपुर स्वाति डोगरा ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए समाज में जागृति लाने की जरूरत है। वह बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोकने व उसके कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अंतर्गत 18 वर्ष के कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है। नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर-जमानती अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों भी हो सकते हैं। उन्होंने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व 1090 पर भक सूचित करने के लिए कहा ताकि तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। बैठक में सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### एक साल से डंगा नहीं, मनोहवासी परेशान

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की नेरघरवासड़ा पंचायत के मनोह गांव में एक साल से गिरा डंगा आज तक नहीं बन पाया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डंगे के अभाव में गांव तक सरकारी बसों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है। गौरतलब है कि यह पंचायत प्रदेश के पूर्व लोक निर्माण मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर की गृह पंचायत है, इसके बावजूद विभागीय लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही। इस समस्या को लेकर मंगलवार को महिला मंडलों और ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने प्रशासन से जल्द डंगा लगाने और बस सेवा बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। (अनंत ज्ञान)

# ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचे राष्ट्रीय लघु बचत योजनाएं: प्रकाश चंद

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

**भारत** सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय बचत संस्थान, नई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में राष्ट्रीय लघु बचत योजनाओं एवं जन शिकायतों पर गहन चर्चा की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय बचत सलाहकार बोर्ड, हिमाचल सचिवालय के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद कराड़ ने किया और प्रदेश की चिंताओं एवं आवश्यकताओं को केंद्र सरकार के समक्ष सशक्त रूप में प्रस्तुत किया।

बैठक में कराड़ ने वित्त मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत राष्ट्रीय बचत संस्थान के संयुक्त निदेशक राजीव सागर व एसएल कुर्गील से विशेष मुलाकात कर प्रदेश में लघु बचत योजनाओं की वर्तमान स्थिति,



चुनौतियों, और जन सहभागिता के स्तर पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रदेश के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक इन योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा जागरूकता अभियानों को और व्यापक बनाया जाए।

कराड़ ने यह सुझाव भी दिया कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर युवाओं, महिलाओं और छोटे निवेशकों को लघु बचत योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूती मिल सके।

# अभिलाषी विवि में कल्चरल फेस्टिवल 'फ्लेम्स 2025' का आगाज

## हिमाचली गायक कुमार साहिल, सुनील मस्ती और पंजाबी सिंगर भुल्लर मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय चैल चौक , मंडी ,हिमाचल प्रदेश में दो दिवसीय कल्चरल फेस्टिवल 'फ्लेम्स 2025' का बुधवार को आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिलाषी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी के कर कमलों द्वारा हुआ। वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्षा डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार, डॉ प्रवीण चौधरी, चच्योट पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह वर्मा, उप प्रधान बेलीराम, राकेश व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

इस दौरान आरके अभिलाषी ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक



### साइंस प्रदर्शनी का उद्घाटन

**विशिष्ट** अतिथि के तौर पर उपस्थित चच्योट पंचायत के प्रधान महेंद्र सिंह वर्मा द्वारा किया गया। 'साइंस प्रदर्शनी' जोकि 'जलवायु प्रोद्योगिकी और आपदा प्रबंधन में वैज्ञानिक समाधान' विषय पर आधारित रही। विभिन्न विभागों के छात्रों ने इस थीम से संबंधित तकनीकी प्रदर्शनियां प्रदर्शित की, जिसमें छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित वर्किंग व लाइव मॉडल प्रदर्शित किए। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी सहित सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

कार्यक्रम न केवल आपकी प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि आपके नैतिक मूल्यों को भी सशक्त करते हैं। ऐसे आयोजन छात्रों में टीम वर्क की भावना, नेतृत्व और समय प्रबंधन जैसे कौशलों को निखारने में भी सहायक होते हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 16 अप्रैल को हिमाचल के मशहूर गायक कुमार साहिल, पराशरा रॉक बैंड, और हिमाचली गायक सुनील मस्ती अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरेंगे।

वहीं 17 अप्रैल को फिरडोस रॉक बैंड, प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर, डीजे नितिन एवं कई अन्य कलाकार अपनी प्रतिभा से सबका मनोरंजन करेंगे। वहीं दोनों दिन विश्वविद्यालय के छात्र 'फीट ऑन फायर' फैशन शो में रैंप पर वॉक करते हुए हुस्न के जलवे बिखेरेंगे।

## माउंट मौर्या स्कूल जोगिंद्रनगर ने मनाया 13वां स्थापना दिवस

# छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**माउंट** मौर्या स्कूल में बुधवार को विद्यालय का 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एकल गायन, समूह गान, समूह नृत्य और पारंपरिक पहाड़ी नाटी की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

समारोह में विशेष रूप से स्कूल में नए दाखिला लेने वाले छात्रों से केक कटवाया गया, जिससे छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि माउंट मौर्या स्कूल ने बीते 13 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। स्कूल ने न सिर्फ स्थानीय स्तर पर, बल्कि प्रदेशभर में अपनी एक अलग



पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि स्कूल में सीसीटीवी निगरानी, अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक्स लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही न्यू एजुकेशन पॉलिसी को पूर्ण रूप से अपनाने वाला यह स्कूल छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे स्किल सब्जेक्ट्स प्रदान करने वाला प्रदेश का पहला स्कूल बना है। वर्तमान में स्कूल में एक हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि इस शैक्षणिक सत्र से छात्रों को बास्केटबॉल, तीरंदाजी (आर्चरी), शूटिंग और स्विमिंग जैसी खेल गतिविधियों की भी सुविधा दी जा रही है।

इस अवसर पर स्कूल के एमडी मनोज ठाकुर, प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर, समस्त स्टाफ, छात्र एवं अभिभावकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

# कांढीतारापुर गांव के लिए चलाई जाए बस

## पूर्व मंत्री की अध्यक्षता में डिप्टी सीएम से मिला गांव का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**कांढीतारापुर** गांव का एक प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से बस लगाने के लिए पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में मिला और उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से कांढीतारापुर के लिए एचआरटीसी की बस लगाने की मांग उठाई। परिवहन मंत्री से कहा कि गांव कांढीतारापुर के लिए परिवहन निगम की बस मंडी से वाया चक्कर-चंडयाल-पिपली कथवाड़ी से घराहण-तारा पुर जोली-मसवाड़ी स्त्रलाव और देव बाला कामेश्वर मंदिर तक सुबह-शाम लगाई जाए। उधर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने कहा कि यह उनकी विधानसभा क्षेत्र है। बस लगना अति आवश्यक है। पंचायत समिति सदस्य परमा नंद आजाद ने कहा कि इन्होंने 20 फरवरी को भी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भी यह मांग उठाई थी परंतु हिमाचल पथ परिवहन निगम के आला अधिकारियों ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। जिससे कांढीतारापुर के लोगों में भारी रोष है।

### सड़क पर करोड़ों खर्च, फिर भी नहीं चलाई बस

**पंचायत** समिति सदस्य परमानंद आजाद ने बताया कि इस सड़क के निर्माण में लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं मगर इस पर अभी तक बस नहीं चल रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने 8-9 साल पहले इस सड़क पर बस का सफल उद्घाटन भी कर दिया है परंतु आज तक लोगों को बस की सुविधा नहीं मिल सकी है। इस पर परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंडी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश जारी किए। पंचायत समिति सदस्य ने यह भी मांग उठाई कि मंडी से टिक्कर को जो बस आती है उसे भी आगे बाड़ी-बनग्रां-झड़वास-ढुंघाधार-खारसी-हडयाला तक सुबह-शाम चलाया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि कांढी तारा पुर के लोगों की मुख्य मांग को परिवहन मंत्री अवश्य पूरा करेंगे। इससे स्कूल के बच्चों को व रोज आने-जाने वाले को सुविधा मिलेगी और लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी हो जाएगी।

### शुक्रवार को याद किए जाएंगे प्रभु यीशु: सन्नी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पास्टर सन्नी ईपन ने कहा कि शुक्रवार को गुड़ फ्राइडे मनाकर प्रभु यीशु मसीह को याद किया जाएगा। यह दिवस शत्रुओं को उनके अपराधों के प्रति क्षमा करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि गुड़ फ्राइडे, सनातन के परमपिता परमेश्वर का मानव जाति के लिए प्रेम का प्रगट दिवस है। गुड़ फ्राइडे को पूरा विश्व इसलिए मनाता है कि 2025 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सनातन के परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र यीशु मसीह को मानव जाति के पापों के प्रायश्चित के लिए सूली पर पीडा उठाकर बलि होने के लिए दे दिया था। पवित्र शास्त्र बताती है कि यदि हम अपने पापों के प्रायश्चित के लिए प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को अपनी आत्मा में ग्रहण करते हैं तो निश्चित रूप से हम पूर्वजों व पापों के लिए नरक से मुक्ति मिलती है।

# सरकारी विभागों के पोल बने प्रचार-प्रसार का माध्यम और अधिकारी बनें मूकदर्शक

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**घुमारवीं** स्टेट हाईवे पर भांबला बाइपास चौक पर पीडब्ल्यूडी द्वारा लगाये गए उचित दूरी दर्शाने वाले बोर्ड और पुराने भांबला चौक पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए हाईटैक कैमरों के पोल समाजसेवी स्वयंभू नेता और शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा अपने प्रचार-प्रसार करने का माध्यम बने हुए हैं। जिन्हें देखकर भी पीडब्ल्यूडी और पुलिस प्रशासन आंखे मूंद कर बैठे हुए है।

स्वयंभू नेताओं और शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग जमकर किया जा रहा है। कैंचीमोड़ से लेकर बल्द्वाड़ा तक हाईवे के किनारे कई स्थानों पर बिजली और बीएसएनएल विभाग के पोल निजी संस्थाओं के लिए प्रचार का साधन बने हुए हैं। क्षेत्र में अधिकांश जगह पर बिना अनुमति के विज्ञापन के कट-आउट, बैनर और बोर्ड आदि देखे जा सकते हैं। इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पर भी बिना अनुमति के विज्ञापन पोस्टर आदि लगे हुए हैं। सरकारी पोल पर प्रचार बोर्ड लगाना अवैध है, लेकिन कैंचीमोड़, भोलूघाट, भांबला, भांबला-चौक, भांबला-बाईपास, बतैल, खुडला, कौहणी, बल्द्वाडा बाजार तक के मुख्य मार्ग के चौराहों पर निजी संस्थाओं द्वारा सरकारी संपति पर प्रचार बोर्ड देखे जा सकते हैं। भांबला बाईपास चौक पर उचित दूरी दर्शाने वाले बोर्ड पर तो बोर्ड इतनी नीचे टांग दिए हैं कि तेज हवा से नीचे की ओर लटक गए हैं। जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। (अनंत ज्ञान)



### क्या कहती हैं एसडीएम

**इस** बारे एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि जल्द ही संबंधित विभागों को उचित दिशा-निर्देश देकर सरकारी संपति पर लगाए गए बोर्ड हटवा दिए जाएंगे और नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ठेका खुलने पर भड़के लोग



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन महिलाओं ने सड़कों पर उतरने की दी चेतावनी

**ढलार** में खुले शराब के ठेके को लेकर ग्राम पंचायत ढेलू सहित आसपास के रिहायशी क्षेत्रों के लोगों में रोष है। सोमवार को महिला मंडलों की अगुआई में स्थानीय लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपते हुए ठेके को वर्तमान स्थान से स्थानांतरित करने की मांग उठाई।

ढेलू मोड़ महिला मंडल की प्रधान ने कहा कि शराब का ठेका रिहायशी इलाके में खोला गया है, जिससे क्षेत्र की शांति और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कागजों में इस ठेके को गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर दिखाया गया है, जबकि वास्तव में यह रिहायशी क्षेत्र के बिल्कुल समीप है। महिला मंडल ने चेतावनी दी है कि अगर ठेके को तत्काल नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन करेंगे और सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगी।

# 10 किमी. दौड़ में फर्स्ट आने वाले को मिलेंगे 5100

## टिहरा में नशामुक्ति अभियान के तहत राज्य स्तरीय रोड रेस के इनाम तय

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** खंड नशामुक्ति समिति 18 अप्रैल को लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस संदेहडा टिहरा से हिमाचली धावकों को विभिन्न आयु वर्ग में राज्य स्तरीय रोड रेस का आयोजन करने जा रही है। इस दौड़ के निदेशक अंतरराष्ट्रीय एथलेटिकस कोच भूपिंद्र सिंह ने नियमों व नकद ईनाम की भी घोषणा की है।



इस दौड़ में महिला व पुरुष वरिष्ठ वर्ग के साथ-साथ अंडर 20, 18, 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के व लड़कियां भाग ले सकते हैं। पहले दस स्थानों तक आने वाले सभी वर्गों के विजेताओं को नकद ईनाम भी दिए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों के लिए दौड़ के बाद दोपहर के भोजन का प्रबंध भी किया गया है। इस दौड़ में वरिष्ठ वर्ग के लिए 10 किलोमीटर में प्रथम स्थान पर 5100, दूसरा 4100, तीसरा 3100, चौथे को 1000 रुपए दिए जाएंगे। अंडर-20 वर्ष आयु वर्ग में छह किलोमीटर 18 वर्ष वालों को चार किलोमीटर व 16 वर्ष आयु वर्ग में 2 किलोमीटर की दौड़ होगी। उपरोक्त तीन आयु वर्गों को ईनाम पहला 4100, दूसरा 3100, तीसरा 2100, चौथे को 1000 रुपए व घटते क्रम से दस स्थानों तक ईनाम दिया जाएगा। जूनियर के सभी तीनों वर्गों को अपना असली जन्म प्रणामपत्र या स्कूल का असली प्रणामपत्र दिखाना होगा। धर्मपुर नशा मुक्ति समिति के साथ स्थानीय प्रबंधन के लिए मंडी साक्षरता समिति, हिमाचल वैटरन इंडिया संघ व स्थानीय जनता का भरपूर सहयोग है। प्रशासन, पुलिस व अन्य विभागों को भी दौड़ के सफल आयोजन के लिए निवेदन किया गया है। विभिन्न वर्गों में दौड़ की शुरुआत जहां झड़ा उठाकर खेल से जुड़ी हस्तियां करेंगी, वहीं पर विजेता धावकों व धाविकाओं को इनाम धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर देंगे।

**रोष** सरकाघाट में धरना-प्रदर्शन कर सीएम सुखविंद्र सुक्खू को सौंपा ज्ञापन

# प्रधान एसोसिएशन ने टेंडर प्रक्रिया पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**विकास** खंड गोपालपुर की प्रधान एसोसिएशन ने पंचायती विकास कार्यों के लिए लागू की गई नई टेंडर प्रक्रिया के विरोध में बुधवार को सरकाघाट के संयुक्त कार्यालय परिसर के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में विकास खंड की लगभग सभी पंचायतों के प्रधान शामिल हुए।

धरने का नेतृत्व एसोसिएशन की अध्यक्ष कमलेश नेगी ने किया। इसके बाद प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम (ना.) स्वाति डोगरा से मिला और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि ब्लॉक स्तर पर लागू की जा रही क्लस्टर वाइज टेंडर प्रणाली को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

ज्ञापन में प्रधानों ने बताया कि गोपालपुर ब्लॉक की अधिकांश पंचायतों ने पहले ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली थी। ऐसे में क्लस्टर प्रणाली थोपना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों में अनावश्यक देरी और जटिलताएं उत्पन्न होंगी।

प्रधान एसोसिएशन गोपालपुर ने सरकार से आग्रह किया है कि इस विषय पर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि विकास कार्य बिना किसी रुकावट के पंचायत स्तर पर सुचारू रूप से चलते रहें। उन्होंने एक स्वर में सरकार से पारदर्शी व स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की मांग की है।

### 2 हफ्ते में प्रक्रिया रद नहीं की तो बीडीओ को सौंप देंगे मोहरे



**प्रधान** संगठन ने धमकी दी है कि अगर टेंडर प्रक्रिया दो हफ्ते के भीतर रद्द नहीं की गई तो वह अपनी मोहरे (स्टैंप) बीडीओ को सौंप कर उपप्रधान और वार्ड सदस्यों सहित सड़कों पर उतर जाने से गुरेज नहीं करेंगे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि उपायुक्त मंडी, एसडीएम सरकाघाट और खंड विकास अधिकारी गोपालपुर को भी भेजी गई है। प्रदर्शन में गोपालपुर प्रधान संगठन के उप प्रधान योगराज शर्मा और दिलीप राव महामंत्री सुरेश ठाकुर कानूनी सलाहकार नरेश शर्मा सचिव सुमन ठाकुर रजनी ठाकुर प्रेस सचिव मीना शर्मा और सुनीता शर्मा सहित अधिकतर पंचायतों के प्रधान मौजूद रहे।

# मां सरस्वती स्कूल सरोआ ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मां सरस्वती पब्लिक स्कूल सरोआ ने बुधवार को 10वां स्थापना दिवस मनाया। इसमें सरोआ पंचायत के पूर्व प्रधान दौलत राम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के अध्यक्ष रोशन लाल, अध्यापकों व नन्हे बच्चों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।

मुख्य अध्यापिका द्वारा स्कूल की उपलब्धियां को मुख्य अतिथि व अन्य अभिभावकों के साथ साझा किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर एसएमएस के अध्यक्ष लाल सिंह, मुख्य अध्यापिका पार्वती देवी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# फिरौती का आरोपी बरेली से किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

जिले ऊना के कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री के फिरौती कांड में जिला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

उत्तर प्रदेश के बरेली से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को जान से मारने और किडनैप करने की धमकी देकर भारी रकम की फिरौती मांगी थी। आरोपी को लेकर ऊना पहुंच रही पुलिस आज इस पूरे मामले से पर्दा उठाने वाली है। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह खुद आज एक प्रेस वार्ता कर इस मामले में मिली कामयाबी और अब तक की कार्रवाई का ब्योरा मीडिया के सामने रखेंगे। मामला तब सामने आया, जब हिमाचल प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार में मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर के पास अज्ञात नंबर से लगातार चार धमकी भरे कॉल्स आए। इन कॉल्स में आरोपी ने उनसे मोटी रकम की मांग की और फिरौती न देने पर जान से मारने या अपहरण की धमकी दी। यह घटनाक्रम 48 घंटे के अंदर हुआ, जिससे जिला प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। किसी वरिष्ठ राजनेता को इस प्रकार की धमकियां मिलना कानून व्यवस्था पर सीधा सवाल था, जिससे पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स और अन्य डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया। ऊना से एक विशेष पुलिस दल आरोपी को लेने बरेली गया था, जो आज उसे लेकर ऊना लौट रहा है। पुलिस इस मामले में यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी को पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का मोबाइल नंबर कैसे मिला और क्या इसके पीछे कोई साजिश है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि एक अपराधी को एक पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का निजी फोन नंबर कैसे मिला। क्या इसमें कोई अंदरूनी जानकारी देने वाला शामिल था? या फिर किसी तकनीकी माध्यम से यह जानकारी जुटाई गई? यह भी जानना जरूरी है कि क्या आरोपी ने अकेले यह हरकत की या उसके पीछे कोई गैंग या नेटवर्क काम कर रहा था? पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह आज इस मामले में इन सभी पहलुओं पर मीडिया को विस्तार से जानकारी देंगे।

## वीरेंद्र कंवर को सुरक्षा देने की उठी मांग

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां राज्य के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को जान से मारने की धमकी दी गई थी।

इस घटना ने न सिर्फ राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी थी, बल्कि अब आम जनता और सामाजिक संगठनों को भी चिंतित कर दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कुटलैहड़ सेवा संगठन सहित कई समाजसेवियों और गणमान्य लोगों ने जिला प्रशासन से पूर्व मंत्री को सुरक्षा देने की मांग की है। कुटलैहड़ के भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर जो कि प्रदेश सरकार में एक अहम भूमिका निभा चुके हैं और वर्तमान में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। उन को मिली इस धमकी ने उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों के बीच भय का माहौल पैदा कर दिया है। कुटलैहड़ सेवा संगठन के संयोजक चरणजीत शर्मा, सह संयोजक राजेंद्र रिंकू, किसान नेता मदन राणा, बीडीसी अध्यक्ष देवराज, जोगेंद्र देव आर्य, मदन गोपाल, राम सिंह ठाकुर आदि के माध्यम से जिला प्रशासन से अपील की है कि पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि लोकतंत्र में किसी भी जनप्रतिनिधि को इस प्रकार धमकाया जाना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल खड़ा करता है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बताया कि आरोपी की पहचान की जा रही है और उसकी कॉल डिटेल्स भी पुलिस के पास हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष दस्तों को विभिन्न स्थानों पर भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी, तो पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को आवश्यक सुरक्षा भी प्रदान की जाएगी। हालांकि, अभी तक पुलिस ने इस मामले में किसी राजनीतिक एंगल की पुष्टि नहीं की है, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व मंत्री को धमकी दिया जाना किसी गहरी साजिश का हिस्सा भी हो सकता है। यह घटना एक बार फिर इस सवाल को उठाती है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि वास्तव में सुरक्षित हैं? पूर्व में भी देश के विभिन्न हिस्सों में नेताओं को धमकियों और हमलों का सामना करना पड़ा है। ऐसे मामलों में प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि समय रहते सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि जनप्रतिनिधियों को भयमुक्त वातावरण मिल सके।



### स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी

# अल्ट्रासाउंड मशीन को चलाने के लिए सोनोग्राफर होगा तैनात



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि वे माता श्रीचिंतपूर्णी के दर्शन करने के लिए लगातार आते रहते हैं।

मां के दरबार में उनकी गहरी आस्था है उन्होंने चिंतपूर्णी अस्पताल के खस्ताहाल रोड के सवाल पर कहा कि इसे प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाएगा उनके आदेशों के बाद भी रोड क्यों नहीं ठीक किया इस बारे में वह जानकारी लेंगें जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जल्द ही सिविल अस्पताल में पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीन को चलाने के लिए सोनोग्राफर की तैनाती होगी। बुधवार को धनीराम शांडिल ने भरवांई रेस्ट हाउस में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से मीटिंग की। इस दौरान एडवोकेट जनरल अनुप रत्न ने स्वास्थ्य मंत्री से विशेष मुलाकात की। दिनेश कुमार, जीवन कुमार आदि की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल मिला और चिंतपूर्णी हॉस्पिटल भीड़ वाली जगह से नई जगह शिफ्ट करने की अपील की। चिंतपूर्णी मंदिर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां पर माता सती के चरण गिरे थे और यह स्थान हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। माता चिंतपूर्णी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं और उनकी चिंताएं दूर होती हैं।

## ईसाई मिशनरियों की प्रचार सामग्री मिलना चिंताजनक : तुषार डोगरा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन के प्रांत मंत्री ऐडवोकेट तुषार डोगरा ने परिवार सहित मां चिंतपूर्णी दरबार में माथा टेका। मंदिर न्यास के प्रमुख पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। उन्होंने अनौपचारिक रूप से मंदिर भवन का निरीक्षण करते हुए मंदिर की परिक्रमा की। इस दौरान पुजारी वर्ग व स्थानीय लोगों का एक शिष्टमंडल भी उनसे मिला और ताजा घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें मां चिंतपूर्णी मंदिर प्रशासन द्वारा संचालित एलईडी के ऊपर ईसाई मिशनरियों की प्रचार सामग्री दिखाना और मंदिर परिसर में ईसाई धर्म की प्रचार सामग्री मिलने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ये देवस्थान हमारे हैं हिंदू समाज को इनके प्रति चिंतित रहना होगा अन्यथा ऐसे लोग हमारे धर्मस्थलों का दुरुपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह विषय संगठन में राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दिया है। इसका संगठन द्वारा कड़ा संज्ञान लिया जाएगा, हमें सजगता से ऐसे लोगों पर नजर रखनी होगी।



# बिना पंचायत एनओसी शुरू हो गया उद्योग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



हिमाचल प्रदेश के विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ के अंतर्गत गांव नंगल सलांगड़ी में बिना इंडस्ट्रियल एरिया ही आबादी के नजदीक उद्योग स्थापित कर दिया गया है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह उद्योग उनकी जमीन से लगभग 20 से 30 मीटर दूरी पर ही स्थापित कर दिया है, जिससे शिकायतकर्ता के भवन को नुकसान पहुंच रहा है। मकान में मशीन की लगातार कंपन से दरारें आ गई हैं। इसके अलावा घर में जो हृदय बीमारी के मरीज हैं उनका घर में रहना मुश्किल हो गया है। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि जिस समय इस उद्योग का निर्माण 2024 को शुरू हुआ था, तो भी शिकायतकर्ता ने उन्हें सूचित किया था कि आप इस स्थान से आगे कहीं अपना उद्योग लगा लें, लेकिन उद्योग वहां ही स्थापित कर दिया गया है और उसमें कुछ दिन पहले कार्य भी शुरू कर दिया गया है, जिसे पुलिस ने शिकायत के आधार पर कुछ समय के लिए कार्य बंद करने का आदेश दिया है।

मिली जानकारी से यह भी पता चला है कि उक्त उद्योग ने पंचायत से कोई भी एनओसी नहीं ली है। शिकायतकर्ताओं ने ग्राम पंचायत से लेकर, उद्योग विभाग, जिला प्रशासन सहित सरकार को भी समस्या से अवगत करवाया है, लेकिन इस उद्योग का न तो निर्माण कार्य बंद हुआ और न ही सरकार और विभाग ने कोई ठोस कदम उठाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इस उद्योग को बंद किया जाना चाहिए क्योंकि उनकी जान और मकान दोनों खतरे में हैं। पंचायत उपप्रधान महिंद्र सिंह का कहना है कि शिकायतकर्ताओं की शिकायत के आधार पर पंचायत ने मौका देखा है और आगामी 22 तारीख को दोनों पक्षों के तथ्यों को ध्यानपूर्वक सुनकर उचित हल निकाला जाएगा। हालांकि, अभी तक उक्त उद्योग ने ग्राम पंचायत से उद्योग लगाने की कोई भी एनओसी नहीं ली है।

# ऑनलाइन बुक कीपिंग प्रणाली को किया लागू : राकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, ऊना**



सहकारिता विभाग के सौजन्य से ऊना जिला सहकारी विकास संघ ऊनकोफैड में विभागीय अंकेक्षकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट व विभागीय प्रमाणित अंकेक्षकों के लिए सहकारी सभाओं में ऑनलाइन अंकेक्षण पद्धति द्वारा अंकेक्षण करने पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इसमें सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक राकेश कुमार, जिला अंकेक्षण अधिकारी संदेश बाला, मास्टर ट्रेनर कुशल कुमार ने विशेष रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन स्तर पर सहायक पंजीयक राकेश कुमार ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने देशभर मे सभी प्राथमिक कृषि व बहुउद्देशीय सहकारी सभाओं में समान रूप की ऑनलाइन बुक कीपिंग प्रणाली को लागू कर दिया है, जिससे इन सभाओं के लेन-देन की रोजाना एंट्रीज सर्वर पर उपलब्ध होंगी व सबके लिए पारदर्शी बनेगी, जिससे सभाओं में अनियमितता पर अंकुश रहेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में अतीशेय लि. कंपनी के जिला प्रभारी नीरज व सहकारिता विभाग के मास्टर ट्रेनर कुशल कुमार ने प्रशिक्षण शिविर में आंकेक्षकों पावर प्वांइट पर इस अंकेक्षण प्रणाली बारे विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित सभी अंकेक्षकों की शंकाओं का निवारण किया।

# ड्रग विभाग ने गगरेट के गणपति मेडिकल स्टोर का खुदरा लाइसेंस किया निलंबित

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट के गणपति मेडिकल स्टोर के दवा स्टाक में पाई गई अनियमितताओं के चलते ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोर का खुदरा लाइसेंस नौ मई तक निलंबित कर दिया है। कुछ समय पहले मेडिकल स्टोर के खिलाफ मिल रही शिकायतों के चलते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उक्त मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया था।

उस दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर के दवा स्टाक में कुछ अनियमितताएं पाई थीं। ड्रग विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर संचालक को बार-बार जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का मेडिकल स्टोर संचालक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके चलते असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन के आदेश पर मेडिकल स्टोर का खुदरा लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

### दवा स्टॉक में कुछ अनियमितताएं पाई थीं

गणपति मेडिकल स्टोर के खिलाफ मिल रही शिकायतों के आधार पर 19 फरवरी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसके वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम। इसमें ड्रग निरीक्षक रजत शर्मा भी शामिल थे, उन्होंने उक्त मेडिकल स्टोर पर दबिश दी थी। इस दौरान मेडिकल स्टोर का सारा रिकार्ड खंगाला गया। ड्रग निरीक्षक रजत शर्मा ने उस समय स्टोर के दवा स्टाक में कुछ अनियमितताएं पाईं। इसके आधार पर मेडिकल स्टोर संचालक को मेडिकल स्टोर में पाए गए उल्लंघन से संबंधित ड्रग निरीक्षक द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन मेडिकल स्टोर संचालक का जवाब असंतोषजनक था, जिस पर ड्रग निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट तैयार कर असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन को भेजी गई। असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर ने भी मेडिकल स्टोर संचालक को अपना पक्ष रखने के लिए इस बावत कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर भी मेडिकल स्टोर संचालक के जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाए, जिस पर अब आगामी कार्रवाई करते हुए गणपति मेडिकल स्टोर का खुदरा लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। ड्रग निरीक्षक रजत शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अगर भविष्य में भी यहां कोई अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो ड्रग विभाग जनहित में कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगा।

# आग से बचाव के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, ऊना**

अग्निशमन सेवा सप्ताह में जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला अग्निशमन विभाग ऊना की ओर से इंडियन ऑयल कार्पोरेशन पेखुबेला, सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंब, अंदौरा, टाहलीवाल बाजार, उपतहसील दुलेहड़, बंगाणा के स्कूल बुधान व कोडरा में आग से बचाव को लेकर मॉकड्रिल की गई।

आग के हादसे घटित न हो इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी जागरूकता अभियान में फायर ब्रिगेड गाड़ियों समेत दलबल ने स्कूलों व उद्योग संस्थानों में जाकर मॉकड्रिल की और लोगों को आग के बारे में अलर्ट किया व इश्तहारों को बांटा।

होमगार्ड्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि आग के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर अनमोल जीवन को बचाते है व आग से होने वाले नुकसान को कम से कम करने के लिए आग से जूझते हैं।

# सरकार कुपोषण के उन्मूलन को लेकर प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान चिंतपूर्णी में आयोजित हुए पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और बच्चों से संवाद किया और आंगनबाडी केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के समग्र पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। पोषण पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम न केवल जनजागरूकता फैलाते हैं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को भी सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं में सुधार लाने और पोषण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कुपोषण को समाप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू ने अपने बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की है। अब आंगनबाडी वर्कर्स को 10,500 रुपए, मिनी आंगनबाडी वर्कर्स को 7300 और सहायिकाओं को 5800 रुपए मानदेय दिया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आइसीडीएस) नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष पोषण पखवाड़ चार प्रमुख विषयों पर केंद्रित है। जीवन के पहले 1000 दिनों पर ध्यान, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी, नागरिक मॉड्यूल का प्रचार-प्रसार, बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ एक्यूट मालन्यूट्रिशन (सीएमएएम) के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि इस पोषण पखवाड़े का मकसद पोषण के महत्व को रेखांकित करना और समाज में संतुलित व स्वस्थ आहार की आदतों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी ऊना जतिंद्र कुमार, सीडीपीओ अंब, आंगनबाडी कार्यकर्ताएं सहित अन्य उपस्थित रहे।




## पांच सूत्रों के बारे में विस्तार से बताया

**अनंत ज्ञान, घनारी।** बाल विकास परियोजना गगरेट के सौजन्य से वृत्त घनारी में पर्यवेक्षक द्वारा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत पोषण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में उपस्थित सदस्यों को पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत पांच सूत्रों के बारे में विस्तार से बताया। बच्चे के पहले सुनहरे 1000 दिनों के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चे का 70 से 80 प्रतिशत विकास पहले 1000 सुनहरे दिनों में हो जाता है गर्भवती धात्री, किशोरियों व 0-6 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण मुक्त करना ही पोषण पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य है। गर्भवती, धात्री एवं नवजात शिशुओं को संतुलित पौष्टिक आहार लेना चाहिए, आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट के साथ-साथ मिनरल्स युक्त, कैल्शियम, आयरन युक्त आहार लेना चाहिए। वृत्त स्तरीय शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल, वृत्त पर्यवेक्षक आरती ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में बृजेश की टीम विजेता, रवि की टीम रही उपविजेता



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ग्राम पंचायत अरलू के गांव अरलू कुंदों में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं द्वारा करवाया गया। युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल महत्व को समझने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस खेल प्रतियोगिता में स्थानीय पंचायत प्रधान महिंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, उन्होंने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाने के लिए 3100 रुपए की नकद राशि भेंट की व उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल मैदान को पक्का भी करवाया जाएगा। वहीं, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू ने भी शिरकत की और खिलाड़ियों के लिए 5100 की नकद राशि भेंट कर खेल मैदान में लाइट की व्यवस्था की। इस खेल प्रतियोगिता में लगभग 20 से अधिक स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को नकद राशि, स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में हटली से बृजेश की टीम विजेता व बंगाणा से रवि की टीम उपविजेता रही। वहीं, इस खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में महासमाज सेवी रशपाल सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजकों के लिए 11000 रुपए की नकद राशि भेंट की और उन्होंने आश्वासन दिया कि युवाओं की हर जरूरत को पूरा किया जाएगा।

# बल्क ड्रग पार्क परियोजना राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, ऊना**



डीसी जतिन लाल ने कहा कि ऊना में बन रही 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली बल्क ड्रग पार्क परियोजना राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट है और जिला प्रशासन इसके निर्माण में सभी नियमों एवं मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कर रहा है।

बुधवार को ऊना में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि हमारा पूरा ध्यान इस बात पर है कि विकास और पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के बीच संतुलन बना रहे। परियोजना के हर पहलू में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा केंद्र और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री की दूरदर्शी सोच और विकासशील दृष्टिकोण के अनुरूप आकार ले रही है। देश में केवल तीन बल्क ड्रग पार्क परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं, जिनमें से एक ऊना में बन रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस परियोजना से 8 से 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि वे परियोजना को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचारों पर विश्वास न करें। प्रशासन हर पहलू का गंभीरता से अध्ययन कर रहा है। भू-जल पुनर्भरण, प्रदूषण नियंत्रण, वनीकरण और वन्य जीव संरक्षण के लिए समुचित योजनाएं तैयार की गई हैं और एक प्रोएक्टिव दृष्टिकोण के साथ इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने बताया कि परियोजना के भीतरी निर्माण को लेकर पर्यावरणीय स्वीकृति के मामले एडवांस स्टेज में हैं। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा, तब तक बाहरी संरचनाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जा रहा है। सड़क, बिजली और पानी से जुड़े अधिकतर कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। पंजुआणा से बल्क ड्रग पार्क के प्रशासनिक खंड तक सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। जलापूर्ति से जुड़े लगभग 80 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान ने बताया कि केंद्रीय जल बोर्ड के अनुसार परियोजना क्षेत्र में भूजल स्तर 'सेफ' श्रेणी में है और वर्तमान जल दोहन 56 प्रतिशत है फिर भी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तालाबों की रीचार्जिंग तथा नए जल-संग्रहण ढांचों के निर्माण को लेकर अभी से किया जा रहा है। भविष्य के लिए 170 करोड़ रुपए की जलापूर्ति योजना की डीपीआर तैयार की गई है, जिसके तहत भाखड़ा डैम से पानी लाया जाएगा। परियोजना के लिए प्रारंभ में 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता रहेगी और भविष्य में यह 50 एमएलडी तक बढ़ सकती है, जिसकी व्यवस्था इस योजना में की गई है। 15 एमएलडी की जलापूर्ति योजना के लिए 43.85 करोड़ रुपए का प्रावधान है, जिसमें से अब तक 36.05 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत 15 ट्यूबवेल प्रस्तावित हैं, जिनमें से 12 की स्थापना हो चुकी है। परियोजना में जल शक्ति विभाग के तीन मुख्य घटक शामिल हैं, जिन पर कुल 68.49 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

## शहरीकरण नहीं चाहते छपरोह के ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, चिंतपूणी।** छपरोह पंचायत के स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रधान शशि वाला की अगुवाई में हालही में खंड विकास अधिकारी को एक प्रस्ताव पारित कर भेजा, जिसमें उन्होंने अपने क्षेत्र को नगर पंचायत का दर्जा न देने की मांग की है। स्थानीय लोगों का तर्क है कि उन्हें पंचायती व्यवस्था ही चाहिए और नगर पंचायत बनने से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। आसपास की पंचायतों नारी, ज्वाल और मोइन ने भी इसका समर्थन दिया है। इन पंचायतों के लोगों का मानना है कि नगर पंचायत बनने से उनके क्षेत्र के विकास में कोई खास योगदान नहीं होगा। लोगों का कहना है कि पंचायती व्यवस्था के तहत उनके क्षेत्र का विकास बेहतर तरीके से हो रहा है और उन्हें नगर पंचायत की आवश्यकता नहीं है। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पंचायती व्यवस्था को ही पर्याप्त मानते हैं। इस मामले में आगे की कार्रवाई का इंतजार है और देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या निर्णय लेता है।

**आयोजन** | फॉरेस्ट विभाग की एनओसी मिल गई, तो नए खेल मैदान में होगा पिपलू मेला

# मेले एकता, सहयोग व उल्लास के प्रतीक : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और जनजीवन में मेलों का विशेष स्थान रहा है।

ये मेले न केवल लोक संस्कृति के परिचायक होते हैं, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच एकता, सहयोग और उल्लास के भी प्रतीक होते हैं। इसी श्रृंखला में अगर इस बार फॉरेस्ट विभाग से अनुमति यानी एनओसी मिल जाती है, तो पिपलू का तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेला खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसकी पुष्टि स्वयं विधायक विवेक शर्मा ने की है। विवेक शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को खेलकूद, लोकनृत्य, संगीत और हस्तशिल्प के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी देता है, अगर यह मेला खेल मैदान में आयोजित होता है, तो इसकी भव्यता और आयोजन की सुविधा दोनों बढ़ेंगी। इससे स्थानीय व्यापारियों, हस्तशिल्पियों और कलाकारों को भी बड़ा मंच मिलेगा। विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जोगी पंगा में अपने कार्यालय में जनसमस्याओं को सुना और तत्परता से उनके समाधान का आश्वासन दिया। जनता की समस्याओं को सुनने की उनकी तत्परता और समाधान के लिए सक्रियता उनकी जनप्रतिबद्धता को दर्शाती है। साथ ही, मेला जैसे आयोजनों के लिए प्रशासनिक प्रयास भी यह सिद्ध करते हैं कि वे सांस्कृति और सामाजिक विकास को भी समान रूप से महत्व दे रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने राज्य की जनता को कई महत्वपूर्ण घोषणाओं और उपहारों से नवाजा।

इन घोषणाओं में कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि रही। इससे सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है, साथ ही सरकार और कर्मचारियों के बीच विश्वास की भावना भी मजबूत हुई है। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि इससे सरकार की जनकल्याण की नीतियों का भी परिचय मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार न केवल विकास के कार्यों पर ध्यान दे रही है, बल्कि जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दे रही है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि पीपलू मेला से पूर्व अगर फॉरेस्ट विभाग से एनओसी मिल जाती है और मेला खेल मैदान में होता है, तो इससे स्थानीय विकास को भी बल मिलेगा। इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं। ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक महत्व रखते हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी सहायक होते हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि तीन जिलों की जनता को इस बार पीपलू मेले को लेकर बहुत उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि यदि मेला खेल मैदान में आयोजित होगा, तो इसका स्तर पहले से अधिक भव्य और व्यवस्थित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कपिल बने लग्जरी टेम्पो ट्रेवलर एसो. मनाली के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, मनाली।** कपिल देव लग्जरी टेंपो ट्रेवलर एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने विवेक कटोच को एक वोट से हराया। तारा चंद ठाकुर तीसरे स्थान पर रहे। कपिल को 60 विवेक कटोच को 59 तथा तारा चंद को 44 वोट पड़े। अनिल बोध ने सोहन लाल को हराकर महासचिव के पद पर कब्जा किया। अनिल को 90 जबकि सोहन लाल को 74 वोट पड़े। मनाली में बुधवार को लग्जरी टेंपो ट्रेवलर एसोसिएशन के लिए वोट हुए। 176 में से 165 सदस्यों से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वीर सिंह पहले ही उपाध्यक्ष व तेंजिन सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। आज अध्यक्ष व महासचिव पद के लिए वोट डाले गए। एसोसिएशन के प्रधान कपिल देव ने कहा कि वह एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि वह उनकी उम्मीद में खरा उतरने के हर संभव प्रयास करेंगे।

### मंगलौर पुल के टूटने के कारणों की जांच को पहुंची टीम

**अनंत ज्ञान, बंजार।** एनएच-305 पर मंगलौर में पुल के टूटने के कारणों का पता लगाने के लिए बुधवार को शिमला से एक जांच टीम मंगलौर पहुंची। टीम ने पुल के टूटने के कारणों का जाजजा लिया और अब टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से पुल टूटने के बाद मामले की जांच के आदेश दिए गए थे। गौर रहे कि एनएच-305 में मंगलौर में बना पुल पिछले दिनों ओवरलोडिंग के चलते धराशायी हो गया था। हालांकि प्रशासन की ओर से उसी दिन ही वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात बहाल कर लोगों और पर्यटकों को राहत प्रदान की है। यह पुल 50 साल पुराना था, लेकिन यह कैसे टूटा, यह अभी भी सवालिया निशान बना हुआ है। इसके साथ ही सरकार ने एक कमेटी का भी गठन किया गया है। मंगलौर में पुल टूटने के बाद वाहनों की आवाजाही ठप हो गई थी। एनएच की ओर से विकल्प के तौर पर मार्ग तैयार किया गया। हालांकि इसमें वाहनों के लिए समय निर्धारित किया गया है। पुल टूटने से बंजार के पर्यटन कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। बंजार में होटलों व होम स्टे की 50 फीसदी बुकिंग रद्द हुई है। बहरहाल अब सबकी नजरें नए पुल बनने पर हैं। सनद रहे कि बीते दिन लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी इस पुल का निरीक्षण किया था।

### 89 बार रक्तदान कर प्रेरणास्रोत बने मनाली के प्रेम



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के समाजसेवी 56 वर्षीय प्रेम ठाकुर 89 बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने हैं। उनके इस नेक कार्य के लिए कुल्लू जिला प्रशासन की ओर से ढालपुर में सम्मानित किया गया। मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नेक दिल प्रेम रक्तदान के लिए हर वक्त तैयार मिलते हैं। मनाली में। ऐसा कोई रक्तदान शिविर नहीं, जहां प्रेम ठाकुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज न कि हो। मधुरभाषी व मिलनसार प्रेम सभी के चहेते हैं। उन्होंने बहुत से युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है। प्रेम ठाकुर के इस नेक काम ने कई लोगों की जान बचाई और हजारों लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है। उनका कहना है कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट ब्लड किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है। हर व्यक्ति को रक्तदान कर पुण्य कमाना चाहिए। शमशेर में सम्मान देने पर जिला प्रशासन व सरकार का आभार जताया। उनका कहना है कि रक्तदान को महादान बताया गया है। रक्तदान के माध्यम से व्यक्ति कई जिंदगियों को रोशन करता है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कई बार रक्तदान कर वह लोगों की जिंदगी बचा चुके हैं यही नहीं ब्लड डोनेट करने के मामले में वह रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब तक हो सके, वह रक्तदान करेंगे।

# सोलर पावर्ड माइक्रो कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन

## मंत्री जगत सिंह नेगी बोले-ईईएसएल इन यूनिट्स की स्थापना और रखरखाव करेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश सरकार के राजस्व, बागवानी,जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बुधवार को कुल्लू के बजौरा स्थित पीसीडीओ में बागवानी विभाग की पहली सौर ऊर्जा चालित माइक्रो कोल्ड स्टोरेज (एसपीएमसीएस) इकाई का उद्घाटन किया। यह पायलट परियोजना एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा विकसित की गई है, जो विद्युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक उपक्रमों का संयुक्त उपक्रम है।

इसे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा वित्तपोषित किया गया है। भारत में हर साल कटाई के बाद करीब 7000 करोड़ रुपए का नुकसान आलू और प्याज को छोड़कर होता है जिसमें लगभग 50 प्रतिशत नुकसान खेत स्तर यानी फार्म गेट पर होता है। इस चुनौती से निपटने के लिए ईईएसएल ने 5 से 10 मीट्रिक टन की क्षमता वाले सौर ऊर्जा से चलने वाले माइक्रो कोल्ड स्टोरेज को मानकीकृत करने का एक कार्यक्रम तैयार किया है जो ऑफ ग्रिड यानी बिना मुख्य बिजली आपूर्ति के काम करते हैं और पूरी तरह स्वच्छ सौर ऊर्जा पर आधारित हैं।

इस मौके पर मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कृषि अवसंरचना को मजबूत करने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि बजौरा में सौर ऊर्जा चालित माइक्रो कोल्ड स्टोरेज (एसपीएमसीएस) इकाई का उद्घाटन किया गया है और अब राज्य अन्य जिलों में भी यह योजना शुरू होगी।



## बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया पतलीकूहल कोल्ड स्टोर का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान पतलीकूहल**

प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बुधवार को पतलीकूहल स्थित हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) के कोल्ड स्टोर एवं नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ भी उनके साथ मौजूद रहे। यह कोल्ड स्टोर वर्ष 2023-24 में ब्यास नदी में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त हो गया था, जो कि लंबे समय तक बंद रहा।

यह स्टोर सेब, नाशपाती जैसे नाजुक फल और अन्य बागवानी उत्पादों के दीर्घकालिक भंडारण के लिए उपयुक्त है। कोल्ड स्टोरेज तकनीक के कारण उत्पादों की ताजगी और गुणवत्ता लंबे समय तक बनी रहती है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महासचिव राजीव ठाकुर ने मौके पर बागवानी मंत्री से भेंट कर आग्रह किया कि यदि स्टोर का संचालन निजी हाथों में सौंपा जाता है, तो इसका कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा स्थानीय बागवानों के लिए आरक्षित रखा जाए, ताकि उन्हें उचित दर पर भंडारण सुविधा मिल सके। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भरोसा दिलाया कि निर्णय से पहले सभी स्थानीय हितधारकों से सलाह ली जाएगी।

**बाढ़ से क्षतिग्रस्त भवन का 14 लाख की लागत से हुआ पुनर्निर्माण**

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने निरीक्षण के दौरान एचपीएमसी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एचपीएमसी के जीएम संजय ठाकुर पे बताया कि स्टोर को अधिकतम उपयोग में लाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी मॉडल) पर विचार किया जा रहा है, ताकि यह केवल सीमित समय तक न रहकर वर्षभर उपयोग में लाया जा सके। इस पर निर्णय लेते समय सभी स्थानीय हितधारकों को विश्वास में लिया जाएगा।

## साडा की बैठक में आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर दिया बल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले के उदयपुर उपमंडल में आयोजित साडा की बैठक में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। विधायक अनुराधा राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उपमंडल की समस्याओं बारे चर्चा की गई। अटल टनल बनने के बाद लाहौल के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा है। इसके चलते कूड़े-कचरे के प्रबंधन की भी समस्या पैदा हुई है। उदयपुर शहर में भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है।

बैठक में शहर की सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। स्व. लता ठाकुर मेमोरियल सटेडियम में जनता की मांग पर शौचालय निर्माण के लिए एसडीएम उदयपुर को निर्देशित किया एवं इंडोर स्टेडियम की मरम्मत के भी निर्देश दिए। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि बैठक में विभिन्न आवश्यक कार्यों पर चर्चा हुई और प्रस्ताव पारित किए । उन्होंने कहा कि वेस्ट मैनेजमेंट पर चर्चा की सेग्रीगेटीड कुडा लेने बारे, बाजार में तीन जगह पर डस्टबीन लगाने, शौचालय पर 1000 लीटर की टंकी लगाने, बाजार मे केमरे नौटिस बोर्ड, टैक्सी स्टैंड के लिए जगह चिह्नित करने बारे, मृकुला माता मंदिर मे हाई मास लाइट लगाने बारे, बाजार में जगह जगह 10 लाइटें लगाने और और हैंडपंप लगाने बारे, अस्पताल में दो बैंच और साडा में कुर्सियां खरीद और अन्य अहम कार्यों के प्रस्ताव पास किए।

**विधायक अनुराधा राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक**

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनजतीय क्षेत्रों में पर्यटन को विकसित करने के हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी पर्यटन स्थलों में मूलभूत सुविधाओं पर बल दिया जा रहा है।

## विधायक शौरी ने किया सड़क कार्य का भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

शिल्ही पंचायतके परवाड़ी गांव के लिए बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन गरुली गांव में बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, क्षेत्रीय जनता एवं साथ लगती पंचायतों के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। यह सड़क परियोजना परवाड़ी गांव को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ेगी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

गत वर्ष ही शिल्ही मुख्य सड़क से गरुली गांव तक सड़क का निर्माण किया है और यह निर्माण विधायक प्राथमिकता के तत्वावधान में लोक निर्माण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत किया गया है। इस मौके पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग रही है और अब इसके निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यटन, कृषि और व्यापारिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। विधायक शौरी ने कहा कि पूर्व में जयराम सरकार के कार्यकाल में उन्होंने रोपी जाहरा गरुली सड़क को अनुसूचित जाति उपयोजना में शामिल किया था और गत वर्ष ही वन अनापत्ति के बाद निर्माण कार्य किया गया है।



**परवाड़ी गांव के लोगों को मिलेगी सुविधा**

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी और कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रोपी से परवाड़ी तक बस योग्य सड़क का निर्माण किया जाएगा। विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत आगामी वित्त वर्ष में सड़क को स्तरोन्नत करने के लिए वे कार्य करेंगे।

विधायक ने ग्रामीण के प्रति अपनी प्राथमिकताओं को दोहराते हुए कहा कि हर गांव को सड़क, पानी, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। विधायक ने ग्रामीणों को खुशी की सौगात देते हुए जानकारी दी कि नए वित्त वर्ष में उनकी सड़क के लिए विधायक प्राथमिकता के तहत अनुसूचित जाति उपयोजना में रोपी खड्डु पर पुल निर्माण को बजट में शामिल किया गया है। स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांगों के सुलभ आवागमन के लिए रैंप बनाना सुनिश्चित करें : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

दिव्यांगजन अधिनियम 2016 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक उपायुक्त तोरुल रवीश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपायुक्त के निर्देश दिए कि केंद्रीय सरकार के सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत सभी विभाग अपने कार्यालयों तथा सार्वजनिक कार्य व्यापार के स्थलों सरकारी भवनों को दिव्यांगजनों के आवागमन के लिए बाधा मुक्त बनाने को सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने पुराने भवनों में मॉडिफिकेशन कर दिव्यांगजनों के सुलभ आवागमन के लिए रैंप बनाने तथा नए भवनों में रैंप का डिजाइन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सभी विभाग निर्दिष्ट तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञ टीमों द्वारा एक्सेस ऑडिट कराने तथा उनकी रिपोर्ट के पश्चात इसका प्रकरण तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए तकनीकी एक्सेस के लिए भी अपनी वेबसाइटों का, सुलभ बनाने का प्रयास करने के लिए जिला सूचना तकनीकी अधिकारी को निर्देश दिए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ट्रांसजेंडर लोगों के लिए न्यायालय परिसर में अलग से टॉयलेट बनाने के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि युआइआइडी कार्ड बनाने के लिए लंबित मामलों को जल्द से जल्द पूरा करें। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज, डीएसपी राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जाओं का आठे जाच मेला 8 बैशाख को

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड क्षेत्र के जाओं का ऐतिहासिक बैशाख मेला (आठे जाच) मेला इस वर्ष भी प्राचीन रीति रिवाजों अनुसार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। बैशाख महीने की 8 प्रविष्टे को यह पर्व हर वर्ष यहां की 10 पड़ेई के लोगों द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। क्षेत्र के युवा मदन सांवरिया ने बताया कि 7 बैशाख को यहां निरशू पर्व मनाया जाता है। इसमें मां चैलाशनी के पर्व में जाओं और दवाह के लोगों की अहम भूमिका रहती है और यहां के लोगों द्वारा सुहांग के रूप में नुकड़ नाटक प्रस्तुत किए जाते हैं।

आठे जाच मेले में बजोड़ लोगों का दल नृत्य करते जाओ पहुंचते हैं और उसके बाद यहां भव्य नाटी लगती है। मेले में परम्परागत वेशभूषा चोड़ा कलगी. पट्टू पहनकर प्राचीन संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिलती है।इस मेले का क्षेत्र के लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है।

## बीपीएल सूची तैयार करने की प्रक्रिया से पंचायत प्रतिनिधियों को हटाना गलत : संघ

**अनंत ज्ञान, बंजार**

विकास खंड बंजार के प्रधानों ने एकजुट होकर पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त और स्वायत्त बनाए रखने के लिए चार महत्वपूर्ण मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू को खंड विकास अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। यह मांगें बंजार में आयोजित प्रधान संघ की विशेष बैठक में पारित की गईं, जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान विजय ठाकुर ने की।

**खंड विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन**

मांग पत्र से सौंपने से पहले चर्चा हुई पंचायत निर्माण कार्यों में सामग्री की खरीद से जुड़ी हालिया सरकारी नीति पर। संघ ने विरोध जताया कि अब सामग्री से संबंधित टेंडर खंड विकास कार्यालय द्वारा किए जा रहे हैं, जिससे पंचायतों की भागीदारी लगभग समाप्त हो गई है। प्रधानों का मानना है कि इससे पंचायतें समय पर कार्य नहीं कर पाएंगी और क्षेत्रीय आवश्यकताओं की उपेक्षा होगी। वहीं, दूसरी बड़ी मांग में प्रधानों ने कहा कि विकास कार्यों में सामग्री विक्रेताओं से फॉर्म भरवाने की जो व्यवस्था बनाई गई है, वह न केवल जटिल है बल्कि इससे सामग्रियों की कीमतें भी बढ़ रही हैं। इस प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और इसके स्थान दिल्ली समय में भी पर निर्धारित दरों पर रॉयल्टी आधारित प्रणाली लागू की जाए। तीसरी मांग में संघ ने कहा कि बीपीएल सूची तैयार करने की प्रक्रिया से पंचायत प्रतिनिधियों को हटाना जनभागीदारी और पारदर्शिता के विरुद्ध है।



बैठक में इस बात पर भी नाराजगी जताई गई कि विधायकों और मंत्रियों के मानदेय में तो वृद्धि की गई है, लेकिन पंचायतीराज प्रतिनिधियों को अब भी उपेक्षित रखा गया है। प्रधानों ने कहा कि वे कठिन परिस्थितियों में जनता के बीच रहकर कार्य करते हैं और उन्हें मिलने वाला मानदेय अत्यंत अल्प है। अत: मांग की गई कि पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय भी सम्मानजनक रूप से बढ़ाया जाए। बैठक के अंत में सभी प्रधानों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन मांगों पर तत्काल ध्यान देकर उन्हें लागू किया जाए, ताकि पंचायतीराज व्यवस्था में विश्वास बना रहे और पंचायतें अपने दायित्वों का सही रूप से निर्वहन कर सकें।

**कौन-कौन रहे मौजूद :** प्रधान संघ के अध्यक्ष विजय ठारकुर, प्रधान भगत राम, प्रधान पूर्ण चंद, प्रधान प्रशांत लवली, प्रधान तेजा सिंह, प्रधान चंद्रा राणा, रामेश्वरी ठाकुर, प्रेम लता, शांता देवी, चंद्रा ठाकुर, तोर सिंह, बिमला देवी, हीरा सिंह, दीपक, घनश्याम ठाकुर, लाल सिंह, चेत राम ठाकुर सहित क्षेत्र की सभी पंचायतों के प्रधान इस बैठक में उपस्थित रहे और सर्वसम्मति से उक्त मांगें पारित कर राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया।

## आईटीआई शमशी में आपदा से बचाव के बताए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आईटीआई शमशी के प्रांगण में बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लीडिंग फायरमैन हंसराज शर्मा और उनकी टीम ने प्रशिक्षणार्थियों को आग के प्रकार और आग से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इसमें मॉकड्रिल के मुख्य बिंदु इस प्रकार से रहे जिसमें आग के प्रकार और आग से बचाव के तरीके के बारे में बताया गया तथा अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग और उपयोग के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मॉकड्रिल और प्रेक्टिकल के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देना प्रशिक्षणार्थियों को लाभ दे सकता है। इस मॉकड्रिल के आयोजन से प्रशिक्षणार्थियों को आग से बचाव और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग के बारे में जानकारी मिली। इससे उन्हें आग से संबंधित आपातकालीन स्थितियों में अपनी सुरक्षा और दूसरों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने में मदद मिलेगी।

### मुख्य सचिव ने एकीकृत नशा-निवारण एवं पुनर्वास केंद्र भुंतर का किया निरीक्षण, बोले-

## युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन गंभीर चुनौती : प्रबोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बुधवार को कुल्लू जिले के भुंतर स्थित एकीकृत नशा-निवारण एवं पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, उपायुक्त तोरुल एस रवीश, प्रधानाचार्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल चमियाणा डॉ. ब्रिज शर्मा, सहायक आयुक्त शशि पॉल नेगी, सीएमओ कुल्लू डॉ.नागराज, परियोजना अधिकारी डीआरडीए डॉ. जयवंती ठाकुर, केंद्र प्रभारी डॉ. सत्यव्रत वैद्य उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि युवाओं में बढ़ता नशे का प्रचलन सरकार एवं समाज के समक्ष चुनौती है और प्रदेश सरकार इससे निपटने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि एकीकृत नशा-निवारण एवं पुनर्वास केंद्र भुंतर में नशा निवारण के लिए किए जा रहे प्रयास अनुकरणीय और सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि एकीकृत नशा-निवारण एवं पुनर्वास केंद्र बहुत अच्छा और पुनीत कार्य हो रहा है। उन्होंने यहां कार्यरत चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की निश्वार्थ सेवा भावना से कार्य करने के लिये पीठ थप-थपाई। मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन को भी एकीकृत नशा-निवारण एवं पुनर्वास केंद्र में महिलाओं तथा पुरुषों के लिये उपचार सुविधा के लिए बधाई दी। उन्होंने इस केंद्र को और बेहतर करने के लिये हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्य सचिव ने यहां उपचारधीन लोगों से उनके अनुभव जानें और नशे को छोड़ने के लिए स्वेच्छा से आगे आने की सराहना की। उन्होंने उपचाराधीन लोगों से नशे को छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्प होने तथा अन्य लोगों तक भी इस केंद्र की जानकारी पहुंचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।



उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस राविश ने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा, सचिव जीएडी राजेश शर्मा और डॉ. बृज शर्मा प्रधानाचार्य सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल चमियाना के कुल्लू आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन, गोकुलचंद्रन सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनसीसी एयर हैंगर के शेष कार्य को 75 लाख जारी

इसके पश्चात मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, उपायुक्त तोरुल एस राविश, एनसीसी के एयर स्क्वाडन कुल्लू के विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने भुंतर में निर्माणाधीन एनसीसी एयर हैंगर स्थल निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने कहा कि एनसीसी एयर हैंगर भुंतर इस क्षेत्र के एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि एनसीसी एयर विंग के कैडेट्स को नजदीक प्रशिक्षण की सुविधा करवाने के लिए सरकार ने अतिरिक्त 75 लाख रुपए जारी किए हैं, ताकि शेष कार्य को समयबद्ध पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि एनसीसी एयर हेंगर के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। मुख्य सचिव ने शेष कार्य और अन्य सभी औपचारिकताओं को समयबद्ध पूर्ण के लिये दिशा-निर्देश जारी किए।

**अनदेखी** 60 किलोमीटर का सफर तय कर उपचार के लिए कुल्लू आने को मजबूर सैंज की जनता

# 9 वर्ष पहले मिला दर्जा सीएचसी का, पर सुविधाएं पीएचसी की

**निशित चंद्र चौधरी, सैंज**

कुल्लू जिले के सैंज पीएचसी को सीएचसी का दर्जा मिलने के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं बढ़ पाई हैं। सीएचसी का दर्जा प्राप्त हुए नौ साल हो चुके हैं। आलीशान भवन का निर्माण भी किया गया है, लेकिन अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को वांछित डॉक्टर नहीं मिलने से मरीजों को 60 किमी सफर कर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचना पड़ रहा है। सीएचसी सैंज वर्तमान में दो डॉक्टरों के सहारे चल रही है। बीते एक साल से यहां चल रही रात्रि आपातकालीन सेवाएं भी बंद हो गई है।

शाम चार बजे के बाद यहां ताला लटका दिया जाता है। सहारा नामक एक संस्था ने यहां पर अपने खर्च पर दो नर्सें नियुक्त की थी, जिन्हें अब संस्था ने यहां से हटा दिया है। ऐसे में ऑन काल सेवा भी यहां बंद हो गई है। शाम चार बजे के बाद फर्स्ट एड भी नहीं मिलती। सैंज अस्पताल में वर्षों से दो डॉक्टरों के सहारे ही काम चलाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज को 50 बिस्तरों की सुविधा भी दी है, लेकिन यहां पर मरीजों को उपचार के लिए भर्ती नहीं किया जा रहा है।



### ये पंचायतें हैं निर्भर

सैंज अस्पताल से देहुरीधार, शैंशर, गाड़ापारली, शांघड़, सुचैहण, बनोगी, दुशाहड़, धाउगी, कनौन, लारजी, कोटला, चकुरठा, थाटीबीड़, गोपालपुर, भलाहण, तलाड़ा, देवगढ़ गोही, रैला-एक और रैला-दो पंचायतों के लोग निर्भर हैं।

रात्रि सेवा भी बंद होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। इस स्वास्थ्य केंद्र के तहत सैंज घाटी की 20 पंचायतों की करीब 25 हजार आबादी आती है।



“ सैंज अस्पताल में स्टाफ भेजने और आपातकालीन सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार को मांग पत्र भेजा है। कई बार फिर पत्राचार करने के बाद भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

**-सुरेंद्र शौरी, विधायक बंजार विस क्षेत्र**



“ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था नहीं है। इमरजेंसी व ओपीडी सुविधा उपलब्ध न होने से जनता दिक्कतों का सामना कर रही है।

**रघु विष्ट, सैंज**



“ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज को अपग्रेड तो किया गया है, लेकिन अभी तक डॉक्टर नहीं भेजे गए हैं। स्टाफ की कमी से यहां सुचारू रूप से सुविधाएं मुहैया नही हो रही है।

**-नारायण चौहान, सैंज।**



“ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आपात स्थिति में मरीजों के लिए आक्सीजन की व्यवस्था है। ऑक्सीजन सिलेंडर भी उपलब्ध है। अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा है, लेकिन कर्मचारी न होने की वजह से लोगों को बाहर से जांच करानी पड़ रही है।

**-मनोज राणा, सैंज**

स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं नहीं मिलने से सबसे ज्यादा दिक्कतें घाटी की गर्भवती महिलाओं को पेश आ रही हैं। यहां औसतन एक सौ मरीज इलाज के लिए प्रतिदिन पहुंचते हैं। स्थानीय निवासी लाल चंद, दुनी चंद, श्याम लाल, भाग चंद, शेर सिंह, लोतराम, राजकुमार, तिलक राज, मीने राम, रोशन लाल, फते चंद, नीलम कुमार, किशोरी लाल और तापे राम का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को कई बार डॉक्टरों की नियुक्ति करने के लिए अवगत किया गया है लेकिन मांगों को कोई गंभीरता नहीं लाई जा रही है। मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र अपग्रेड होने के बाद भी कुल्लू ले जाना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### ये पद हैं खाली

चिकित्सकों के 5 में से तीन पद खाली चल रहे हैं। फिलहाल यहां 2 विशेषज्ञ चिकित्सक और एक दंत चिकित्सक तैनात है। फार्मासिस्ट के 2, स्टाफ नर्स के तीन, अधीक्षक, एक्स-रे टेक्निशियन, स्वच्छता निरीक्षक, वार्डन, ड्रेसर और चौकीदार के एक-एक पद खाली चल रहे हैं।

### पद नहीं हुए हैं स्वीकृत

सीमओ डॉ. नागराज पवार ने कहा कि सैंज पीएससी को अपग्रेड कर सीएससी बना दिया गया है। लेकिन सीएससी के लिए वांछित पद स्वीकृत नहीं हुए हैं। विभाग की ओर से सेवाएं देने के लिए समय समय पर यहां स्टाफ भेजा जा रहा है।

## अल्पसंख्यक समुदाय को सभी योजनाओं और पहलों का मिले लाभ : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए जिला में कार्यान्वित किए जा रहे विभिन्न योजनाओं और पहलों की समीक्षा करते हुए कुल्लू जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाएं, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग का उत्थान सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला में अल्पसंख्यक समुदाय में बौद्ध, मुस्लिम, सिख, ईसाई और जैन आदि शामिल हैं तथा इस कार्यक्रम का उद्देश्य उनके शिक्षा के अवसरों में वृद्धि,आर्थिक गतिविधियों और रोजगार में अल्पसंख्यकों की भागीदारी सुनिश्चित करना, बुनियादी ढांचा विकास योजनाओं में अल्पसंख्यकों के लिए उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित करना, सांप्रदायिक विद्वेष और हिंसा की रोकथाम करना है।



**उपायुक्त ने अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन योजनाओं में छात्रवृत्ति योजनाएं, कौशल विकास योजनाएं, रोजगार सृजन योजनाएं, और बुनियादी ढांचा विकास योजनाएं शामिल हैं। बैठक में सभी विभागों को अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, यह सुनिश्चित किया गया कि अल्पसंख्यक समुदाय को इन योजनाओं और पहलों का लाभ मिल सके। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने किया।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नागराज, डीएसपी राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नाहन के तनुज छह दिन से लापता, परिजन परेशान



**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के कच्चा टैंक क्षेत्र से 24 वर्षीय युवक तनुज के लापता होने का मामला सामने आया है। तनुज बीते 11 अप्रैल को दोपहर 1 बजे के करीब घर से निकला था और तब से अब तक उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों द्वारा कच्चा टैंक पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है। तनुज के पिता श्याम सिंह कच्चा टैंक बस स्टैंड के पास गोलगप्पे की ठेली लगाते हैं और तनुज रोजाना उनके साथ काम में हाथ बंटाता था। बेटे की अचानक गुमशुदगी से परिवार गहरे सदमे में है। गरीब माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। श्याम सिंह को कुछ लोगों ने बताया कि उनके बेटे को काला अंब की शिव कॉलोनी के पास देखा गया था। वहां से पता चला कि वह त्रिलोकपुर की ओर गया है। परिजनों ने हर जगह तलाश की, लेकिन अब तक तनुज का कोई सुराग नहीं मिला है। एसपी निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पुलिस टीम सक्रिय रूप से छानबीन में जुटी है। युवक के पास मोबाइल नहीं है, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस नहीं हो पा रही है। बावजूद इसके, जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही गुमशुदा को ढूंढने की उम्मीद है।

## अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया हिमाचल दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अंजलि चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन ने 78वां हिमाचल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग सोलन के उपनिदेशक डॉ. विवेक लांबा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए, जबकि लॉरेंस ओसवाल सहित कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. केडी रयोत ने अतिथियों का स्वागत किया, साथ ही हिमाचल दिवस के इतिहास और महत्व की जानकारी दी। मुख्यातिथि ने भी प्रदेश के गौरव और विकास गाथा पर प्रकाश डाला, साथ ही बच्चों से प्रदेश को सुंदर और स्वच्छ बनाने की प्रेरणा दी। इससे पहले ट्रस्ट के बच्चों ने नाटी नृत्य प्रस्तुत किया तथा प्रदेश का एक सुंदर लोकगीत गाया। छात्रों ने भी भाषण के माध्यम से इस दिवस की महता बताई।

## श्रम एवं रोजगार मंत्री आज सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 17 अप्रैल को सिरमौर जिले के प्रवास पर होंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री अपने एकदिवसीय प्रवास के दौरान उपमंडल पच्छाद के सराहां में दोपहर 12:15 बजे लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

## हॉकी गोल्ड कप में उत्तर भारत की 26 टीमें पहुंचीं



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के माजरा हॉकी मैदान में सातवीं गुरु गोविंद सिंह हॉकी गोल्ड कप प्रतियोगिता का मंगलवार को आगाज हुआ। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मुख्य अतिथि सिरमौर ट्रक ऑपरेटर के अध्यक्ष बलजीत सिंह नागरा रहे। मां यमुना हॉकी क्लब पांवटा के अध्यक्ष गुरनाम सिंह और सचिव जाफर अली ने कहा कि उत्तर भारत की 26 टीमें पहुंच गई हैं। पुरुष वर्ग में विजेता टीम को 31000 और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 21000 और ट्रॉफी, महिला वर्ग में विजेता टीम को 31000 और ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को 21000 और ट्रॉफी दी जाएगी। इस दौरान आयोजको ने कहा की यह प्रतियोगिता पांच दिन तक चलेगी जिसमे महिला पुरुष की 26 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन पांच मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला।

# शहर की सीवरेज ट्रीटमेंट योजना अधर में

### सीवरेज समस्या से प्रदूषित माहौल में जीने को मजबूर लोग, पर्यावरण को भी हो रहा नुकसान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना के जोन बी का कार्य पूरा हुए करीब दो दशक बीत गए, पर इसमें आज तक लक्ष्य के मुताबिक भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हुई। इस अवधि में जोन बी के मात्र 600 भवन ही सीवरेज योजना से कनेक्ट हो पाए, जबकि लक्ष्य 3000 भवनों को जोड़ने का है। योजना के तहत सोलन के पटराल में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने डेढ़ दशक का समय बीत चुका है, पर सीवरेज की लाइन से भवनों की कनेक्टीविटी नहीं होने से यह विभाग के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है।

ट्रीटमेंट प्लांट से शहर के सर्कुलर रोड, लक्कड़ बाजार, टैंक रोड, ऑफिसर कॉलोनी, डाइट रोड, कोटलाना, मधुवन कॉलोनी, सन्नी साइड, राजगढ़ रोड व डिग्री कॉलेज के आसपास बने भवनों की सीवरेज लाइन को कनेक्ट किया जाना है। विभागीय उदासीनता के चलते अधिकतर भवन मालिकों ने सीवरेज लाइन से जुड़ने में रुचि नहीं दिखाई। इसका असर यह हुआ कि कई भवन मालिकों ने खुले नालों में ही सीवर छोड़ दी। इससे नालों में पनप



वार्ड-14 में खुले में बहती सीवरेज।

रही प्रदूषित हवा आवासीय कॉलोनियों तक पहुंचने से लोगों के स्वास्थ्य को बिगाड़ने का कार्य कर रही है।

योजना के तहत अभी शहर के जोन ए व जोन सी में ट्रीटमेंट प्लांट बनने बाकी है। जोन ए के तहत नडोह और जोन सी के कथेड़ में सीवरेज प्लांट बनाया जाना है। दोनों जोन में करीब 5 हजार भवनों के सीवरेज को मुख्य लाइन से कनेक्ट किया जाएगा। दोनों ट्रीटमेंट प्लांट्स को पूरा होने में करीब 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि की जरूरत है। इसके लिए जलशक्ति विभाग ने रिवाइज डीपीआर तैयार की है। ट्रीटमेंट प्लांट के चालू होने की स्थिति में न केवल खाद का उत्पादन होगा, बल्कि ट्रीट किए पानी का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकेगा, पर विभागीय उदासीनता के चलते आज तक यह कार्य लंबित होता रहा है। योजना में देरी होने से शहर के नाले प्रदूषित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

सीवरेज सिस्टम नहीं होने से शहर के गंज बाजार, शक्तिनगर, मोहन कॉलोनी, अप्पर बाजार के आसपास के घरों की सीवर खुले नाले में छोड़ी गई है, जिससे प्रदूषण फैल रहा है। इसी तरह वार्ड सात के धोबीघाट, वार्ड-11 के कोटलानाल, वार्ड-8 के शूलिनी नगर, वार्ड-13 के कलीन और वार्ड-15 की हाऊसिंग कॉलोनी फेज-एक व दो में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं होने से पास के नालों में सीवर छोड़ी गई है। कॉलोनी के फेज-एक में जहां सेफ्टी टैंक का निर्माण तो किया गया लेकिन इसमें भवनों की सीवर लाइन कनेक्शन करने के बजाए खुले में छोड़ी गई है।

इसी तरह शहर में कई जगहों पर सड़क किनारे बनी नालियों में सीवरेज बह रही है। इसी तरह वार्ड-1, 2, 3, 4, 5, 8, 6, 12, 13, 14, 15, 16 और वार्ड-17 में भी अधिकतर भवनों में सेफ्टी टैंक नहीं होने से सीवरेज को खुले नालों में छोड़ा गया है। जोन बी में बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य लाइन से भवनों की कनेक्टिविटी का जिम्मा आईपीएच व निगम का है। दोनों विभागों में तालमेल की कमी के चलते भवनों की कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है। नगर परिषद ने जोन बी में बने भवनों की कनेक्टिविटी के लिए आईपीएच को एक करीब एक करोड़ रुपए की राशि भी जारी की, लेकिन ठेकेदारों की कार्यप्रणाली से काम अधर में लटक गया।

> नगर निगम आवेदन आने पर सीवरेज कनेक्टिविटी कर रही है। जमीनी विवाद के कारण कनेक्टिविटी में दिक्कत आ रही है। जलशक्ति विभाग ने शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सरकार को डीपीआर भेजी है। योजना की मंजूरी पर सीवरेज कनेक्टिविटी में आसानी होगी।
> **-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम, सोलन।**

इससे पता चलता है कि संबंधित विभाग लागों के स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण के लिए कितने गंभीर हैं। खुले में छोड़ी गई सीवर लाइनों से जहां हमेशा बीमारियां पनपने का खतरा रहता है साथ ही इससे पर्यावरण को भी खासा नुकसान होता है और प्राकृतिक जलस्रोत भी दूषित हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## नगर निगम बनने के बावजूद भी नहीं सुधर पाईं बद्दी की सड़कें



**भूपिंदर चंदेल, बद्दी**

हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक कस्बे बद्दी की सड़कों की स्थिति दो साल बाद भी सुधर नहीं पाई है। इस साल बद्दी में नगर निगम कमिश्नर व एसडीएम का पद भी सृजित हो गया लेकिन शहर की दशा फिर भी नहीं सुधर पाई है। बद्दी बस स्टैंड के समीप बरोटीवाला चौक की हालत बदतर बनी हुई है, जहां गंदे पानी का तालाब बना हुआ है और हजारों सवारियां पूरा दिन चढ़ती व उतरती हैं लेकिन प्रशासन, नगर निगम व जलशक्ति विभाग को इसकी कोई परवाह नहीं है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि एसडीएम कार्यालय व नगर निगम आयुक्त कार्यालय भी मात्र 20 मीटर की दूरी पर स्थित है और अधिकारियों का आना जाना भी रोजाना लगा रहता है। इस चौक पर सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का खड़ा होना भी किसी चुनौती से कम नहीं है।

आईपीएच बद्दी एसडीओ चमन लाल ठाकुर का कहना है कि पहले भी कई बार इसे ठीक करवाया जा चुका है, अगर फिर से ओवरफ्लो हो रहा है तो जल्द सुधार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### बद्दी को सुंदर बनाने के दावे खोखले : राजेश

श्रीराम सेना के संयोजक राजेश जिंदल ने कहा कि शहर का बहुत बुरा हाल है। सीवरेज का पानी सड़कों पर बह रहा है जबकि प्रशासन व अधिकारी सुख की नींद सो रहे हैं। सिर्फ तहसील चौक ही नहीं बल्कि हर वार्ड में ऐसा ही हाल है साफ सफाई का। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को वेतन सरकार जनता की सेवा की देती है, लेकिन फिर भी काम नहीं होते।

## तरसेम भारती अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद में वर्किंग चेयरमैन नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन निवासी समाजसेवी एवं उपभोक्ता हितों के सक्रिय पैरोकार तरसेम भारती को अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में 'वर्किंग चेयरमैन' के रूप में नामित किया गया है। इसके साथ ही उन्हें नॉर्थ ईस्ट ज़ोन इंचार्ज की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह पद पूरी तरह से स्वैच्छिक सेवा आधारित है, जिसकी अवधि तीन वर्षों के लिए मान्य होगी।

इस मनोनयन के माध्यम से श्री भारती उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण, जन-जागरूकता और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। यह संस्था उपभोक्ताओं के कल्याण हेतु कार्यरत एक पंजीकृत राष्ट्रीय संस्था है, जो नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस नियुक्ति के साथ हिमाचल को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है।

तरसेम भारती ने सहयोगियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है। मैं इस ज़िम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का संकल्प लेता हूं। उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मैं निरंतर कार्य करता रहूंगा।

## बल्लूपुर--भूपुर सड़क मुआवजे का 15 दिन में हो समाधान : गडकरी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पांवटा साहिब के विधायक और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी की जमीनी स्तर पर किसानों के लिए की गई पहल आखिरकार सफल होती दिख रही है। बल्लूपुर-पांवटा साहिब-भूपुर सड़क निर्माण परियोजना के तहत अपनी जमीनों के मुआवजे के लिए धरने पर बैठे किसानों की समस्या को लेकर सुखराम चौधरी ने केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

**सुखराम चौधरी ने की गडकरी से मुलाकात**

इस दौरान सांसद अनुराग ठाकुर और रणधीर शर्मा भी उपस्थित थे। किसानों की पीड़ा को समझते हुए सुखराम चौधरी ने नितिन गडकरी के सामने उनकी समस्याओं को रखा। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए उनकी उपजाऊ जमीनें ली गई हैं,



लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिला है। किसानों की लगातार मांग के बावजूद स्थानीय प्रशासन से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला, जिसके बाद उन्होंने इस मामले को केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाया।

सुखराम चौधरी ने नितिन गडकरी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि किसानों को उनकी जमीनों का उचित मुआवजा मिलना चाहिए और इस मामले में हो रही देरी को समाप्त किया जाना चाहिए। नितिन गडकरी ने किसानों के प्रति सहानुभूति जताते हुए संबंधित अधिकारियों को 15 दिन के भीतर इस समस्या का समाधान करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

सांसद अनुराग ठाकुर ने भी इस मामले में किसानों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वे किसानों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के साथ है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुखराम चौधरी के प्रयासों से किसानों में उम्मीद की एक नई किरण जगी है। वे अब 15 दिनों के भीतर अपने मुआवजे की प्राप्ति की उम्मीद कर रहे हैं।

हालांकि, उनका कहना है कि अगर इस समय सीमा में भी उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस घटनाक्रम ने बल्लूपुर-पांवटा साहिब-भूपुर सड़क निर्माण परियोजना में एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया है। अब देखना यह होगा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निर्देशों का पालन कितनी जल्दी और कितनी प्रभावी ढंग से होता है।

## हाटी की नाटी और सिंहटू नृत्य ने मोहा लखनऊ के दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. जोगेन्द्र हाब्बी ने बताया कि लखनऊ स्थित राजभवन में हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस खास मौके पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल रहीं। लखनऊ राज भवन में होने वाले इस समारोह में भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से चूड़ेश्वर मंडल, पझौता, सिरमौर के कलाकारों को सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए भेजा गया।



**लखनऊ राजभवन ने धूमधाम से मनाया हिमाचल प्रदेश स्थापना दिवस**

चूड़ेश्वर सांस्कृतिक मंडल के कलाकारों ने हाटी समुदाय की परंपरागत नाटी के अंतर्गत ठोडा नृत्य, रिहाल्टी गी, दीपक नृत्य, परात नृत्य और रासा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां देकर राजभवन के दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। पर्यावरण तथा देव परंपरा से संबंधित सिरमौर के गिरिपार का लगभग पांच सौ वर्ष पुराना सिंहटू नृत्य भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देव शर्मा और उनके साथियों ने भी नाटी, पढ़ुंआं और लंबड़ा बखूबियत पेश किया। डॉ. जोगेंद्र हाब्बी ने राजभवन में अपने संबोधन में कहा कि राजभवन लखनऊ में हिमाचल स्थापना दिवस जैसे गरिमामय आयोजन हेतु मैं समस्त हिमाचल वासियों की ओर से आप सभी का आभार प्रकट करता हूं।

'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करती यह पहल हम सभी लिए अत्यंत गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दौरान चूड़ेश्वर मंडल के कलाकारों ने राज्यपाल को पारंपरिक हिमाचली टोपी और मफलर पहनाकर सम्मानित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में हिमाचली कलाकारों की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में कठिन परिस्थितियों में भी मेहनतकश लोग विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, यह हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने हिमाचल की सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि को देश की धरोहर बताया। चूड़ेश्वर मंडल के कलाकारों में मुख्यत: उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित लोक कलाकार गोपाल हाब्बी, रामलाल वर्मा, बिमला चौहान, चमन, संदीप, सुनील, नवीन, देवीराम, बलदेव, नरेंद्र, सरोज, अनु, पायल, हेमलता, तनु, आरती, प्रीति, दिनेश और इंद्र सहित कई कलाकार शामिल रहे।

## निजी अस्पतालों के हिमकेयर व आयुष्मान कार्ड के बिल अटके

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर के कई निजी अस्पतालों के हिमकेयर व आयुष्मान भारत योजना के बिल सरकार के पास लटके है, ऐसे में इन अस्पतालों का करोड़ों का भुगतान अटका पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार लंबे अरसे से सरकार इन योजनाओं में बकाया राशि का भुगतान करने में अनदेखी बरत रही है। अस्पताल भुगतान न होने से खफा होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी कर चुके हैं।

इसी कड़ी में शहर के श्री साई अस्पताल का आयुष्मान योजना में 1,38,68,500 और हिमकेयर में 1,68,06,950 रुपऐ का भुगतान अभी अटका है। इसी तरह श्री साई कार्डियक अस्पताल पांवटा में हिम केयर योजना में 74,60,032 और आयुष्मान योजना में 72,88,266 रुपए का भुगतान रुका पड़ा है।

इसी कड़ी में कई अन्य निजी अस्पताल भी है। सरकार ने जिनका भुगतान नहीं किया है। हिम केयर प्रदेश सरकार, जबकि आयुष्मान भारत केंद्र सरकार की योजना है। इसके तहत मरीजों को सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। सिरमौर निजी अस्पताल एसोसिएशन के डॉ. दिनेश बेदी ने बताया कि जिले में हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ों का भुगतान अटका है। भुगतान न होने से उन्हें अस्पताल में परेशानी खड़ी हो गई है, ऐसे में अस्पतालों के स्टाफ का वेतन व अन्य देनदारियां निपटाने में देरी हो रही है।

## प्रौद्योगिकी-25 इवेंट की टॉर्क डैश प्रतियोगिता में माउस ट्रैपर सार्थक ने बाजी मारी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एनआईटी हमीरपुर में इंडियन सोसायटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन के सौजन्य से आयोजित प्रौद्योगिकी-25 इवेंट में टॉर्क डैश प्रतियोगिता में टीम के माउस ट्रैपर, एनआईटी हमीरपुर के छात्र नाहन निवासी सार्थक अरोड़ा पुत्र राकेश आरोड़ा ने बाजी मारी है। प्रतियोगिता के विजेता घोषित सार्थक को इंडियन सोसायटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन की तरफ से 5 हजार रुपये के पारितोषिक से सम्मानित किया गया है। सार्थक ने बताया कि प्रतियोगिता को जीतने के लिए कई तकनीकी मापदंड तय किये गए थे। केवल माउस ट्रैप के जरिए ट्रैप की पावर को इस्तेमाल करते हुए एक कार का निर्माण करना था। प्रतियोगिता के लिए बनाई गई कार को जीतने के लिए निर्धारित लंबी दूरी तय करनी थी इसी कड़ी में 21.65 मीटर दूरी तय की गई। प्रतियोगिता को जीतने के लिये मुख्य बिंदु का आंकड़ा 600 रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह एक दिन से कम समय मे मैकेनिकल एडवांटेज रेश्यो के साथ कार का निर्माण किया गया। जीत से उत्साहित सार्थक ने सारी टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि वो भविष्य होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं में और बहेतर प्रर्दशन करगें ।


## किसानों को प्राकृतिक खेती के बताए लाभ



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** किसानों को रासायनिक खेती से हटाकर टिकाऊ और लाभकारी प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से अंबुजा फाउंडेशन द्वारा गांव कंसवाला में एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में आंध्र प्रदेश से आए प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ हरि कृष्ण ने किसानों को बताया कि किस प्रकार किसान बिना रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के सहारे खेती कर सकते हैं। उन्होंने जीवा अमृत, बीजामृत और वर्मी कम्पोस्ट जैसी पारंपरिक तकनीकों की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती है। इस अवसर पर अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेन्द्र गांधी ने कहा आज के युग में बढ़ते जलवायु परिवर्तन और लागत में वृद्धि के चलते प्राकृतिक खेती किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है। कैंप में क्षेत्र के अनेक किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती के बारे में अपने अनुभव साझा किए। फाउंडेशन ने किसानों को आगे भी इस दिशा में मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया।

## कंडा-चायल सड़क पर अश्वनी खड्ड में गिरी पिकअप, दो घायल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कंडाघाट-चायल सड़क पर साधुपुल में एक पिकअप अश्वनी खड्ड में गिर गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब पिकअप चायल से कंडाघाट की तरफ आ रही थी तो जैसे पिकअप साधुपुल से एक मोड़ आगे पहुंची तो वैसे ही पिकअप सड़क के किनारे लगे पैराफिट को तोड़ कर नीचे अश्वनी खड्ड में जा गिरी। इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है, जिनमें एक का नाम नितेश है जबकि दूसरे का नाम धन बहादुर है।

घायलों का उपचार कंडाघाट अस्पताल के किया जा रहा है, वही कंडाघाट पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बच्चों को पर्यावरण को बचाने के दिए जा रहे टिप्स

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से संचालित खुशियों का बैंक माजरा में प्लास्टिक कलेक्शन के लिए अभियान चलाया गया है। संस्था के निर्देशक अनुराग गुप्ता ने बताया कि संस्था के सदस्य अलग-अलग स्कूलों में जाकर बच्चों को प्लास्टिक इस्तेमाल के लिए समय-समय पर अलग-अलग गतिविधियां करते रहते हैं।

इसमें बच्चों को कोल्ड ड्रिंक तेल इत्यादि की खाली बोतलों में प्लास्टिक रैपर्स जैसे नमकीन, कुरकुरे चिप्स, दाल व तेल के पैकेट इत्यादि को भरकर

**मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने पर्यावरण संरक्षण में मांगा सहयोग**

खुशियों का बैंक माजरा में जमा करवाने के लिए कहा जाता है अथवा बच्चे अपने-अपने स्कूल में इन बोतलों को इकट्ठा कर संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

संस्था द्वारा इन बोतलों को पॉलीब्रिक्स की तरह इस्तेमाल करके कोई भी बेंच इत्यादि बनाया जाता है। संस्था की अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि संस्था सभी से आग्रह करती है कि अपने घरों में गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखें तथा जो भी खाली रैपर्स घर में आते हैं उनको प्लास्टिक की खाली बोतलों में भरकर हम इन पाली ब्रिक्स को ईंट की जगह इस्तेमाल करके पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। जब कभी भी हमारे आसपास कोई छोटा फंक्शन होता है तो हम पानी की खाली बोतलों को यहां वहां फंक देते हैं तथा बाद में स्लम एरिया के बच्चे इन बोतलों व प्लास्टिक को एकत्रित करने के लिए आते हैं।

ये बच्चे प्लास्टिक इकट्ठा करने की वजह से स्कूल में नहीं जाते क्योंकि उनको ऐसा करने से पैसे मिलते हैं और ये बच्चे प्लास्टिक इकट्ठा करने में ही अपने आने वाले जीवन का सपना बना लेते हैं जिस वजह से हमारे आसपास बहुत सारे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

अगर हम सब मिलकर इस मुहिम में अपना योगदान दें तो हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है कि अब हमने अपने देश को 2035 तक हमें अपने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना है प्रधानमंत्री के इस सपने में हम भी अपनी भागीदारी पर्यावरण संरक्षण कर निभा सकते हैं।

**आयोजन** डिग्री कॉलेज राजगढ़ में अगले सत्र से आरंभ होंगी एमए की कक्षाएं : हर्षवर्धन चौहान

# राजगढ़ बैसाखी मेले का दर्जा बढ़ाकर किया राज्यस्तरीय

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेला धूमधाम के साथ संपन हुआ। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में उद्योग, श्रम एवं रोजगार, संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्वलित करके शुंभारंभ किया तथा मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

इस मौके पर एसडीएम राजगढ़ और नगर पंचायत राजगढ़ की अध्यक्ष ज्योति साहनी ने उद्योग मंत्री, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक रीना कश्यप, पूर्व जिप अध्यक्ष दयाल प्यारी, एपीएमसी अध्यक्ष सीताराम शर्मा, निदेशक सहकारी बैंक भारत भूषण, रमेश देसाईक, निहाल रपटा सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में उद्योग मंत्री ने कहा कि राजगढ़ मेले के महत्व को देखते





अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान संबोधित करते हर्षवर्धन (दाएं) कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

हुए इस मेले को अगले वर्ष से राज्य स्तरीय मेले के रूप में मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने डिग्री कॉलेज राजगढ़ में अगले शैक्षणिक सत्र से एक अथवा दो विषय में एमए की कक्षाएं आरंभ करने तथा एचआरटीसी के राजगढ़ सब डिपो को सोलन की बजाए अब नाहन डिपो के अधीन करने की घोषणा की गई।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश मे विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा राजगढ़ में जलशक्ति विभाग का मंडल कार्यालय खोला गया है ताकि इस क्षेत्र में लोगों को पानी की बेहतरीन व्यवस्था की जा सके।

उन्होने लोगों को मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेले और त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के संवाहक है, जिनके आयोजन से जहां लोगों को आपस में मिलने-जुलने, विचारों के आदान प्रदान का मौका मिलता है, वहीं पर लोगों में आपसी प्रेम, पारस्परिक सहयोग, भाईचारा की भावना उत्पन्न होती है जिससे राष्ट्र की एकता और अखंडता को बल मिलता है। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि मेले की प्राचीन गरिमा को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कहा कि ऐसे आयोजनों से प्रदेश की समृद्ध संस्कृति का संबर्धन होता है। इससे पहले एसडीएम राजगढ़ एवं अध्यक्ष मेला समिति राजकुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि सहित मेले में आए लोगों का स्वागत किया और मेले के आयोजन बारे विस्तार से जानकारी दी ।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर स्थानीय विधायक रीना कश्यप, पूर्व जिप अध्यक्ष दयाल प्यारी, एपीएमसी अध्यक्ष सीताराम, एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर, डीएसपी वीसी नेगी, तहसीलदार उमेश शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डायमंड लिजेंड टिटियाना बनी क्रिकेट विजेता

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के फ्रेंड्स क्लब शिलाई की तरफ से आयोजित लिजेंड लीग के माध्यम से फ्रेंड्स क्लब शिलाई ने क्षेत्र के उन तमाम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेलने का मौका प्रदान किया, जिनकी पूर्व के दशकों में क्रिकेट के क्षेत्र में अहम भूमिका रही। इसमें जैसे मुख्यत: टाइगर लिजेंड शिलाई, गोल्डन लिजेंड शिलाई, डायमंड लिजेंड टिटियाना, शाइन स्टार लिजेंड कफोटा, लाधी लिजेंड, पनोग लिजेंड, शमहा लिजेंड, पीसीसी लिजेंड हरिपुरधार, राणा किंग स्टार लिजेंड धार, एक्स लिजेंड शिलाई, नाया लिजेंड इत्यादि शामिल हुए।

**फ्रेंड्स क्लब शिलाई ने किया लिजेंड क्रिकेट लीग का आयोजन**

प्रतियोगिता का सबसे बड़ा उद्देश्य और ध्येय यही था कि ऐसे पूर्व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फिर से खेल के लिए मंच दिया जाएं, जो अपने व्यस्तम दिनचर्या के बावजूद भी नशे से दूर रहकर खेल के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखते हैं। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ के मुख्यातिथि रहे सिरमौर जिले के मार्केटिंग कमेटी के अध्यक्ष सीताराम शर्मा और समापन समारोह के मुख्यातिथि जिला सिरमौर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप राणा जो हमेशा ही खेल के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने और सहयोग करने का हरसंभव प्रयास करते हैं, साथ ही फ्रेंड्स क्लब शिलाई के अध्यक्ष विरेंद्र नेगी और महासचिव तपेन्द्र नेगी ने फ्रेंड्स क्लब शिलाई के सभी सदस्यों,और खिलाड़ियों को भाग लेने और सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।



विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ।

प्रतियोगिता की विजेता रही डायमंड लिजेंड टिटियाना और उपविजेता रही शमहा लिजेंड जिसमें कि रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें मेन आफ द मैच डायमंड क्लब टिटियाना के बेहतरीन बल्लेबाज कुलदीप, बेस्ट फील्डर सुनील शर्मा को सम्मानित किया गया। इस तरह सिरमौर जिले में प्रथम लिजेंड प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ और क्षेत्र समाज में ऐसे सराहनीय आयोजन के लिए स्थानीय जनता और क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, स्पोंसर्स एवं सम्मानित हस्तियों का भी भरपूर सहयोग एवं मार्गदर्शन फ्रेंड्स क्लब शिलाई को मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यावरण एवं नगर सौंदर्यीकरण पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की पर्यावरण एवं नगर सौंदर्यीकरण समिति की पहली बैठक बुधवार को गुरप्रीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जसबीर सिंह (वरिष्ठ उप महापौर), महेशइंद्र सिंह, जसमनप्रीत सिंह, हरदीप सिंह, प्रेम लता, जसबीर सिंह, उमेश घई सहित अन्य समिति सदस्यों के साथ नगर निगम चंडीगढ़ के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

करनाल में ओवरलोडेड दो वाहन किए गए जब्त

### माइनिंग टीम ने वाहनों को चेकिंग कर किया सीज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के विरुद्ध कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग द्वारा लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में बताया कि इसी कड़ी में गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की माइनिंग टीम द्वारा करनाल में वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दो ट्रकों को क्षमता से अधिक लोडिंग पाए जाने पर जीपीएस फोटो लेकर खनन विभाग द्वारा सीज किया गया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### बढ़े प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में तीन गुना बढ़ाए गए प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ कांग्रेस ने अब बड़ा मोर्चा खोल दिया है। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंद्र सिंह लक्की ने कहा कि बीजेपी के राज में लगातार शहर की जनता पर कोई न कोई बोझ डाला जा रहा है सीधे तौर पर बोला जाए, तो जेब में डाका डाला जा रहा है। कभी कोलेक्टर रेट में वृद्धि, पानी में 5 सेस, तीन गुणा प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाकर भाजपा ने अपनी जनविरोधी नीति को उजागर किया है। पिछले कई वर्षों से नगर निगम में काबिज रही भाजपा के कुशासन से नगर निगम के वित्तीय हालात से निगम की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है बाबजूद भाजपा जिसकी केंद्र में सरकार है वह नगर निगम के हक का बजट लाना तो दूर प्रशासन से ग्रांट इन ऐड भी ले पा रही है उसका सीधा बोझ शहर की जनता पर टैक्स लगाकर वसूल रही है जिसे कांग्रेस बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगी। लक्की ने कहा कि बढ़ाए गए तीन गुना प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ हम जनआंदोलन चलाएंगे, जो शहर के हर सेक्टर, कॉलोनी ओर गांव तक पहुंचाया जाएगा और भाजपा और प्रशासन को इस तुगलकी फरमान को वापस लेने के लिए मजबूर किया जाएगा।

### आधार आधारित प्रमाणीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूआईडीएआई आरओ, चंडीगढ़ ने बुधवार को सभी पुलिस स्टेशनों के समावेश टीम के सदस्यों के साथ पुलिस मुख्यालय सेक्टर 9 चंडीगढ़ में कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का आयोजन एसएसपी सुश्री कंवरदीप कौर, आईपीएस द्वारा किया गया। बैठक का उद्देश्य पुलिस प्रतिनिधि को आधार में नवीनतम रुझानों से अवगत कराना था और यह बताना था कि कैसे आधार को निवासियों की पहचान सत्यापित करने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। कार्यशाला में लगभग 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें आधार पारिस्थितिकी तंत्र, नियम और विनियम, प्रमाणीकरण मॉड्यूल, आधार नामांकन और अद्यतन के लिए वैध दस्तावेज, 5 और 15 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट और दस्तावेज अपडेट से संबंधित विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। इस अवसर पर जगदीश कुमार ने आधार के सत्यापन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आधार को आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ एम आधार एप्लिकेशन से भी सत्यापित किया जा सकता है। आधार सत्यापन मॉड्यूल पर लाइव डेमो भी दिया गया। सार्वजनिक सेवाओं के त्वरित वितरण में आधार की प्रभावशीलता को दिखाने के लिए डिजी यात्रा और जीवन प्रमाण के उदाहरण दिए गए। उन्होंने आगे बताया कि कोई भी सरकारी या निजी विभाग यूआईडीएआई से लाइसेंस प्राप्त करके आधार आधारित प्रमाणीकरण का उपयोग शुरू कर सकता है। इसके लिए 3 लाख रुपये का मामूली शुल्क देना होगा। हाल ही में यूआईडीएआई ने एक लाख से कम वार्षिक लेनदेन होने पर यह शुल्क माफ कर दिया है।

### लीबिया में नाव पलटी, 11 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया में नाव पलटने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पाकिस्तानी नागरिक थे। यह नाव पूर्वी लीबिया के सिर्ते के निकट हरावा तटरेखा के पास विदेशी प्रवासियों को ले जा रही थी। मारे गए चारों पाकिस्तानी सहित सभी 11 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस दुर्घटना पर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने देश के नागरिकों को ऐसे मौत के जाल में फंसाने के जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सीरिया की राजधानी त्रिपोली में पाकिस्तानी मिशन और विदेश कार्यालय को स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर बचे हुए मृतकों को निकालने के आदेश दिए हैं।

### धनशोधन मामला: हैदराबाद में ईडी की रेड

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई सुराणा समूह और साई सूर्या डेवलपर्स के खिलाफ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमों ने सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली स्थित परिसरों पर छापे मारे हैं। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह जांच उन आरोपों से जुड़ी है, जिनमें कहा कि इन रियल एस्टेट कंपनियों ने समय पर अपनी परियोजनाओं को क्रेताओं को नहीं दिया।

### दिल्ली के द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका स्थित अदालत परिसर में बुधवार को बम की धमकी मिलने के बाद अदालत को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब पौने 11 बजे पीसीआर को कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि द्वारका अदालत को बम की धमकी वाला ईमेल मिला है। उन्होंने बताया कि ईमेल मंगलवार रात करीब नौ बजे मिला था और अदालत के अधिकारियों ने बुधवार सुबह पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने कहा कि 'बम निरोधक दस्ते को घटनास्थल पर भेज दिया गया है और हम गहन जांच कर रहे हैं। अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।'

# जीरकपुर में ज्वेलरी शॉप में लूट

## पिस्तौल की नोक पर दिया वारदात को अंजाम, कैमरा भी तोड़ा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पंजाब के जीरकपुर (मोहाली) स्थित शिव इनक्लेव में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में लूट का मामला सामने आया है। आरोपी पिस्तौल दिखाकर अस्सी हजार की नकदी व चांदी की ज्वेलरी ले जाने में कामयाब रहे हैं। आरोपियों ने शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ने की कोशिश की, लेकिन जल्दबाजी में कामयाब नहीं हो पाए।

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। साथ ही इलाके में सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि वारदात के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। सौरभ ने बताया कि दोपहर सवा तीन बजे दुकान के अंदर दो लड़के उनकी दुकान में दाखिल हुए, जबकि दो बाहर खड़े थे। सभी सरदार लुक में थे, इन्होंने चेहरे कवर किए हुए थे। उन्होंने अपनी रिवाल्वर निकाली, साथ ही कहा कि जो भी सामान उनके पास है, निकालो। आरोपियों में से एक के पास रिवाल्वर थी, एक ने कैमरा तोड़ा। उसके बाद वे अस्सी हजार रुपए सेल व चांदी की ज्वेलरी ले गए। सारी वारदात को करीब दो मिनट में अंजाम दिया। वहीं ऐसा लगता है कि आरोपी पूरी रणनीति से आए थे, उन्हें इस बारे में जानकारी थी।

आरोपियों ने दुकान में अंदर आते ही कहा कि फोन नीचे रख दो और जो भी सामान है, उसे निकाल दो। फिर कहा कि जल्दी करो, वरना गोली मार देंगे। उन्होंने अलमारी खोलने के लिए चाबियां उठाई थी, लेकिन उनसे अलमारी नहीं खुली। परिवार वालों का कहना है कि सामान तो दोबारा बना लेंगे, लेकिन अगर बच्चे की जान चली जाती, तो सब कुछ खत्म हो जाता। परिवार ने कहा कि अब पुलिस से ही उम्मीद है कि यह मामला हल हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### चंडीगढ़ में हेरोइन सप्लाई करती 2 महिलाओं समेत 5 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में 2 महिला समेत 5 नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। ये लोग पाकिस्तान बॉर्डर से हेरोइन लाकर चंडीगढ़ में सप्लाई करते थे, जिसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने इन लोगों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 54.91 ग्राम हेरोइन, 2.04 ग्राम की 5 क्रैक बॉल्स और नकद 45,000 रुपए बरामद किए।

एएनटीएफ के इंचार्ज बलदेव कुमार को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद उनकी अगुवाई में टीम ने सेक्टर 26 बापूधाम से संगीता, रजत को सेक्टर 24 और अजय को सेक्टर 25 से गिरफ्तार किया। इसके अलावा क्राइम ब्रांच ने नवनीत कौर और बलकार सिंह को सेक्टर 53 से गिरफ्तार किया है। जांच पता चला कि आरोपी रजत का साथ विवेक जो फरार चल रहा है वे पाकिस्तान बॉर्डर से हेरोइन लेकर आता था। पुलिस उसकी तलाश में छपेमारी कर रही है, साथ ही आरोपी हेरोइन का ट्राइसिटी में सप्लाई करते थे। पुलिस अब उनका पता लगा रही है आरोपी किन्हें हेरोइन सप्लाई करते थे।

# डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

डिप्टी कमिश्नर-कम-डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने चंडीगढ़ के डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, नगर निगम चंडीगढ़, चंडीगढ़ पुलिस और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (चंडीगढ़ शाखा) के अध्यक्ष के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत एक्शन टेकन रिपोर्ट की प्रस्तुति के साथ हुई, जिसमें 13 मार्च 2023 को आयोजित पिछली बैठक के दौरान अपनाए गए प्रस्तावों पर प्रगति को रेखांकित किया गया। प्रमुख अपडेट में निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों के अधिकारों के चार्टर के अनिवार्य प्रदर्शन का अनुपालन शामिल था। इसके अलावा, सरकारी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल, सेक्टर 16 के चिकित्सा अधीक्षक को संबंधित मामलों में दंड का आकलन करने के लिए जिम्मेदार जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

चंडीगढ़ में क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के कार्यान्वयन की स्थिति का संक्षिप्त विवरण भी साझा किया गया। बताया गया कि सितंबर 2024 तक कुल 599 क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट पंजीकृत किए गए हैं। अप्रैल 2023 से जुलाई 2024 के बीच 31 प्रयोगशाला निरीक्षण किए गए, जिसके परिणामस्वरूप विसंगतियों के कारण दो अस्वीकृतियां हुईं। आयुष चिकित्सकों के पंजीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। यह दोहराया गया कि आयुष चिकित्सकों को भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, विशेष रूप से आयुर्वेदिक क्लीनिक के रूप में पंजीकरण के लिए नए सिरे से आवेदन करना आवश्यक है। यह भी स्पष्ट किया गया कि एलोपैथिक सेवाएं प्रदान करने वाले आयुष द्वारा संचालित क्लीनिक अधिनियम के तहत पंजीकरण के लिए पात्र नहीं होंगे। अस्थायी या टेंट वाले ढांचे से काम करने वाले अनधिकृत चिकित्सकों का मुद्दा भी उठाया गया।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त संचार के मद्देनजर, उपायुक्त ने जिला अधिकारियों को इस तरह की प्रथाओं की गहन जांच करने और जहां भी आवश्यक हो, सख्त कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में जवाबदेही बढ़ाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और रोगी सुरक्षा मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया गया।

# एमसीसी मंडी एवं डे-मार्केट कमेटी की हुई पहली बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नगर निगम चंडीगढ़ की अपनी मंडी एवं डे-मार्केट कमेटी की पहली बैठक बुधवार को लखवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में योगेश ढींगरा, गुरप्रीत सिंह, मनौर एवं नरेश पंचाल सहित अन्य समिति सदस्यों के साथ नगर निगम चंडीगढ़ एवं पंजाब मंडी बोर्ड के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समिति के सदस्यों ने चर्चा की तथा प्रत्येक डे मार्केट साइट के लिए प्रति विक्रेता ब्लॉक की दैनिक दर 100 रुपए (जीएसटी सहित) से संशोधित कर 200 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) करने का निर्णय लिया। इस निर्णय को अनुमोदन के लिए आम सभा को अनुशंसित किया जाएगा।

समिति के सदस्यों ने विक्रेताओं को आवंटित साइटों की संख्या तथा प्रत्येक अपनी मंडी एवं डे-मार्केट में उपस्थित विक्रेताओं की वास्तविक संख्या की नियमित निगरानी करने का निर्णय लिया।

समिति ने प्रवर्तन विभाग को अतिक्रमण अभियान चलाने तथा विक्रेताओं द्वारा अपने ब्लॉकों में इस्तेमाल की जाने वाली रंगीन लाइटों (लाल, हरी, पीली, आदि) तथा रंगीन छतरियों को हटाने का निर्देश दिया। कसमिति ने स्वच्छता विभाग को अपनी मंडी तथा डे मार्केट क्षेत्रों में बंद होने के बाद उचित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्लास्टिक बैग का उपयोग करने वाले विक्रेताओं के चालान जारी करने तथा प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

## आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। बिहार में 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए 'इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट' (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में आयोजित 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपनी तरह के इस पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित बीएलए को संबोधित किया। इस दौरान दोनों चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण की परिकल्पना 4 मार्च, 2025 को आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सम्मेलन के दौरान की गई थी। आयोग ने चुनाव प्रक्रियाओं में बीएलए के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और समय-समय पर निर्वाचन आयोग के जारी किए गए मैनुअल, दिशा-निर्देश और निर्देशों में उल्लेखित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करेगा।

# चंडीगढ़ में तहसील कार्यालयों में कैशलेस होंगे वित्तीय लेन-देन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

डिजिटल इंडिया के लक्ष्यों के अनुरूप एक प्रमुख प्रशासनिक सुधार में, चंडीगढ़ प्रशासन ने घोषणा की है कि 16 अप्रैल से उपपंजीयक और तहसीलदार के कार्यालयों में सभी वित्तीय लेन-देन पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे। इस बदलाव का उद्देश्य पारदर्शिता, परिचालन दक्षता और आम जनता के लिए सेवा वितरण में आसानी को बेहतर बनाना है।

बताई गई तिथि से, पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत सेवाओं का लाभ उठाने वाले नागरिक जैसे दस्तावेज पंजीकरण, प्रमाणित प्रतियों को जारी करना, कमीशन, निरीक्षण शुल्क और कोई अन्य लागू शुल्क, अब काउंटरों पर नकद भुगतान करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे सभी भुगतान अब स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करके विशेष रूप से डिजिटल माध्यमों से पूरे किए जाने चाहिए।

इन भुगतानों को करने के लिए आधिकारिक प्लेटफॉर्म एसएचसीआईएल की ई-स्टांपिंग वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक ई-स्टांप प्रमाणपत्र बना सकते हैं, सुरक्षित भुगतान कर सकते हैं और संबंधित सरकारी कार्यालयों में जमा करने के लिए आवश्यक रसीदें और दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन भुगतान पोर्टल का उपयोग करते समय किसी भी कठिनाई का सामना करने या नई प्रक्रिया पर स्पष्टीकरण के लिए, आवेदक आधिकारिक कार्य घंटों के दौरान उप रजिस्ट्रार के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## देश-विदेश

#### नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया-राहुल पर चार्जशीट का विरोध

# कांग्रेस का देशभर में ईडी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ईडी** ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से जुडे मनी लांड्रिंग केस में मंगलवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल हैं।

इसके विरोध में पार्टी देशभर में ईडी दफ्तरों के बाहर बुधवार को विरोध-प्रदर्शन कर रही है। दिल्ली में पार्टी मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामले की सुनवाई 25 अप्रैल को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में होगी। कोर्ट ने ईडी से मामले की केस डायरी भी मांगी है।



2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने सोनिया, राहुल और उनकी सहयोगी कंपनियों से जुड़े लोगों के खिलाफ इस मामले की शिकायत की थी। 12 अप्रैल, 2025 को जांच के दौरान कुर्क संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की गई। ईडी ने दिल्ली, लखनऊ और मुंबई में 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को कब्जे में लेने को नोटिस जारी किया था।

## मुर्शिदाबाद हिंसा: जांच के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने गठित की समिति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसक घटनाओं को गंभीरता ले लिया है। महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने इन घटनाओं का स्वत: संज्ञान लेते हुए इसकी जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। एनसीडब्ल्यू ने बयान में बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान के मंदिरपारा इलाके में सांप्रदायिक अशांति के दौरान कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं की खबरें सामने आई हैं। हिंसा के कारण सैकड़ों महिलाओं को पलायन करना पड़ा।

# मुर्शिदाबाद में वक्फ विरोध के दौरान हिंसा एक साजिश: ममता

**एजेंसी, कोलकाता**

**कहा- भाजपा, बीएसएफ और केंद्रीय एजेंसियां भी शामिल थीं, बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ होने दी**

**पश्चिम** बंगाल की ममता बनर्जी ने बुधवार को कोलकाता में कहा कि मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, बीएसएफ और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी। बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए।

ममता ने कहा कि मुझे मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में बांग्लादेश के शामिल होने की खबर मिली है। क्या बॉर्डर की सुरक्षा बीएसएफ की भूमिका नहीं है? राज्य सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा नहीं करती है। केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने पीएम मोदी से वक्फ कानून को रोकने और अमित शाह के नेतृत्व वाले गृह मंत्रालय को नियंत्रण में रखने की मांग की। ममता ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से अमित शाह पर नियंत्रण रखने का अनुरोध करूंगी, वह अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ममता ने कहा कि विपक्ष का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस वक्फ हिंसा में शामिल है, अगर हमारे नेता हिंसा में शामिल होते तो उनके घरों पर हमला नहीं होता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कुछ मीडिया संस्थानों को पैसे देकर बंगाल को बदनाम करने के लिए अन्य राज्यों में हुई हिंसा के वीडियो प्रसारित करवा रही है।

## कोर्ट ने पूछा- क्रिश्चियन जेम्स को जेल में 'खतरनाक आरोपी' के साथ क्यों रखा?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने बुधवार को तिहाड़ जेल अधिकारियों से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा कि अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जेल के अंदर एक 'खतरनाक आरोपी' के साथ क्यों रखा गया।

जेम्स ने 7 मार्च को 'सुरक्षा जोखिमों' के कारण जमानत पर बाहर निकलने के बजाय अपनी सजा पूरी करने और भारत छोड़ने की पेशकश की थी। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने इस मुद्दे पर जेल अधिकारियों से 29 अप्रैल तक स्थिति रिपोर्ट मांगी। न्यायाधीश ने कहा खतरनाक आरोपी शाहनवाज के खिलाफ जेल में उसके आचरण के लिए 41 शिकायतें हैं।

## हिंद महासागर में 6.6 तीव्रता का आया भूकंप

**मेलबर्न।** दक्षिण-पश्चिम ऑस्ट्रेलियाई तट से दूर बुधवार को 6.6 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप का केंद्र अल्बानी से 2,069 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में हिंद महासागर में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। संयुक्त ऑस्ट्रेलियाई सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया या अंटार्कटिका के लिए सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

# अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने ट्रंप प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

**एजेंसी, न्यूयॉर्क (अमेरिका)**

अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को 21 वर्षीय भारतीय स्नातक को निर्वासित करने से अस्थायी रूप से रोक दिया है। एफ-1 छात्र वीजा के साथ विस्कॉन्सिन-मैडिसन यूनिवर्सिटी में 2021 से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल कर रहे कृष लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा रद्द कर दिया गया था। अदालती दस्तावेजों में कहा कि इस्सरदासानी नियमित कक्षा में उपस्थित रहता था और उसकी अकादमिक स्थिति भी अच्छी थी। इस्सरदासानी अब अंतिम सेमेस्टर में हैं और 10 मई, 2025 को उसके स्नातक पाठ्यक्रम पूरा होने की संभावना है। 'यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट फॉर द वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ विस्कॉन्सिन' में दायर दस्तावेजों में कहा कि इस्सरदासानी ने 'स्वीकार किया कि देर रात दोस्तों के साथ एक बार से घर लौटते समय अन्य समूह के साथ बहस के कारण उसे 2024 में गिरफ्तार किया था।

# नासिक में दरगाह हटाने के दौरान हिंसा, 21 घायल, 15 हिरासत में



**एजेंसी, नासिक**

**महाराष्ट्र** के नासिक शहर में एक अवैध दरगाह को हटाने के दौरान भीड़ की ओर से किए गए हमले में 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए और तीन पुलिस वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। हिंसा के संबंध में 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब पुलिसकर्मी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई के दौरान सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में स्थिति शांतिपूर्ण है।

## एनआईए की पीएफआई सदस्यों की जमानत के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** केरल के पलक्कड़ में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या मामले में आरोपियों को दी गई जमानत के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को विशेष अदालत या हाईकोर्ट जाने के लिए कहा। केरल हाईकोर्ट ने 2022 में हुई आरएसएस नेता की हत्या के मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 17 सदस्यों को सशर्त जमानत दे दी थी। जमानत के खिलाफ एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने कहा कि यदि जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो हाईकोर्ट को जमानत रद्द करने का अधिकार है।

# सेंसेक्स 309 अंक चढ़कर 77,044 के स्तर पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**सेंसेक्स** में बुधवार को गिरावट के बाद तेजी रही। सेंसेक्स 309 अंक चढ़कर 77,044 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 500 अंक की रिकवरी हुई। निफ्टी में भी 109 अंक की तेजी रही, ये 23,437 के स्तर पर बंद हुआ। दिन के निचले स्तर से इसमें 164 अंक की रिकवरी आई।

सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में तेजी रही। इंडसइंड बैंक के शेयर में सबसे ज्यादा 6.78 फीसदी, एक्सिस बैंक में 3.95 फीसदी और अडाणी पोर्ट्स में 1.81 फीसदी की तेजी रही। मारुति, इंफोसिस और टाटा मोटर्स में 1.50 फीसदी तक की गिरावट रही।



## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड पहली बार 94 हजार पार

**सोने** के दाम ने नया ऑल टाइम हाई बनाया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,477 बकर 94,579 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 93,102 रुपए थी। एक किलो चांदी की कीमत 373 बकर 96,575 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 95,030 रुपए प्रति किलो था।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के 11 सदस्य किए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल, तेंगनौपाल और इंफाल पूर्व एवं इंफाल पश्चिम जिलों से सुरक्षा बलों ने तीन प्रतिबंधित संगठनों के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। प्रतिबंधित संगठन के अधिकतर सदस्यों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। ये लोग कथित तौर पर जबरन वसूली के मामले में संलिप्त थे। केसीपी के चार कार्यकर्ताओं को थौबल जिले के सालुंगफाम ममंग लीकाई से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इनके पास से एक पिस्तौल, मैगजीन, तीन कारतूस और तीन हथगोले बरामद किए गए। पुलिस ने इंफाल पूर्व जिले के वेइथो चिरू से 'सोशलिस्ट रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

# भारत के जैविक खाद्य निर्यात में 35 प्रतिशत का उछाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



वित्त वर्ष में भारत के जैविक खाद्य उत्पादों के निर्यात में 35 प्रतिशत का जोरदार उछाल दर्ज किया गया, जो एक वर्ष में बढ़कर 665.96 मिलियन डॉलर (लगभग 5,700 करोड़ रुपए) हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 494.80 मिलियन डॉलर था।

मात्रा को लेकर अनाज, चाय, मसाले, औषधीय पौधे, तिलहन और प्रोसेस्ड फूड सहित जैविक खाद्य वस्तुओं का निर्यात 2023-24 में 0.26 मिलियन टन से 41 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 0.37 मिलियन टन (एमटी) हो गया। सरकार ने कहा कि यह बढ़ोतरी भारतीय जैविक खाद्य उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है। अमेरिका भारतीय जैविक निर्यात के लिए एक प्रमुख गंतव्य है, जबकि यूरोपीय संघ, कनाडा और यूके भी महत्वपूर्ण बाजार हैं। जैविक चावल और बाजरा का निर्यात वित्त वर्ष 2024 में 86.66 मिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 161.67 मिलियन डॉलर हो गया।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
357




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
12




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 05 | 04 | 01 | 08 |
| 2. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 3. | बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | पंजाब | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 5. | लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 6. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 7. | मुंबई | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 8. | राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## आईपीएल — अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है मुंबई इंडियंस

# मुंबई-हैदराबाद के मैच में बुमराह की फॉर्म पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, मुंबई**

अभी तक आपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही मुंबई इंडियंस की टीम वीरवार को यहां बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

चोटिल होने के कारण तीन महीने बाद वापसी करने वाले बुमराह अभी तक अपनी वैसी लय हासिल नहीं कर पाए हैं, जिसके कारण उन्हें दुनिया का सबसे खतरनाक तेज गेंदबाज माना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपने वापसी मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बुमराह की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में एक नहीं चली और उन्होंने 44 रन लुटाए। बुमराह को अपनी यार्कर पर नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाज करुण नायर ने उन्हें अपने निशाने पर रखा था।



इस 31 वर्षीय तेज गेंदबाज को अब सनराइजर्स के ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों के सामने कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई के लिए अपने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म भी चिंता का विषय बना हुआ है। रोहित अभी तक पांच मैच में 11.20 की औसत से केवल 56 रन बना पाए हैं। मुंबई अभी तक केवल दो मैच जीत पाया है और वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसकी बल्लेबाजी कुछ हद तक सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा पर निर्भर रही है और अगर टीम को अपनी स्थिति में सुधार करना है तो रोहित को बड़ी पारी खेलनी होगी।



रोहित ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है, लेकिन उन्हें बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करना पड़ा है। इसे देखते हुए सनराइजर्स जयदेव उनादकट को अपने अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। सूर्यकुमार अभी तक अपना निर्मम रवैया नहीं अपना पाए हैं, लेकिन तिलक वर्मा ने लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ रिटायर्ड आउट दिए जाने के बाद अपने खेल में सुधार किया है। इसके बाद उन्होंने अगले दो मैच में 29 गेंद पर 56 और 33 गेंद पर 59 रन बनाए। मुंबई के लिए नमन धीर का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा जिन्हें डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करने की भूमिका सौंपी गई है। मुंबई अगर दिल्ली के खिलाफ जीत दर्ज कर पाया तो इसमें उसकी शानदार फील्डिंग का अहम योगदान रहा। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ा होगा। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो उसकी टीम भी संघर्ष कर रही है। उसने भी अभी तक दो मैच जीते हैं लेकिन मुंबई का नेट रन रेट उससे बेहतर है। सनराइजर्स की टीम अभी नौवें स्थान पर है।

सनराइजर्स की टीम अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी बल्लेबाजी पर काफी निर्भर है, लेकिन उसके प्रमुख बल्लेबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे टीम 246 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही। इस मैच में अभिषेक ने 141 रन बनाए थे। इस मैच में सनराइजर्स के बल्लेबाज किशन पर भी निगाह होगी जो अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रही है लेकिन गेंदबाज भी इससे मिलने वाली उछाल का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**सनराइजर्स हैदराबादः** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

# दिल्ली कैपिटल्स को राजस्थान ने दिए शुरुआती झटके

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 32वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। दोनों टीमों ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स के जैक फ्रेजर मैगर्क और अभिषेक पोरेल ओपनिंग करने उतरे। मैगर्क को मात्र 9 रन पर आर्चर ने जायसवाल के हाथों कैच करवाया। उसके बाद करुण नायर बल्लेबाजी करने आए और बिना खाता खोले ही हसरंगा ने उन्हें रनआउट कर दिया। समाचार लिखे जाने तक दिल्ली ने 11 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 87 रन बना लिए थे। अभिषेक पोरेल (43) और कप्तान केएल राहुल (35) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।



# पोमोना शहर ओलंपिक-2028 में करेगा क्रिकेट की मेजबानी

**एजेंसी, दुबई**



दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। यह खेल 128 साल बाद ओलंपिक का हिस्सा बनने जा रहा है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उन्होंने कहा, ''क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा। तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा।'' क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक खेलों का हिस्सा था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### हैरियट डार्ट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को मैच के दौरान डिओडोरेंट लगाने को कहा

**एजेंसी, पेरिस।** ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी हैरियट डार्ट ने चेयर अंपायर से अपनी प्रतिद्वंद्वी को डिओडोरेंट लगाने के लिए कहने के बाद माफी मांगी है। फ्रेंच ओपन की तैयारी की सिलसिले में महत्वपूर्ण क्लेकोर्ट टूर्नामेंट रूएन ओपन के पहले दौर में डार्ट फ्रांसीसी खिलाड़ी लोइस बोइसन से 6-0, 6-3 से हार गई। इस मैच के दौरान छोर बदलते समय डार्ट ने चेयर अंपायर से कहा, ''क्या आप उसे (बोइसन) को डिओडोरेंट लगाने के लिए कह सकते हैं, क्योंकि उससे बहुत बदबू आ रही है।'' उनकी यह बात माइक्रोफोन ने पकड़ ली और उसकी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद डार्ट ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी। उन्होंने कहा, ''यह झल्लाहट में की गई तात्कालिक टिप्पणी थी जिसका मुझे वास्तव में खेद है। मेरे मन में लोइस के लिए बहुत सम्मान है और उसने आज जिस तरह का खेल दिखाया उससे मैं निश्चित रूप से सीख लूंगी।''



### ऋतुराज-उत्कर्षा की खूबसूरत जोड़ी

**नई दिल्ली।** ऋतुराज गायकवाड़ की वाइफ उत्कर्षा पवार हैं, जो काफी खूबसूरत हैं। उत्कर्षा भी ऋतुराज की तरह एक प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं और वह महाराष्ट्र महिला क्रिकेट टीम की ओर से खेल चुकी हैं। वहीं, इन दोनों की तस्वीरों को देख पता चलता है कि दोनों घूमने के काफी शौकीन हैं।



# सुरुचि ने लगातार दूसरे विश्व कप में जीता स्वर्ण, मनु को रजत पदक

**एजेंसी, लीमा (पेरू)**

युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने यहां 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीतकर प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया।

ब्यूनस आयर्स में हाल में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा के झज्जर की निवासी 18 वर्षीय सुरुचि ने 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाकर मनु को 1.3 अंक से पीछे छोड़ा। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता। सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने इस दिन प्रत्येक रंग का एक पदक जीता, जिसमें पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के निशानेबाज सौरभ चौधरी का कांस्य पदक भी शामिल है।



पेरू की राजधानी में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में शानदार प्रदर्शन के कारण भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। उसके बाद चीन का नंबर आता है जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालिफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था जबकि मनु ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था।

# फिनिशर होना कठिन काम है, 30-40 रन को भी अर्द्धशतक मानता हूं: जितेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के फिनिशर जितेश शर्मा ने कहा कि निचले क्रम पर बल्लेबाजी से उनके लिए अपनी पारियों की अहमियत बढ़ गई है और अब वह 30 या 40 के स्कोर को भी अर्द्धशतक मानते हैं। जितेश आईपीएल 2025 में अक्सर छठे नंबर पर उतर रहे हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ कुछ दिन पहले मिली जीत में 19 गेंद में 40 रन बनाए थे।



उन्होंने आरसीबी बोल्ड डायरीज के ताजा एपिसोड में कहा,''अब हर कोई फिनिशर ही है, लेकिन छठे सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है, क्योंकि जब से फिनिशर की भूमिका निभा रहा हूं, मैने अर्द्धशतक नहीं लगाया है। पहले मैं अर्द्धशतक और शतक लगाता था।'' उन्होंने कहा,''कोई भी उपलब्धि हासिल करने पर बल्ला उठाना अच्छा लगता था, लेकिन जब से फिनिशर बना हूं, अर्द्धशतक भी नहीं लगाया।''

उन्होंने कहा,''अब ये स्कोर ही पचास के जैसे हैं। अगर आप 30 गेंद में 60 या 70 रन बना रहे हैं तो यह शतक जैसा है। मैं खुश हूं अगर टीम जीत रही है तो।'' जितेश ने कहा कि विकेटकीपर होने से उन्हें पिच और विरोधी बल्लेबाज को बेहतर समझने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा,''आपका दिमाग थक जाता है। फायदा यह है कि आप वहां से खेल पर नियंत्रण कर सकते हैं। आपको पता चल जाता है कि आपकी टीम के गेंदबाज इस विकेट पर क्या कर सकते हैं। आप दूसरी टीम के बल्लेबाजों को भांप सकते हैं।''

# बार्सिलोना चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में


**एजेंसी, डॉर्टमुंड (जर्मनी)**

**गुइरासी की हैट्रिक गई बेकार**

सेरहौ गुइरासी और बोरुसिया डॉर्टमुंड ने 2025 में वह किया जो कोई और नहीं कर सका। उन्होंने बार्सिलोना को हराया, लेकिन उनका यह प्रयास भी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। गुइरासी ने हैट्रिक बनाई, जिससे डॉर्टमुंड ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में बार्सिलोना पर 3-1 से जीत हासिल की और सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 4-0 से जीत हासिल की थी जो आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुई। ऐसी परिस्थितियों में डॉर्टमुंड के पास मंगलवार को खेले गए मैच में खोने के लिए कुछ नहीं था और उसने शुरू से ही बार्सिलोना पर हमला किया, जिससे मेहमान टीम का संतुलन बिगड़ गया।

गुइरासी ने 11वें, 49वें और 76वें मिनट में गोल किए जबकि बार्सिलोना के फॉरवर्ड रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की कुछ खास नहीं कर पाए। बार्सिलोना ने दूसरे चरण में अपना खाता 56वें मिनट में रेमी बेंसबैनी के आत्मघाती गोल से खोला। सेमीफाइनल में बार्सिलोना का सामना इंटर मिलान या बायर्न म्यूनिख से होगा।



### भारत के नितिन ने एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के नितिन गुप्ता ने बुधवार को सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। गुप्ता ने 20 मिनट 21.51 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के झू निंगहाओ ने 20:21.50 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के शेंग किन लो ने 21:37.88 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। 17 वर्षीय गुप्ता ने पिछले महीने पटना में राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 19:24.48 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



### डेडुरा-पालोमेरो एटीपी टूर पर जीत का स्वाद चखने वाले पहले खिलाड़ी बने

**एजेंसी, म्युनिख।** जर्मनी के 17 साल के डिएगो डेडुरा-पालोमेरो 2008 में जन्मे एटीपी टूर पर मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। डेडुरा-पालोमेरो बीएमडब्ल्यू ओपल के शुरुआती दौर में डेनिस शापोवालोव को पछाड़ने में सफल रहे। शापोवालोव जब मुकाबले में 7-6 (2), 3-0 से पीछे चल रहे थे तब उन्होंने इससे हटने का फैसला किया जिससे डेडुरा-पालोमेरो को जीत मिल गई।

एटीपी ने कहा कि डेडुरा-पालोमेरो से कम उम्र के केवल चार खिलाड़ियों ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की है। इसमें 1984 में 16 वर्षीय बोरिस बेकर भी शामिल हैं। रोमानिया के दीनू पेस्कारिउ ने 1991 में 17 साल की उम्र में जॉन मैकेनरो को हराकर जीत दर्ज की थी। 1991 के बाद यह पहला मामला है जब 17 साल के खिलाड़ी ने एटीपी टूर पर जीत दर्ज की।

डेडुरा-पालोमेरो क्वालीफाइंग मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक से हार कर मुख्य दौर से जगह बनाने की दौड़ से बाहर थे लेकिन गेल मोनफिल्स के हटने के बाद इसमें में जगह मिल गई। आठवीं वरीयता प्राप्त शापोवालोव के खिलाफ जीत के बाद डेडुरा-पालोमेरो दूसरे दौर में जिजो बर्ग्स के खिलाफ खेलेंगे।

## आईपीएल — पंजाब किंग्स से मिली हार के बाद बोले-कप्तान अजिंक्य रहाणे

# स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण जितना छक्के मारना

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में पंजाब किंग्स से मिली हार में उनके बल्लेबाजों में खेल जागरूकता की कमी (परिस्थितियों के अनुसार नहीं खेल पाना) थी और उन्होंने उन्हें याद दिलाया कि टी20 प्रारूप में स्ट्राइक रोटेट करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि छक्के मारना।

कोलकाता को मंगलवार को यहां एक कम स्कोर वाले मैच में 16 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन पर आउट हो गई, लेकिन उसके गेंदबाजों ने कोलकाता की टीम को केवल 95 रन पर ढ़ेर कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह सपाट विकेट नहीं था। इससे गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिल रही थी। हमें उनकी चुनौती का डटकर सामना करने की जरूरत थी। टी20 में कभी-कभी मेडन ओवर जाने से भी नुकसान नहीं होता। इसी तरह से परिस्थितियों के अनुसार 70 या 80 रन का स्ट्राइक रेट भी बुरा नहीं होता।''



**बल्लेबाजों में खेल जागरूकता की कमी**

उन्होंने कहा, ''यह बल्लेबाजी इकाई के रूप में स्ट्राइक रोटेट करने से जुड़ा है। मेरा मानना है कि टी20 क्रिकेट में केवल छक्के मारना सब कुछ नहीं होता। आजकल हम देख रहे हैं कि प्रत्येक बल्लेबाज लंबे शॉट खेलना चाहता है। वह मैदान पर अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करना चाहता है।'' रहाणे ने कहा, ''यह परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने से जुड़ा है। एक बल्लेबाज के रूप में आपके पास खेल के प्रति जागरूकता होनी चाहिए। हमारे बल्लेबाजों में इसका अभाव था।'' रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली, लेकिन उम्मीद जताई कि उनके बल्लेबाज आगे अपने खेल में सुधार करेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं एक कप्तान के रूप में (हार की) जिम्मेदारी लेता हूं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मुझे यकीन है कि सभी खिलाड़ी, विशेषकर बल्लेबाज, अपने खेल के बारे में सोचेंगे और आगामी मैचों में सुधार करेंगे।'' इस बीच पंजाब किंग्स के बल्लेबाज नेहल वढेरा ने कहा कि टीम 111 रन पर ढेर होने के बावजूद जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त थी।

### बार्टलेट की गेंदबाजी वास्तव में सराहनीय

**वढेरा** ने कहा, ''कम स्कोर पर आउट होने के बावजूद हमने अपना आत्मविश्वास नहीं खोया था। हम जानते थे कि हमारे गेंदबाज यहां अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं तथा जिस तरह से युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और अपना पहला मैच खेल रहे (जेवियर) बार्टलेट ने गेंदबाजी की वह वास्तव में सराहनीय है।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज सारा श्रेय गेंदबाजों को जाता है। भले ही हमारे बल्लेबाजों के लिए आज का दिन अच्छा नहीं रहा लेकिन हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में उसकी भरपाई कर दी।''